e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 144

सुविचार
हमें हमेशा बड़े सपने देखने चाहिए, क्योंकि अगर हम उनको देख सकते हैं, तो हम निश्चय ही उनको पूरा भी कर सकते हैं।

प्रभात मंत्र

रविवार
28.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रांची का तापमान
अधिकतम 40°
न्युनतम 24°

विकसित भारत @ 2047 को लेकर दिल्ली में नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की हुई 8वीं बैठक

झारखण्ड को उचित सहयोग प्रदान किया जाए : हेमंत

सीएम ने को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म के सिद्धान्त को धरातल पर उतारने की पीएम से की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची-नई दिल्ली : झारखण्ड में विगत तीन वर्षों में विकास की गति में काफी तेजी आई है। झारखण्ड में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निवेश की असीम संभावनाएं हैं और सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री से आग्रह है कि को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म के सिद्धान्तों को धरातल पर उतारते हुए झारखण्ड को उचित सहयोग प्रदान किया जाय, जिससे विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में झारखण्ड भी अपनी भागीदारी दर्ज करा सके। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद् की 8वीं बैठक में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा विगत वर्षों में राज्य सरकार द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने हेतु महत्वपूर्ण प्रयास किये गये हैं। कहा कि झारखण्ड देश के साथ कंधे से कंधा मिला कर कार्य करने हेतु सदैव तत्पर रहा है एवं रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने एवं झारखण्ड की मूलभूत सरंचना को मजबूत बनाने हेतु सरकार द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार के प्रयासों से निवेशकों में विश्वास बढ़ेगा।

युवाओं को बनाया जा रहा हुनरमंद

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के वंचित वर्गों को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री सारथी योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से आने वाले तीन वर्षों में राज्य के सभी 264 प्रखण्डों में कौशल केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। आर्थिक रूप से कमजोर वैसे युवा, जो कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों में गैर आवासीय व्यवस्था के तहत कौशल प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें घर से प्रशिक्षण केन्द्र तक आने-जाने हेतु प्रति माह 1,000 की राशि डीबीटी के माध्यम से देने का प्रावधान किया गया है।

आवागमन के साधन विकसित करने का हो रहा कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखण्ड में राष्ट्रीय उच्च पथ घनत्व को राष्ट्रीय औसत के बराबर लाने के लिए कुल 08 प्रमुख सड़क कॉरिडोर (1662.50 किमी) को भी चिन्हित किया है। इन राजकीय पथों को राष्ट्रीय उच्च पथों में विकसित किये जाने से राज्य अन्तर्गत उत्तर से दक्षिण एवं पूरब से पश्चिम कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी। साहेबगंज एवं मनिहारी घाट (बिहार) के मध्य गंगा नदी पर निर्माणाधीन उच्च स्तरीय सेतु के तर्ज पर राजमहल एवं मानिकचक (पश्चिम बंगाल) के मध्य गंगा नदी पर उच्च स्तरीय सेतु निर्माण हेतु केंद्र से अनुरोध किया गया है। इस प्रोजेक्ट के लिए हमें केन्द्र सरकार से सहयोग की अपेक्षा है। मुख्यमंत्री ने कहा कॉरिडोर (द्वद्व) होली टूरिस्ट कॉरिडोर एवं (द्वद्वद्व) सेंट्रल कॉरिडोर को चिन्हित कर डीपीआर तैयार किया जा रहा है।

पोषण एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहा कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा स्वस्थ्य झारखण्ड सुखी झारखण्ड के संकल्प के तहत प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के फलस्वरूप राज्य के महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सूचकांको तथा सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। वर्तमान में शिशु मृत्यु दर 25 एवं मातृ मृत्यु दर 56 है। कालाजार उन्मूलन के क्षेत्र में किये गये निरंतर प्रयासों के कारण राज्य के चार जिलों यथा दुमका, गोड्डा, पाकुड़ एवं साहेबगंज में एन्डेमिक प्रखण्डों की संख्या 16 से घटकर 01 रह गई है। दुमका, साहेबगंज तथा गोड्डा जिला में एक भी प्रखण्ड अब एन्डेमिक नहीं है।

महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार गंभीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। राज्य में स्वयं सहायता समूह एवं ग्राम संगठनों में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने में झारखण्ड हमेशा से अग्रणी रहा है। पंचायतों में भी महिलाओं की भागीदारी के मामले में झारखण्ड की गिनती अव्वल राज्यों में की जाती है। महिला सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने हेतु सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना चलाई जा रही है।

राज्य अपने विवेक से ले निर्णय : पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली : नीति आयोग की आठवीं गवर्निंग काउंसिल की शनिवार को हुई बैठक में इस बार पीएम मोदी ने विकसित भारत के रोडमैप को लेकर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए साझा दृष्टिकोण विकसित करने की जरूरत को रेखांकित किया और राज्यों से नागरिकों के सपनों को पूरा करने वाले कार्यक्रमों को पूरा करने में सक्षम वित्तीय रूप से विवेकपूर्ण निर्णय लेने को कहा।

बैठक में जिसमें कई मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। नीति आयोग ने एक ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों से वित्तीय रूप से विवेकपूर्ण निर्णय लेने का आग्रह किया ताकि वित्तीय रूप से मजबूत और नागरिकों के सपनों को पूरा करने वाले कार्यक्रमों को पूरा करने में सक्षम बन सकें। नीति आयोग की बैठक में 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के विकास सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल और उत्तर प्रदेश, असम, झारखंड और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शामिल हो रहे। बिहार, बंगाल, दिल्ली सहित 8 राज्यों के सीएम बैठक से दूर रहे।

11 राज्यों के सीएम ने बैठक में नहीं लिया भाग

क्विक न्यूज

प्रधानमंत्री ने नागरिकों के वॉयसओवर के साथ नई संसद का वीडियो साझा किया

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नागरिकों के वॉयसओवर के साथ नई संसद का वीडियो साझा किया है, जिनमें प्रधानमंत्री के अनुरोध पर नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त किये हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का वॉयसओवर वीडियो भी साझा किया है। प्रधानमंत्री ने अपने ट्विटर हैंडल से वीडियो को रीट्वीट करते हुए कहा, कई लोग #MyParliamentMyPride पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं। बहुत ही भावुक वॉयसओवर के जरिये वे इस बात पर गर्व की भावना व्यक्त कर रहे हैं कि हमारे देश को एक नई संसद मिल रही है, जो लोगों की आकांक्षाओं को और अधिक उत्साह के साथ पूरा करने के लिए काम करती रहेगी। कामना करता हूं कि लोकतंत्र का यह मंदिर भारत के विकास आरेख को मजबूत करता रहे और लाखों लोगों को सशक्त बनाता रहे। #MyParliamentMyPride।

वैश्विक फार्मेसी के लिए गुणवत्ता व किफायती निर्माण पर हो जोर : मांडविया

नई दिल्ली : केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने फार्मा एवं चिकित्सा उपकरण क्षेत्र पर 8वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को फार्मास्युटिकल उद्योग के प्रमुख कार्यकारी अधिकारियों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की। डॉ. मांडविया ने कहा कि इस उद्योग में तेजी से प्रगति हो रही है और वैश्विक फार्मेसी के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए हमें अनुसंधान और नवाचार पर अधिक ध्यान देना होगा, साथ ही गुणवत्ता एवं किफायती निर्माण पर भी जोर देना होगा। डॉ. मंडाविया ने हितधारकों से मौजूदा अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के साथ-साथ आगामी औषध पार्कों के रूप में पर्याप्त निवेश से उपयोगी परिणाम मिल रहे हैं।

मणिपुर सरकार ने इंटरनेट पर रोक 31 मई तक बढ़ाई

इंफाल : हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच मणिपुर सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अफवाहों और वीडियो, फोटो और संदेशों के प्रसार को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाओं का निलंबन शनिवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दिया। मणिपुर के गृह आयुक्त एच. ज्ञान प्रकाश ने 31 मई तक इंटरनेट सेवाओं के निलंबन को बढ़ाते हुए एक अधिसूचना में कहा कि मणिपुर के पुलिस महानिदेशक ने बताया कि अभी भी घरों और परिसरों में आगजनी जैसी घटनाओं की खबरें आ रही हैं। आदेश में कहा गया है, इस बात की आशंका है कि कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया का बड़े पैमाने पर तस्वीरों, अभद्र भाषा और नफरत भरे वीडियो संदेशों के प्रसारण के लिए उपयोग कर सकते हैं, जो जनता के जुनून को भड़काते हैं और राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय लड़ाई को मजबूत कर जी-20 एजेंडे को और गति दी जाएगी

ऋषिकेश : ऋषिकेश और नरेंद्र नगर में 25 मई से तीन दिन तक जी-20 की बैठक में एसेट रिकवरी, भगोड़े आर्थिक अपराधियों, सूचना साझा करने के लिए सहयोग के औपचारिक और अनौपचारिक चैनलों, भ्रष्टाचार से निपटने के लिए संस्थागत ढांचे और आपसी कानूनी सहायता से संबंधित कई प्रमुख विषयों और क्षेत्रों पर गहन और उत्पादक विचार-विमर्श हुआ है। इसमें मंथन के बाद यह तय किया गया कि एंटी-करप्शन वर्किंग ग्रुप की तीसरी बैठक आगामी 9 से 11 अगस्त 2023 को कोलकाता में की जाएगी।

कर्नाटक : 24 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

एजेंसी

बेंगलुरु : कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने शुक्रवार को 24 मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देते हुए कैबिनेट विस्तार की प्रक्रिया पूरी कर ली। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, नामधारी रेड्डी समुदाय से गडग जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एच. के. पाटिल, बेंगलुरु में हेब्बल सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले कृष्णा बायरे गौड़ा, मांड्या जिले से एन. चेलुवारायस्वामी, मैसूरु जिले से के. वेंकटेश और चिक्कबल्लपुरा जिले से डॉ. एम.सी. सुधाकर को मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। सभी वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। दूसरी सूची में छह लिंगायत, चार वोक्कालिगा, पांच ओबीसी, तीन एससी, दो एसटी के साथ ब्राह्मण, मुस्लिम, जैन और रेड्डी समुदाय से एक-एक विधायक को कैबिनेट में जगह दी गई है। लिंगायत समुदाय की सभी उप-जातियों को ध्यान में रखा गया है और आठ विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। वोक्कालिगाओं को डिप्टी सीएम के पद सहित पांच स्थान मिले हैं। वहीं, दलितों को नौ कैबिनेट सीट मिली है।

सिद्दरमैया और कांग्रेस ने सत्ता में क्षेत्रवार और सामुदायिक आधार को संतुलित करने की कोशिश की है। कित्तूर और कल्याण कर्नाटक क्षेत्रों सहित उत्तर कर्नाटक, राज्य के मध्य क्षेत्र और मैसूरु क्षेत्रों को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। बता दें, सिद्दरमैया और शिवकुमार दोनों पिछले तीन दिनों से दिल्ली में थे और उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ कई दौर की चर्चा की थी। सिद्दरमैया, शिवकुमार और कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल और रणदीप सुरजेवाला सहित शीर्ष केंद्रीय नेताओं के बीच घंटों की गहन चर्चा के बाद 24 विधायकों के नाम तय किए गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी ने सूची को अंतिम रूप दिया।

टीपीसी का एरिया कमांडर सहित तीन उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार

राहुल सिंह @ प्रभात मंत्र

टंडवा : चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि पिपरवार थाना अंतर्गत पूर्णाडी कोल परियोजना के कोल व्यवसायियों में भय व्याप्त करने एवं मैथन पावर लिमिटेड के विनोद गिरि पर गोली चलाने वाले टीपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर अभय उर्फ छोटन तूरी सहित तीन उग्रवादी को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। विगत 6 मई को पिपरवार थाना अंतर्गत पूर्णाडी कोल परियोजना स्थित कांटा घर एक के समीप मोटरसाइकिल सवार अज्ञात 3 व्यक्तियों के द्वारा रंगदारी स्वरूप लेवी की वसूली करने तथा कोल व्यवसायियों में भय व्याप्त करने के उद्देश्य से मैथन पावर लिमिटेड के विनोद कुमार गिरी को गोली मारकर जख्मी कर दिया था। इस संदर्भ में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध पिपरवार थाना में मामला दर्ज किया गया था। उक्त घटना के उपरांत कांड का उद्भेदन करने हेतु चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा शंभू सिंह के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने घटना में संलिप्त टीपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर अभय उर्फ छोटन तूरी सहित 3 को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के पास से मेड इन इटली 30 एमएम का एक पीस पिस्टल, मेड इन यूएसए 9 एमएम का एक पीस पिस्टल सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है।

लेवी के 50 हजार रुपए के साथ टीपीसी के दो सदस्य गिरफ्तार

पंडवा (पलामू): पड़वा थाना अन्तर्गत मधुरी जंगल के पास से लेवी के पैसे लेने जा रहे दो टीपीसी नक्सली संगठन के सदस्यों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टीपीसी के दो सदस्य मधुरी जंगल के पास लेवी का पैसा वसूली कर आ रहे हैं।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नकुल सिंह पिता चनारिक सिंह ग्राम गरवट थाना मनातु जिला पलामू व सुरेन्द्र सिंह स्वर्गीय ब्रहमदेव सिंह ग्राम सेमरी थाना मनातू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन दोनों के पास से लेवी का 50 हजार रुपया व अन्य सामान बरामद किया।

एनआईए ने जबलपुर में किया आतंकी संगठन आईएसआईएस का खुलासा

एजेंसी

भोपाल : राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को मध्य प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते के साथ एक खुफिया नेतृत्व वाले संयुक्त अभियान में आईएसआईएस से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, जिसमें जबलपुर से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। एनआईए ने 26 और 27 मई को जबलपुर में 13 स्थानों पर रात भर की गई छापेमारी के दौरान गिरफ्तारियां कीं। गिरफ्तार तीनों सैयद ममूर अली, मोहम्मद आदिल खान और मोहम्मद शाहिद को भोपाल में एनआईए की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। केंद्रीय एजेंसी ने धारदार हथियार, गोला-बारूद, आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं। एनआईए ने 24 मई को मोहम्मद आदिल खान की कथित आईएसआईएस समर्थक गतिविधियों की जांच के दौरान मामला दर्ज किया था, जो पिछले साल अगस्त में एजेंसी के निशाने पर आया था। उस पर

और उसके सहयोगियों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ-साथ जमीनी दावा कार्यक्रमों के माध्यम से आईएसआईएस के प्रचार प्रसार में शामिल होने का आरोप है। गतिविधियों को आईएसआईएस के लिए भारत में हिंसक आतंकी हमले शुरू करने के इरादे से अंजाम दिया गया था। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि मॉड्यूल स्थानीय मस्जिदों और घरों में बैठकें/दार करता था और देश में आतंक फैलाने की साजिश रचता था। आदिल युवाओं को आईएसआईएस में शामिल करने के लिए प्रेरित करने और भर्ती करने के लिए कई यूट्यूब, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप चैनल भी चला रहा था। जांच से पता चला कि शाहिद ने भारत में हिंसक हमलों के लिए पिस्तौल, आईईडी और यहां तक कि ग्रेनेड सहित हथियार खरीदने की भी योजना बनाई थी।

आपत्तिजनक बयान को लेकर खड़गे व केजरीवाल के खिलाफ शिकायत दर्ज

एजेंसी

नई दिल्ली: नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है. इस मामले में आपत्तिजनक बयानबाजी करने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक नए विवाद में घिर गए हैं. केजरीवाल और खड़गे समेत कुछ अन्य नेताओं पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जाति का जिक्र करते हुए भड़काऊ बयान देने के आरोप में इनके खिलाफ नई दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में आईपीसी की धारा 121, 153ए, 505 और 34 के अंतर्गत शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में कहा गया है कि राजनीतिक फायदे के लिए केजरीवाल और खड़गे ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के आयोजन पर बात करते हुए ऐसे बयान दे दिए जिसने दो समुदायों-समूहों के खिलाफ दुश्मनी पैदा होने और भारत सरकार के खिलाफ अविश्वास पैदा होने का खतरा है.

मल्लिकार्जुन खड़गे ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निमंत्रण नहीं दिए जाने को लेकर चार ट्वीट कर सरकार को घेरते हुए कहा था कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार दलित और जनजातीय समुदायों से राष्ट्रपति केवल चुनावी वजहों से बनाती है.

25 लाख की लागत से बनेगा पीसीसी पथ, होगा गांव का विकास : पुष्पा देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

नौडीहा बाजार (पलामू) : पलामू जिले के नौडीहा बाजार के तरीडीह पंचायत के रसीदा ग्राम मे आज छतरपुर -पाटन के लोकप्रिये विधायक पुष्पा देवी ने आज जिला योजना अनाबध्द मद की राशि से अजय राय के घर से बजरंग बली मंदिर तक एक हज़ार पाँच सौ पचहतर फिट का आधारशिला वैदिक मंत्रोचारण के पश्चात नारियल तोड़कर किया गया। उक्त मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने उपस्थित ग्रामीणों के सम्बोधन करते हुए कहा कि मैं आप सबों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हूँ, अगर किसी प्रकार के देवतुल्य जनता जनार्दन की समस्या है तो सीधे मुझे से संपर्क करें मैं उनकी हर संभव मदद करेंगे। वहीं पर पूर्व सांसद मनोज कुमार भुईयां ने कहा कि हमारे लिए असली पूंजी जनता ही हैं इसलिए जनता के सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहूँगा। साथ ही विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद मनोज कुमार ने गांव के ही बजरंग बली के मंदिर पूजा अर्चना कर खुशहाली जीवनयापन, सुख समृद्धि के मन्नत मांगी। मौके पर छतरपुर विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार गुप्ता, नौडीहा प्रतिनिधि मनोज कुमार भुईयां, लखन राय, शिव भुईयां, विवेक राय, मनोज राय, आकाश राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

विधायक ने हरिहरगंज में डिग्री कालेज खोलने का किया मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में डिग्री कालेज की स्थापना करने की मांग की है। शिक्षा मंत्री भारत सरकार को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि झारखंड प्रदेश के पलामू जिला अंतर्गत हरिहरगंज प्रखंड सामाजिक, आर्थिक, एवं शैक्षणिक दृष्टिकोण से काफी पिछड़ा हुआ है । हरिहरगंज प्रखंड के 30 किमी की परिधि में एक भी स्नातक डिग्री महाविद्यालय नहीं होने के कारण यहां के आर्थिक दृष्टि से पिछड़े छात्र-छात्राऐं उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि हरिहरगंज प्रखंड के विद्यार्थियों को आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने की वजह से 50 किमी दूर हुसैनाबाद, छतरपुर व 80 किमी दूर मेदिनीनगर जाना मुश्किल होता है। कुछ छात्र किसी तरह उच्च शिक्षा प्राप्त कर लेते हैं। किंतु छात्राऐं उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। विधायक श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने कई बार हरिहरगंज में डिग्री कालेज की स्थापना करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज में उच्च शिक्षा के लिए उन्हें जो भी करना होगा करने को तैयार हैं। जिससे हरिहरगंज क्षेत्र के गरीब बच्चें और बच्चियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।

रामगढ़ पुलिस ने कुर्की वारंट के खिलाफ विशेष अभियान चलाया

चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता): लंबित वारंट और कुर्की के खिलाफ रामगढ़ थाना पुलिस चलाएगी विशेष अभियान, थाना प्रभारी ने दी जानकारी। रामगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रभात रंजन रॉय ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यालय के आदेश अनुसार रामगढ़ थाना अंतर्गत लंबित पड़े सभी वारंट और कुर्की को लेकर विशेष अभियान चला कर इसे खत्म किया जाएगा। इसका तामिला कराने हेतु माननीय न्यायलय से आदेश प्राप्त है जिसको लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। लोगो से अपील है की जो भी लोग पुराने लिस्ट में है और जिनकी खिलाफ भी वारंट और कुर्की की करवाई पेंडिंग है वह सक्षम न्यालय के समक्ष आत्मसमर्पण करे या फिर थाना में आकर आत्मसमर्पण करे अनयथा अग्रतर पुलिस करवाई करेगी।

आंधी तूफान चलने से गिरा पलाश का पेड़, घटना स्थल पर हुई एक व्यक्ति की मौत

नौडीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पंचायत के जोलहखाफ निवासी बबन साव ने अपना खेत देखकर सड़क से अपना घर गुजर रहा था, घर गुजरने के क्रम अचानक सड़क किनारे लगी हुई तेज़ आंधी तूफान मे पलाश की पेड़ बबन साव के माथे पर गिर गई जिससे बबन साव की मौत घटना स्थल पर हो गया ।घटना के जानकारी मिलते ही पंचायत समिति के पुत्र संतोष कुमार साव ने तत्काल पहुँच कर थाना प्रभारी नौडीहा बाजार के दूरभाष के माध्यम से घटना की जानकारी दिया ।थाना अमन कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घटना के बारे मे जानकारी लिया और शव को अपने कब्ज़ा ले लिया ।समाचार लिखें जाने शव को पोस्टर्माटम के सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया गया है।यह घटना करीब शुक्रवार की 5:30 बजे की है। पोस्मार्टम के पश्चात का परिजनों के सौंप दी गई।

राजहरा कोलियरी से कोयला उत्पादन करे प्रबंधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पंडवा (पलामू) : एचएमकेपी जिलाध्यक्ष प्रमोद सोनी ने कहा आखिरकार सीसीएल प्रबंधन राजहरा कोलियरी से कोयला उत्खनन कब शुरू करेगी। पलामू जिले अंतर्गत एचएमएकपी के जिलाध्यक्ष प्रमोद सोनी ने शनिवार को पंडवा में कहा की आखिरकार सीसीएल प्रबंधन राजहरा कोलियरी से कोयले का उत्खनन कब शुरू करेगी। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा की दस से पंद्रह वर्षो से सीसीएल प्रबंधन द्वारा कोलियरी से केवल पानी बहाया जा रहा है कोयले का उत्खनन एक छटाक भी नही हो रहा है। आखिरकार सीसीएल प्रबंधन राजहरा कोलियरी से कब उत्खनन कार्य शुरू करेगा। उन्होंने बताया की अगर सीसीएल प्रबंधन द्वारा इस वर्ष कोयले का उत्खनन शुरू नही किया जाएगा तो मजदूरों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।ऐसे में राजहरा माइंस खुल जाएं तो कोयला उत्पादन के मामले में पलामू झारखंड का दूसरा कोयालंचल क्षेत्र बन जाएगा। सीसीएल सूत्रों की माने तो राजहरा कोलियरी क्षेत्र में 820 लाख टन कोयले का अकूत भंडार है। इसमें सीएमपीडीआई ने सीसीएल राजहरा को 500 लाख टन कोयला उत्पादन करने की अनुमति दे रखी है। कोयले के सीम की मोटाई 40 फिट तक है। साथ ही उच्च क्वालिटी का कोयला है। लगातार उत्पादन हो तो 50 से 100 वर्षो तक निर्बाध रूप से कोयले का उत्पादन हो सकता है। बावजूद कभी डीजीएमएस, कभी पर्यावरण विभाग तो कभी अंचल स्तरीय पर्यावरण क्लीयरेंस के कारण उत्पादन शुरू नहीं हो सका है।

प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

डंडई, गढ़वा : प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को जीपीडीपी अंतर्गत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, अंचल अधिकारी चोनाराम हेम्ब्रम, प्रखंड प्रमुख कांति देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष मो कयामुद्दीन उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने जन योजना अभियान के अंतर्गत सभी योजनाओं को समेकन करने के लिए पंचायतों के सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिया। प्रशिक्षण सत्र में सभी विभागीय पदाधिकारी, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, लेखा लिपिक सह कंप्युटर ऑपरेटर सहित ग्राम पंचायत जरही, तसरार, झोतर एवं पचौर को जीपीडीपी के अंतर्गत केन्द्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का समेकन हेतू प्रारूप के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही अनाबद्ध मद की राशि के थीम से 50 प्रतिशत योजनाओं को चयन करने हेतु बताया गया। साथ ही 9 थीम में कम से कम एक और अधिक से अधिक 2 थीम लेना अनिवार्य बताया गया। तभी प्लान ईग्रामस्वराज पर प्रविष्टि की जाएगी। मौके पर प्रशिक्षक सह पंचायत राज स्वशासन परिषद के प्रखंड समन्वयक अमित द्विवेदी एवं लेखलिपिक कुमार आनन्दी के द्वारा जीपीडीपी के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड समन्वयकअमित कुमार द्विवेदी, जरही पंचायत के मुखिया महेंद्र चौधरी, झोतर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विष्णु देव यादव, पचोर पंचायत के मुखिया सरिता कुमारी सिंह ,पंचायत सेवक सुनील कुमार, पंचायत सेवक राजकुमार, मुनी देवी, किरण देवी, सुनीता देवी सरिता देवी ,बीरबल सिंह, संतोष सिंह, जितेंद्र ,लव चौधरी, सुदर्शन राम, सीमा देवी ,एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

दो टेंपो की टक्कर में 5 व्यक्ति घायल

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): दो टेंपो के टक्कर में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार नावा बाजार थाना क्षेत्र के कंडा गांव निवासी राजेश कुमार मेहता और गणेश मेहता शुक्रवार की शाम 7:00 बजे अपने घर से टेंपो पर सवार होकर तिलक चढ़ाने के लिए पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम हिसरा बरवाडी जा रहे थे। तभी रास्ते में हिसरा बरवाडी हाई स्कूल के पास उनकी टेंपो की टक्कर दूसरे टेंपो से हो गई जिसमें टेंपो पर सवार गणेश मेहता, राजेश मेहता सहित अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जहां इलाज के बाद भी गणेश मेहता की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बाकी अन्य चार को हल्की फुल्की चोट लगी है।

पलामू कांग्रेस ने पंडित नेहरू की पुण्यतिथि मनाई

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी की 59 मी पुण्यतिथि मनाई। इसे लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा की गई। इसमें वक्ताओं ने पंडित नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा में 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी प्रदेश प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण तिवारी मिथिलेश कुमार सिंह जितेंद्र कमलापुरी रिजवान खान सत्येंद्र सिंह हर्ष साहनी साकेत सिंह जाहिद खान रविंद्र कुमार कौशल पासवान विकास पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

अंतिम व्यक्ति तक विधिक सेवा, योजनाओं को पहूँचाना विधिक कैम्प का उद्देश्य : एसडीजीएम

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में कैरो प्रखंड कार्यालय में 27 मई शनिवार को मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। एसडीजीएम राजकल्याण अधिवक्ता सुदामा साहू बीडीओ पवन कुमार महतो,सीओ कमलेश कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने ने कहा कि मेगा लिगल इंपावरमेंट कैंप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अंतिम व्यक्ति को विधिक सेवा एवं विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करना है।शिविर में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति निवारण अधिनियम 1989,सेवा का अधिकार अधिनियम के साथ साथ अन्य कानूनी जानकारी दी गई।कैंप में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया । शिविर में ग्रामिण विकास विभाग,राजस्व विभाग,पेयजल एंव स्वच्छता विभाग,स्वास्थ्य विभाग,पशु पालन विभाग इत्यादि विभाग की ओर से स्टोल लगाया गया।शिविर में ग्रामीण विकास विभाग के ओर से जॉब कार्ड प्रधानमंत्री आवास निर्माण प्रमाण पत्र,समेत कई परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। अंचल कार्यालय की ओर से जाति प्रमाण पत्र,आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तो स्वास्थ्य विभाग की ओर से 45 रोगियों की स्वास्थ्य जांच की गई सा में सुगर जांच के साथ परिवार नियोजन सामग्री वितरण किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अनिल कुमार, जिप सदस्य सुखदेव उरांव, प्रमुख श्रीराम उरांव, उप प्रमुख मधुलिका रानी, बीपीओ, गुहा उरांव, नंदा भगत, पंचम उरांव के साथ इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

बीडीओ ने लंबित पीएम आवास पूर्ण कराने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

पंडवा (पलामू) : लोहड़ा और पंडवा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने शनिवार को स्थल जांच कर लाभुको को दिए आवश्यक निर्देश। पलामू जिले के पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ा और पंडवा पंचायत में पीएम आवास की जांच किए। जांच के दौरान उपस्थित लाभुको को तथा फिर से पीएम आवास को पूरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि पीएम आवास जो लंबित हैं उन सभी आवास को पूरा कराने के लिए प्रत्येक पंचायत में लाभुको से मिलकर जल्द निर्माण करने का निर्देश दिया जा रहा है आवास निर्माण कार्य अधूरा रखने वाले लाभुको की सूची पंचायतवार सभी संबंधित पंचायत सचिव को दिया गया ।बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि पैसा लेने के बाद निर्माण कार्य पूरा करने में लाभुक रुचि ले। इस मौके पर उनके साथ प्रखंड नाजिर संजीव कुमार गुप्ता व लाभुक उपस्थित थे।

बरांव में गाड़ी पार्किंग करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर, पलामू : बरांव में गाड़ी पार्किंग को लेकर हुवे विवाद में 2 पक्षों के बीच मारपीट, चैनपुर थाना में 4 लोगो के खिलाफ मामला हुआ दर्ज। चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव गांव में गाड़ी पार्किंग को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस संदर्भ में पीड़ित बिंदा देवी ने चैनपुर थाना में लिखित आवेदन देकर बताया है की गाड़ी पार्किंग को लेकर उसके साथ और उसकी बेटी के साथ संतू ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, सुनील ठाकुर और संतू ठाकुर के दामाद ने उसके साथ मारपीट की और लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया साथ ही उसके बेटे और बेटी को पटकर घायल कर दिया। इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर चैनपुर थाना में मामला दर्ज किया गया और अनुसंधान किया जा रहा है। उन्होंने ऐसा करने से रोका तो मुंह थप्पड़ मारा। इसके बाद गांव के लोग आए और बचाव किया। उन्होंने ने बताया गांव में रहने वाले किसी भी व्यक्ति से अगर पुलिस पूछे तो सच्चाई का पता चल जाएगा। महिला ने व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि संतू ठाकुर ने उनके बेटा बेटी के साथ मारपीट व गाली-गलौज की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है और अनुसंधान प्रारंभ किया जा रहा है।

आवास निर्माण के लिए नही मिल रहा बालू तत्काल हो वैकल्पिक व्यवस्था : ऋषि

➲कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किया मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : कांग्रेस के बिश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में बालू की किल्लत से प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। आवास निर्माण सहित किसी भी सरकारी योजना हेतु बालू नहीं मिल रहा है। जिसके कारण आम आवाम भी काफी परेशान हैं। श्री पांडेय विश्रामपुर में कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस संबंध मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कांग्रेस के सभी राज्य मंत्रियों सहित प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष को पत्र भी लिखा है। पत्र के माध्यम से आवास सहित सभी सरकारी योजनाओं में तत्काल बालू के वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की है। श्री पांडेय ने कहा कि बालू की कमी के कारण लाभुक आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं करा पा रहे हैं।

लोक अदालत में 106 मामले का निस्तारण, 19 लाख 59 हजार 800 रुपये का मामला सेटल

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के अध्यक्षता में किया गया। लोक अदालत में मामले निस्तारण को लें 10 पीठो का गठन किया गया था। लोक अदालत में सुलह समझौता के आधार पर 106 मामले का निस्तारण किया गया। वहीं 19 लाख 59 हजार 800 रुपये का मामला सेटल हुआ। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि प्री लिटिगेशन के 17 मामले का निस्तारण किया गया।व पांच लाख 52 हजार 60 रुपये का मामला सेटल हुआ। वही कोर्ट में लंबित 89 मामले का निस्तारण किया गया। व 14 लाख 77 हजार 40 रुपए का मामला सेटल हुआ ।एमएसीटी के एक केस में पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने पीड़ित परिवार को सात लाख50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डीजे प्रथम संतोष कुमार, डीजे द्वितीय विनोद कुमार सिंह, सी जे एम निरूपम कुमार, सिविल जज सीनियर डिविजन संदीप निशित बारा, प्रतीक राज न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, श्रीमती रितु कुजुर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, मनोज कुमार रेलवे मजिस्ट्रेट ,कमल नयन पांडेय स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष, विक्रम आनंद कार्यपालक दंडाधिकारी, लोक अदालत में मामले निस्तारण के लिए लगाए गए थे ।वही उनको सहयोग में अधिवक्ता के रूप में अमिताभ चन्द सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, वीना मिश्रा ,शशि भूषण, संतोष कुमार पांडेय, अजय कुमार पांडेय, पुष्कर राज, संजय कुमार सिन्हा , वीर विक्रम बक्सर राय, उत्तम कुमार शामिल किए गए थे। वही एक हेल्प डेस्क का गठन किया गया था जिसमें एल ए डी सी के असिस्टेंट उत्तम कुमार व पीएलभी मुनेश्वर राम लोगों को जानकारी देने के लिये लगाए गए थे।

घर में अचानक आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर खाक

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत अंतर्गत बैजू टोला में सुरेश चौधरी के घर शुक्रवार की रात लगभग 11:00 बजे अचानक आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस संबंध में भुक्तभोगी सुरेश चौधरी ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 11:00 बजे घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सोए हुए थे।तभी घर में अचानक आग लग गई। घर में सोए हुए लोगों को जैसे ही आग की धधक महशूस हुआ तो सभी लोग उठ गए और आसपास के ग्रामीणों को आग बुझाने के लिए इकट्ठा किया।देखते ही देखते आग की लपेट इतनी तेज हो गई कि ग्रामीण आग बुझाने में असफल रहे। इसके बाद इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

निविदा–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR संख्या–297073 द्वारा "Upgradation, Operation, Maintenance and Management (OMM) of 20 LED display board installed in different cities of Jharkhand State" विषय से संबंधित निविदा आमंत्रित की गई थी। अपरिहार्य कारण से उक्त निविदा को रद्द किया जाता है।

PR.NO.298496 IPRD(23-24):D

निदेशक।

कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार।

संशोधित सूचना

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या–05/2023–24 प्रकाशित करायी गयी थी जिसका PR. No 298273 Rural Development (23-24)D है। उक्त निविदा में प्रखण्ड बारियातु के अतिरिक्त प्रखण्ड बालूमाथ एवं हेरहंज के निबंधित संवेदक भाग ले सकते है। निविदा के क्रमांक 06 पर अंकित निविदा खोलने की तिथि 02.06.2023 के अपराहन् 03:30 बजे समझा जाए।

शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता, लातेहार।

PR 298494 Rural Development(23-24)D

कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

(शुद्धि पत्र)

विज्ञापन सं0 PR 297195 Fish (23-24) D के द्वारा एक युनिट मछली–सह–बतख पालन के लिए निर्धारित राशि मो0 153350 का 80 प्रतिशत 12268 रू0 मात्र टंकन भूलवस विज्ञापन प्रकाशित की गई थी। उक्त के स्थान पर 80 प्रतिशत अनुदान की राशि मो0 12268 रू0 मात्र के स्थान पर राशि मो0 122680 रू0 मात्र समक्षा जाय। शेष शर्ते यथावत रहेगी।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 298512 Fish (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.05.2026 को यूनिसेफ एवं पेयजल एंव स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में गोन्दा जलापूर्ति संस्थान से किये जा रहे जलापूर्ति का जल नमुना लेकर राज्य स्तरीय जल जाँच प्रयोगशाला (NABL) में जाँच कराया गया। जिसमें जल नमुना पेयजल के अन्तर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप हैं। जो निम्नवत् है :–

Sample Code :- 230525-SW-A-001

Sl. No.	Test Parameter	Unit	Results	Method	Specification as per BIS-10500:2012 (Second Revision) Amendment - Acceptable Limit	Permissible Limit (In Absence of Alternate source
1	PH	-	7.32	AOGA 23RD Ed2017-4500-H B(Electrometric method)	6.5-8-5	No relaxation
2	Total Dissolved Solids at 180⁰ C	Mg/L max	308	APHA 23RD Ed.2017-2540C (Total Dissolved Solids Dired at 180⁰ C)	500	2000
3	Turbidity	NTU max	4.3	APHA23rd Ed.2017-2130 B, (Nephelometric method)	1	5
4	Colour	Hazan Unit	4	APHA 23rd Ed.2017-2120 B, (Visual Comparison method)	5	15
5	Taste	-	Agreeable	IS 302(Part-7) Taste Threshold	Agreeable	Agreeable

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 298491 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

संक्षिप्त खबरें

रातु प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बने कुशल उरांव

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में राँची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो के द्वारा पत्र देकर बाजपुर पंचायत के पूर्व मुखिया समाजसेवी कुशल उरांव को रातु प्रखंड कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष बनाया गया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कुशल उरांव को अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने भी कुशल उरांव को बधाई और शुभकामनाएं दी।मौके पर कुशल उरांव ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसका मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। कुशल उरांव के अध्यक्ष चुने जाने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के प्रभारी शिव कुमार भगत, अमर उरांव, खलील अंसारी, लाल रमेश नाथ शाहदेव को बनाया गया है।

आदिवासी सेंगल अभियान का भारत बंद 15 जून को

रांची : आदिवासी सेंगल अभियान के अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने सरना धर्म कोड को मान्यता देने सहित कई मांगों को लेकर 15 जून भारत बंद का की घोषणा की है। सरना समिति के सदस्यों और आदिवासी समाज के साथ बैठक करने के बाद आदिवासी सेंगल अभियान के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा कि भारत बंद के बाद 30 जून विश्व सरना धर्म जनसभा का आयोजन कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में किया जाएगा। इसमें पांच लाख से ज्यादा लोग शामिल होंगे।उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना में जैन धर्म को मानने वालों की संख्या 44 लाख है जबकि आदिवासियों की संख्या 50 लाख। उन्होंने कहा कि गिरिडीह के पारसनाथ में मरांग बुरु पहाड़ आदिवासियों के ईश्वर हैं लेकिन झारखंड सरकार ने पांच जनवरी को भारत सरकार को यह लिखकर दे दिया कि वह पहाड़ जैन धर्म का है, जो कि आदिवासी समाज को अस्वीकार है।

राष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान : भाकपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । भाकपा, माकपा वामदलों की ओर से अल्बर्ट एक्का चौक रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी के पुतला दहन कर 28 मई 2023 को होने वाले संसद भवन के उद्घाटन का विरोध किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ,जिला सचिव अजय कुमार सिंह , सीपीआईएम के एसके राय मौजूद थे। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री अपनी तानाशाही रवैया को अपनाते हुए देश के प्रथम नागरिक आदिवासी महिला राष्टपति को संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर नहीं बुलाकर अपमान किया है। जबकि देश की संसद राष्टपति के आदेश से बंद होता है और खुलता है। संसद के संसद के

अंदर जो भी बिल पास होता है या संसद के अंदर जो भी कानून बनाया जाता है राष्टपति के हस्ताक्षर से लागू होता है । देश के सर्वोच्च पद राष्टपति को उद्घाटन के मौके पर नहीं बुलाकर अपमान किया गया है । इसीलिए देश के 21 राजनीतिक दलों के लोगों ने बहिष्कार किया, उसी के विरोध में शनिवार को पुतला दहन किया गया है । आर एस एस के इशारे पर देश के प्रधानमंत्री काम कर रहे हैं ।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि तानाशाही के कारण देश के लोकतंत्र खतरे में है। संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर सुबह 9ः00 बजे 28 मई को अल्बर्ट एक्का चौक के समक्ष संविधान के पाठ कर संविधान को बचाने के लिए संकल्प लेंगे ।

पुतला दहन कार्यक्रम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह , सीपीआईएम के एसके राय, सीपीआई के इम्तियाज खान , आलोका कुजुर, शुभा कुमारी, राजेंद्र रविदास, सुमन राव ,इरशाद अंसारी ,हसीब अंसारी, धर्मवीर सिंह, मोहम्मद फिरोज ,गुलाम रसूल, रंजू कुमारी श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार दीक्षित, मोहम्मद अनवर राइम ,रमेश महली ,मोहम्मद अमीर राइम, किरन कुमारी,संथाल अनसारी, नीरज सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे ।

केंद्रीय गृह विभाग ने झारखंड पुलिस मुख्यालय से 66 डीएसपी के कैरेक्टर की मांगी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : केंद्रीय गृह विभाग ने झारखंड पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखकर 66 डीएसपी के कैरेक्टर की जानकारी मांगी है। राज्य पुलिस सेवा में दस साल पूरे कर चुके 66 डीएसपी को एमएसीपी का लाभ दिया जायेगा। गृह विभाग का पत्र मिलने के बाद पुलिस मुख्यालय ने जिले के एडीजी वायरलेस, बोकारो और हजारीबाग के डीआईजी, सभी जिले के एसएसपी, एसपी और सभी कमांडेंट से इन सभी डीएसपी के कैरेक्टर की जानकारी मांगी है।

यह जानकारी झारखंड पुलिस मुख्यालय के आईजी एचआर अखिलेश झा ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि 66 डीएसपी के कैरेक्टर की जानकारी एडीजी वायरलेस, डीआईजी, सभी जिले के एसएसपी, एसपी और सभी कमांडेंट से मांगी गई है। जानकारी मिलते ही मामले में नियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इन डीएसपी में ओमप्रकाश तिवारी, विकास आनंद लागूरी, मनीष कुमार, दिलीप खलखो, सुमित कुमार, चंदन कुमार वत्स, संतोष कुमार, प्रमोद कुमार केसरी, नाजीर अख्तर, अनुज उरांव, अभिषेक कुमार, अरविंद कुमार, अमर कुमार पांडे ,पूनम मिंज, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, राजा कुमार मित्रा, दीपक कुमार, जीत वाहन उरांव, कपिंद्र उरांव, प्रकाश सोए, जयदीप लकड़ा, बैजनाथ प्रसाद, नवनीत एंथोनी हेंब्रम, अजीत कुमार विमल, प्रदीप उरांव, मनोज कुमार झा, आनंद ज्योति मिंज, मंगल सिंह जामुदा, धीरेंद्र नारायण बंका, संजीव कुमार बेसरा, पवन कुमार, संदीप भगत, सकील आबिद शम्स, अजीत कुमार सिन्हा, विकास चंद्र श्रीवास्तव, कौसर अली, ज्ञानरंजन, तौकीर आलम, प्रदीप कुमार कच्छप, अमित कुमार कच्छप, अशोक कुमार सिंह, रणवीर सिंह, संजय कुमार, सुदर्शन कुमार आस्तिक, मजरुल होदा, अविनाश कुमार, वचन देव कुजुर और सतीश चंद्र झा, संदीप कुमार गुप्ता, राजकिशोर, नीरज कुमार, मुजीब उर रहमान, श्रद्धा केरकेट्टा, विजय कुमार महतो, सुनील कुमार रजवार, समीर कुमार सवैया, अजीत केरकेट्टा, अरविंद कुमार वर्मा, वेंकटेश्वर रमन, बहामन टूटी, फैज अकरम, आशीष कुमार महली, मनोज कुमार महतो और भूपेंद्र प्रसाद रावत शामिल हैं।

झारखंड के उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा 30 मई को

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड के उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। झारखंड के इन स्कूलों में एडमिशन के लिए आवेदन आना भी शुरु हो गया है। अब तक पूरे राज्यभर से एडमिशन के 40 हजार से ज्यादा आवेदन आ चुकें हैं। पूरे राज्य में अभी फिलहाल 12,146 सीटों पर एडमिशन होने वाला है। इन आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद 30 मई को इन स्कूलों में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा ली जाएगी। प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र जिलावार तैयार किए जाएंगे। सात जून को इस परीक्षा की मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इस मेरिट लिस्ट के आधार पर 12 जून से एडमिशन शुरु हो जाएगा। इस आदेश के अनुसार अब से झारखंड के इन उत्कृष्ट विद्यालयों को सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस के नाम से जाना जाएगा। स्कूली शिक्षा सचिव के रविकुमार ने बताया कि सभी जिलों में ये उत्कृष्ट विद्यालय अलग-अलग नामों से जान जाएंगे। पर सभी जिलों में नाम अलग-अलग रहने से सामंज्सय नहीं बन पा रही थी। इसलिए शिक्षा विभाग की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इन स्कूलों को अब से सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस के नाम से जाना जाएगा। लड़कियों के स्कूल को सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस गर्ल्स के नाम से जाना जाएगा। इसी के साथ ही साथ जिला स्कूलों के नाम के आगे डिस्ट्रिक्ट लिखा हुआ होगा।

राज्य में बिजली संकट को लेकर भाजपा ने कैंडल, घड़ा और ढिबरी के साथ किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : बिजली और पानी संकट को लेकर भाजपा रांची महानगर ने शनिवार को प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन जिला स्कूल मैदान से लेकर कचहरी चौक तक हुआ। इस दौरान सरकार से इस्तीफे की मांग की गई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजपा की महिला कार्यकर्ता भी शामिल हुई। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में कैंडल, घड़ा और ढिबरी ले रखा था। जिला स्कूल से निकलने के बाद यात्रा कचहरी चौक पहुंची। इसका नेतृत्व विधायक सीपी सिंह, महामंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, प्रतुल शाहदेव सहित महानगर के नेता कर रहे थे। इस दौरान कैंडल और ढिबरी जलाकर बिजली समस्या की ओर तथा घड़ा फोड़कर पेयजल संकट

की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। मौके पर भाजपा नेताओं ने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नेताओं ने कहा कि बिजली की संकट सिर्फ राजधानी रांची में ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य में है। हेमंत सोरेन की सरकार बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया नहीं करा पा रही है। अब हालत यह है कि पूरे राज्य में उद्योग धंधों पर संकट आ गया है। यही स्थिति रही तो उद्योग धंधे बंद हो सकते हैं। उद्योग धंधों के बंद होने से लोगों के रोजगार पर भी असर पड़ेगा।

योगा काउंटडाउन के तहत रांची 63वें स्थान पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भारत सरकार ने योगा काउंटडाउन के तहत चुने हुए 100 शहरों में रांची को 63वें स्थान पर चुनकर योग के प्रचार - प्रसार के लिए इसका नेतृत्वा करने की जिम्मेदारी रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, रांची को दिया है। इसमें पहले ग्रुप में (0-12) 12वें वर्ग के छात्र-छात्राएं तथा दूसरे ग्रुप में कोई भी व्यक्ति जो किसी क्षेत्र या स्थान का हो भाग ले सकता है। इससे लोग योग के प्रति जागरूक होंगे, स्वस्थ रहने, तनाव रहित होने, चुस्ती-फुर्ती के साथ सरल व् सशक्त जीवन अपना पाएंगे।

इसके लिए अपने मोबाइल नंबर तथा ईमेल के पते से वेबसाइट (www.rkmranchi.org/competition) पर 30.5.2023 तक नामांकन करा लें, सभी भाग लेने वालों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। जो प्रथम, द्वितीय, तृतीय आयेंगे उन्हें 21.6.2023 को किसी सम्मानित व्यक्ति द्वारा (5000/-, 3000/- एवं 2000/-) सम्मानित किया जायेगा।

भारत की अनुपम योगा के प्रचार-प्रसार हेतु अन्य लोगों को भी बताकर उन्हें अवश्य जोड़े। इस तरह हम मिलकर योग करें तो अपना जीवन नया ढंग से गढ पाएंगे और स्वामी विवेकानन्द के स्वप्न नया भारत गढो को धरती पर उतार लायेंगे।

बरलंगा गांव में तीन दिवसीय भव्य संकीर्तन कार्यक्रम प्रारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। गोला बरलंगा गांव के बांका टोला स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण में शनिवार से तीन दिवसीय अखण्ड (24 पहर) भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी ग्राम वासियों के कल्याण एवं मंगलमय जीवन की कामना के साथ पण्डित मुन्ना पांडेय एवं पण्डित संजय पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना कर संकीर्तन प्रारंभ कराया। संकीर्तन कार्यक्रम में झारखंड एवं बंगाल से कई विभिन्न संकीर्तन मंडली को

आमंत्रित किया गया है। मंदिर के पुजारी मुन्ना पांडेय ने कहा कि संकीर्तन कार्यक्रम के आयोजन से ग्रामीणों के बीच सुख, शांति, समृद्धि और एकजुटता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राधा-कृष्ण की पूजन निरंतर करना चाहिए। भगवान भक्तजनों को बिना कुछ मांगे सब प्रदान करते हैं। भक्ति और आस्था के समन्वय से मानसिक शांति और उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। पंडित संजय पांडेय ने कहा कि भगवान श्री राधा-कृष्ण के आशीर्वाद से भक्तजनों के सभी कार्य इच्छानुसार पूर्ण होते हैं। शनिवार से सोमवार रात्रि तक बरलंगा गांव श्री राधा-कृष्ण की भक्ति से सराबोर रहेगा। आयोजित संकीर्तन कार्यक्रम का समापन मंगलवार पूर्वाह्न को होगा।

पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का चयन ट्रायल संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : 13 वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिए झारखंड टीम का चयन ट्रायल शनिवार को रांची में संपन्न हो गया। ओडिशा के राऊलकेला में 12से 22 जून तक हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है।

इसे लेकर हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल रांची के बरियातू स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम गर्ल्स हाई स्कूल में किया गया। चयन ट्रायल में झारखंड के कई जिला के कई

खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस दौरान कई टीम बनाकर आपस में मैच कराया गया और उनमें से बेहतर 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इन 30 खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे और उनमें से बेहतर 18 खिलाड़ियों को चयनित किया जायेगा।

जो झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में करेंगे। चयन ट्रायल में मुख्य रूप से हॉकी झारखंड के कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा,संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगंन सोय , सीईओ रजनीस कुमार,कोच मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : प्रदेश कांग्रेस ने शनिवार को रांची स्थित कार्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनायी। मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने नेहरू के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के निर्माता थे। आजादी के बाद उन्होंने देश का निर्माण किया। देश में ओद्यौगिकरण, कृषि क्रांति के माध्यम से एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए आधारशिला रखा। उन्होंने ऐसे वक्त पर हिन्दुस्तान का नेतृत्व किया जब देश टूट चुका था। सामाजिक ताना-बाना बिखर चुका था। आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकजुटता में बांधते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू कांग्रेस के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का काम किया। नेहरू के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। नेहरू लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी थे। उनके प्रगतिशील विचारों ने कई चुनौतियों के बावजूद भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास को दृढ़ता से आगे बढ़ाया। इस वक्त में हम उनके पदचिन्हों पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं।

झारखंड कैबिनेट की बैठक 31 मई को

रांची : राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 31 मई को दिनको होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री की हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग में सभी विभागों को पत्र लिखकर प्रस्ताव की मांग की है , जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा।

रांची नगर निगम और गेल के बीच बायो गैस उत्पादन के लिए हुआ एमओयू

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार और गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा रांची शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उददेश्य से गेल इंडिया लिमिटेड और रांची नगर निगम के बीच कचडा से बाँयों गैस उत्पादन के लिए बॉयोगेस प्लांट के निर्माण को लेकर एमओयू साइन किया गया है, जिसके प्रथम चरण का कार्य प्रगति पर है। प्रशासक, रांची नगर निगम, शशि रंजन, के द्वारा झिरी स्थित कंप्रेस्ड बॉयोगैस प्लांट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। प्रशासक, रांची नगर निगम के द्वारा इस परियोजना के

प्रथम चरण के कार्य प्रगति को देखते हुए परियोजना से संबंधित अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता के साथ-साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया गया।

बता दें कि रांची में प्रतिदिन 300 टन ऑर्गेनिक कचड़ा का प्रोसेसिंग कर करीब 10 टन प्रतिदिन कंप्रेस्ड बायोगैस उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। गेल इंडिया लिमिटेड इसके लिए 150-150 टन का दो प्लांट लगाएगा। प्रथम चरण में एक प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए रांची नगर निगम द्वारा झिरों में 08 एकड़ जमीन गेल इंडिया लिमिटेड को उपलब्ध कराया गया है। वहीं दूसरे फेज में अगर जरूरत चही तो नगर निगम अतरिक्त जमीन की भी व्यवस्था करेगा। मौके पर उप प्रशासक रजनीश कुमार सहायक प्रशासक शीतल कुमारी, गेल इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि, नगर प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

रांची में 20 बाइक के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची के तमाड़ पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए चोरी के 20 बाइक के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बुंडू निवासी राकेश अहीर, निलाम्बर महतो और अनुज महतो शामिल है। इनके निशानदेही पर अलग-अलग 20 बाइक बरामद किये गये हैं। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि चोरी की बाइक की घटना को देखते हुए एसडीपीओ अजय कुमार के नेतृत्व

में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने तमाड़ थाना क्षेत्र के भुइयांडीह चौक के पास वाहन चेकिंग प्रारम्भ किया गया। इसी दौरान तमाड़ की ओर से एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें रूकने का इशारा किया। लेकिन बाइक सवार पुलिस को चकमा देकर भागने का प्रयास करने लगे पुलिस टीम ने उन्हें खदेड़कर पकड लिया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति से बाइक के कागजात की मांग करने पर उनके जरिये कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जब पुलिस ने पकड़ाए व्यक्तियों से कड़ाई से पूछताछ की तो उनके जरिये बताया गया कि यह बाइक चोरी की है। इसे बेचने के लिए लेकर जा रहे थे। इसी क्रम में पकड़े गये।

रांची में सात किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

रांची : अरगोड़ा थाना पुलिस ने आंनदपुरी के पास से शनिवार शाम एक गांजा तस्कर को पकड़ा है। इसके पास से सात किलो गांजा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बरामद गांजा का बाजार मूल्य 140000 है।

रांची में यूपीएससी पीटी परीक्षा में 23 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की पीटी परीक्षा रविवार को रांची में भी आयोजित होगी। इसके लिए रांची में 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए लगभग 1000 शिक्षक और 150 पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। डीएवी नंदराज में दृष्टि बाधित परीक्षा केंद्र बनाया गया है। रांची के विभिन्न सेंटरों पर लगभग 23 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों की संख्या 81 है।यूपीएससी की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों सेंटर सुपरिटेंडेंट को आवश्यक निर्देश भी जारी किये गये हैं। यूपीएससी द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। इसके मद्देनजर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में रांची जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें एडीएम, एडीएम

लॉ एंड ऑर्डर, बीडीओ, सीओ समेत जिनकी ड्यूटी परीक्षा में दी गई है, वे पदाधिकारी शामिल थे।

प्रभात मंत्र इंपैक्ट : फर्जी राशन कार्ड निर्गत मामले में दोषियों के विरुद्ध होगा एफआईआर : डीएसओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : फर्जी राशन कार्ड निर्गत मामले की जांच शुरू हो गई है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने प्रभात मंत्र अखबार में 26 मई के अंक में ओबीसी को एससी-एसटी बना निर्गत किया गया फर्जी राशन कार्ड शीर्षक के साथ प्रकाशित खबर को गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश दिया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने एमओ अब्दुल वहाब को मामले की जांच कर अधिकतम तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट देने को कहा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जांच का आदेश देते हुए कहा है कि किस प्रज्ञा केंद्र से ऑनलाइन हुआ है, किस-किस लाभुक का ऑनलाइन हुआ है, किस प्रखंड ऑपरेटर के द्वारा पास किया गया है। इसकी विस्तृत जांच कर रिपोर्ट अधिकतम तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इधर जांच का आदेश होते ही राशन कार्ड फर्जीवाड़े में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा गया है।

ओबीसी को एससी-एसटी बना निर्गत किया गया फर्जी राशन कार्ड

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : ओबीसी को एससी एसटी डिक्लेयर कर फर्जी तरीके से लाल राशन कार्ड निर्गत करने का मामला सामने आया है। जिसमें कंप्यूटर ऑपरेटर की भूमिका संदिग्ध बताया जा रहा है। फर्जी तरीके से ओबीसी ग्रेन कार्ड धारकों को एससी एसटी कैटेगरी में शामिल कर लाल कार्ड निर्गत 2ा प्रखंड में चर्चा का विषय बना हुआ है। मनिकपाड़ा, जमशेरपुर और झिकरहटी सहित कई पंचायतों में सैकड़ों ओबीसी कैटेगरी के ग्रेन कार्ड धारकों को एससी एसटी बनाकर लाल कार्ड निर्गत किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक झिकरहटी पूर्वी पंचायत के मोहनपुर टोला के हजेला बीबी ओबीसी कैटेगरी से आती हैं। लेकिन उन्हें एसटी कैटेगरी का दिखा कर पीला कार्ड निर्गत कर दिया गया है। जिसका राशन कार्ड संख्या 202801007370 है। उक्त लाभुक को तेरान एरकपाड़ी इस्लामपुर से जोड़ा गया है। इसी तरह मनिकपाड़ा गांव के समरीन शेख को एससी कैटेगरी का बनाकर लाल कार्ड निर्गत किया गया है। जबकि समरीन शेख ओबीसी कैटेगरी के आते हैं। उन्हें खेतर सर्पकेरुल इस्लाम के दुकान से जोड़ा गया है। समरीन शेख का राशन कार्ड संख्या 202801023503 है। मनिकपाड़ा गांव के डी मो. शहिद अली को भी एससी कैटेगरी का बना कर लाल कार्ड निर्गत किया गया है। ओबीसी कैटेगरी से आने वाले मो. शहिद अली को बराय दुकानदार अलमखल शेख के दुकान से तैर किया गया है और उनका कार्ड संख्या 202801016675 है। मनिकपाड़ा गांव के डी मेमेन बीबी के साथ भी इसी तरह किया गया है। ओबीसी कैटेगरी से आने वाली मेमेन बीबी को एससी कैटेगरी में दिखाकर लाल कार्ड निर्गत किया गया है। मेमेन बीबी का कार्ड संख्या 202801022987 है। इसी गांव के ओबीसी कैटेगरी में आने वाली सोहिना बीबी को एससी कैटेगरी में दिखाकर लाल कार्ड निर्गत किया गया है। सोहिना बीबी का कार्ड संख्या 202801020099 है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे सैकड़ों लोगों को गलत तरीके से लाल कार्ड निर्गत किया गया है। ओबीसी कैटेगरी में होने के बावजूद उन्हें एससी बनाकर लाल कार्ड दिया गया है। आरोप है कि ओबीसी कैटेगरी में आने वाली झिकरहटी पूर्वी के सिलामपुर की हजेला बीबी को एससी कैटेगरी का दिखा दिया है। नियम अनुसार एससी कैटेगरी के लाभुकों को मुख्यमंत्री डाकिया योजना के तहत राशन घर पहुंचाया जाता है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि कार्ड धारकों को इस बारे की कोई जानकारी नहीं है। बिचौलिया किस के लोग पैसे लेकर विभागीय कर्मियों के सहयोग से फर्जी लाल राशन कार्ड निर्गत किया है। इसमें कंप्यूटर ऑपरेटर की बड़ी भूमिका बताई जा रही है। यहां बात सिर्फ फर्जी तरीके से सरकारी राशन का लाभ लेने का नहीं है, बल्कि कार्डधारी परिवार का भविष्य और उनके बच्चों के भविष्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ भी है। किसी भी सरकारी काम में जरूरत पड़ने पर निर्गत लाल कार्ड उस परिवार के लिए काल बन सकता है। किसी भी सरकारी लाभ के लिए जब भी कार्ड में कैटेगरी की जांच होगी, उस वक्त बहुत बड़ी परेशानी से गुजरना पड़ सकता है। इस फर्जीवाड़े में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत है। वहीं भोलेभाले गरीब लोगों को बचाने की भी आवश्यकता है। यहां बताना जरूरी होगा कि राशन कार्ड निर्गत से पहले वेरिफिकेशन विभाग की जिम्मेवारी है। अगर मान भी लिया जाए कि गलती से हुआ है, तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि गलती एकाध बार होगी, बार बार नहीं यहां सैकड़ों बार गलत तरीके से लाल कार्ड निर्गत होने का अंदेशा है। इसलिए पीडीएस कार्यालय और डीएसओ कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर की भूमिका की जांच जरूरी है। इधर डीएसओ संजय कुमार से उनके मोबाइल पर बार्ता मांगने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। जिस वजह से उनका पक्ष नहीं रखा जो सका। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अब्दुल वहाब ने कहा कि ऑपरेटर की गलती से भी हो सकता है। कार्ड धारी को अपने कार्ड में हुई गलती का संशोधन कर लेना चाहिए।

क्या है मामला :- सदर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के सैंकड़ों लोगों के नाम लाल कार्ड जारी हुआ है। जिसमें सामान्य वर्ग को भी एससी-एसटी या पीवीजीटी कैटेगरी दिखाकर लाल कार्ड निर्गत किया गया है। मणिकापाड़ा, जमशेरपुर, झिकरहटी पूर्वी सहित अन्य पंचायतों में भी इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं।

इसमें ग्रामीण बिचौलिया, प्रज्ञा केंद्र, प्रखंड ऑपरेटर की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। सूत्रों का दावा है कि ग्रामीण बिचौलिया भोले भाले लोगों को प्रलोभन देकर कम से कम समय में लाल कार्ड निर्गत कराने के नाम पर अवैध वसूली किया है। अवैध वसूली में बिचौलिया, प्रज्ञा केंद्र एवं ऑपरेटर के साथ मिले होने की बात भी सूत्र बता रहे हैं। हालांकि मामले की जांच शुरू हो चुकी है। जांच के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

डीएसओ ने कहा :- जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) संजय कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में आने के बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जांच का आदेश दिया गया है।

अधिकतम तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट जमा करने को कहा गया है। इसमें संलिप्त लोगों की पहचान कराई जा रही है। किस प्रज्ञा केंद्र में ऑनलाइन हुआ है और किस प्रखंड ऑपरेटर ने पास किया है, इसकी जांच की जा रही है। कार्डधारी की भूमिका की भी जांच होगी। अगर इसमें कोई अन्य लोग शामिल है, तो उन्हें भी बख्शा नहीं जाएगा।

गुप्ता सूचना पर उपायुक्त राम निवास यादव ने तालझारी के बेकचुरी मौजा में किया औचक छापेमारी

4 क्रशर सहित दर्जनों वाहनों को सीज करने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

साहेबगंज : उपायुक्त राम निवास यादव ने गुप्त सूचना पर शुक्रवार की देर रात ज़िला खनन टास्क फोर्स के साथ तालझारी प्रखंड अंतर्गत बेकचुरी मौजा में औचक छापेमारी की। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें तालझारी प्रखंड के बेगचुरी मौजा में अवैध खनन से संबंधित गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पर रात के लगभग 02 बजे खनन टास्क फोर्स के साथ उन्होंने छापेमारी किया। बताया कि इस इलाके में सील किये गए 04 क्रशरों में 03 को पहले से सील किया गया था एवं 01 पर प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। परंतु निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि चारों क्रशर से अवैध पत्थर खनन का संचालन किया जा रहा है। वहीं माइनिंग क्षेत्र में भी अवैध खनन का कार्य संचालित पाया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 14 हाईवा ट्रक, पांच पोपलेन, दो जेसीबी, 4 डीजी सेट, तीन मोटरसाइकिल को मौके पर जप्त करने का निर्देश दिया। जबकि लगभग 22 लोगों को अवैध खनन संचालन के लिए पकड़ा गया। वही सभी लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। विदित हो कि तीन घंटों की सघन छापामारी के बाद उपायुक्त टास्क फोर्स को कई निर्देश देकर सुबह लगभग 5:30 बजे वापस लौटे।वहीं इसी विषय मे उपायुक्त ने अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि जिले में अवैध पत्थर खनन किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवैध खनन में लिप्त कारोबारियों को सचेत भी किया है तथा कहा है कि जिला प्रशासन की नजर अवैध खनन पर बनी हुई है जिले में जहां भी अवैध खनन की सूचना प्राप्त होगी उन जगहों पर तथा इसमें लिप्त लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस क्रम में उपायुक्त ने कहा की क्षेत्र में चारों क्रशर सील किए गए थे परंतु सील होने के बावजूद क्रशरों का चलना पदाधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने इस संबंध में संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि अवैध के विरुद्ध अपनी पैनी नजर बनाए रखें एवं किसी भी हाल में जिले में अवैध खनन का संचालन न हो यह सुनिश्चित करें।

झलकियां

जल सहियाओं को चार साल से नहीं मिला मानदेय, 29 को देंगी धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : जिले भर में कार्यरत जल सहिया लंबित भुगतान सहित छह सूत्री मांगों के समर्थन में सोमवार को डीसी ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन करेंगी। यह जानकारी जल सहिया कर्मचारी संघ के जिला मंत्री सेलियारा खातून ने दी। उन्होंने बताया कि जल सहिया को पचास महीने यानी चार साल से भी अधिक समय से मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे जल सहियाओं के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसी सिलसिले में 29 मई को उपायुक्त कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे। पूर्व सरकार के द्वारा लागू की गई 1000 रुपए मासिक मानदेय का भुगतान, निर्वाचन से पूर्व घोषित न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय भुगतान, कार्यकाल में मृत्यु पर अनुकंपा का लाभ और 20 लाख का बीमा का प्रावधान, विभाग के रिक्त पदों पर वरीयता एवं योग्यता के आधार पर नियुक्ति में प्राथमिकता और 65 वर्ष की आयु तक सेवा काल का प्रावधान, जल एवं स्वच्छता से संबंधित काम ठेकेदार के बजाय जलसहिया से कराने एवं बकाया प्रोत्साहन राशि तथा शौचालय निर्माण कार्य का प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने की मांगे शामिल है। धरना प्रदर्शन के जरिए उपायुक्त को मांगों से अवगत कराया जाएगा।

फंदे से झूलता मिला विवाहिता का शव

प्रभात मंत्र संवाददाता

साहेबगंज/कोटालपोखर : साहेबगंज जिला के कोटालपोखर थाना क्षेत्र में 21 वर्षीय संजू देवी नामक विवाहिता का शव फंदे से झूलता हुआ बरामद किया गया है द्य मृतक की माता पवित्री देवी पाकुड़ जिला हिरणपुर थाना क्षेत्र के जामबाद गाँव की रहने वाली है, उन्होंने थाने में अपनी बेटी के पति तथा सास-ससुर के खिलाफ हत्या कर शव को फंदे से लटकाने सम्बन्धी शिकायत दर्ज़ कराई है।

अधिकारियों ने रात्रि चौपाल में योजनाओं की दी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़िया : प्रखंड अंतर्गत खजूरडंगाल पंचायत में जिला प्रशासन के निर्देश पर शुक्रवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, सीओ किरण कुमार डांग, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भारत भूषण भगत, बीपीओ जगदीश पंडित, पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित अन्य गण्यमान्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, आपूर्ति सहित अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। वहीं इसका लाभ उठाने हेतू प्रेरित भी किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को कालाजार के प्रति कैंप लगाकर जागरूक किया गया। बेहतर इलाज, खान पान सहित स्वास्थ्य संबंधित अन्यान्य जरूरी सलाह दी गई। इससे संबंधित स्टाल भी लगाया गया था। वहीं रात्रि चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों की शिकायत एवं डिमांड पर उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा त्वरित सुनवाई किया गया।

नक्शे में फेरबदल करने का ग्रामीणों ने विधायक से किया शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता

साहेबगंज : उधवा अंचल अंतर्गत मौजा तलबन्ना में वर्ष 2013-14 के प्रस्तावित एनएच 80 के फोरलेन सड़क निर्माण का नक्शा उधवा चौक से मोहनपुर टूटा पुल तक बनाया गया था । तत्कालीन अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक एवं हल्का कर्मचारी को कई दबंग पूंजीपति भूमाफिया अपने पक्ष में लेकर अपना कीमती जमीन बचाने के लिए अवैध तरीके से नक्शा में फेरबदल कर टेढ़ा मेढ़ा नया नक्शा बनाया है। यह आरोप लगाते हुए उक्त मौजा के रैयतों ने राजमहल विधायक से लिखित शिकायत की है। रैयत अब्दुल हसन ,मोहम्मद सफीक, तसरूल हक, बालम यादव ,मानिक राय, लक्खी देवी एवं कल्पना देवी द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि हमलोग उधवा अंचल अंतर्गत मौजा तलबन्ना के निवासी हैं। गरीब मजदूर तथा भूमिहीन हैं ।आवासीय भूमि के अलावा कोई भी अन्य जमीन नहीं है। उक्त जमीन में किसी तरह से कच्ची पक्की टाटी आदि का घर बनाकर वर्षों से रहते आ रहे हैं। वर्ष 2013-14 में सरकार द्वारा nh80 पर फोरलेन बनाने का प्रस्ताव पारित होने पर विभाग द्वारा उधवा चौक से मोहनपुर टूटा पुल तक वर्तमान स्थित राधानगर थाना भवन के पीछे पूर्व दिशा से जमीन लेकर नक्शा बनाया गया था। जिसमें केवल एक दो घर ही उजड़ने की संभावना थी। सरकार के कार्य का प्रक्रिया चल ही रहा था कि इसी क्रम में क्षेत्र के अमीर दबंग तथा भूमाफिया जमीन के बिचौलिया को इसका जानकारी मिला। उधवा के कुछ संपन्न लोगों ने अपना निजी विद्यालय, पेट्रोल पंप एवं कीमती जमीन बचाने के लिए गोपनीय ढंग से उधवा अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक एवं हल्का कर्मचारी को अपने पक्ष में लेकर पूर्व के प्रस्तावित नक्शा को हटाकर हम गरीब परिवारों का घर होते हुए सड़क बनाने का टेढ़ा मेढ़ा नक्शा पारित कराया। तत्कालीन कर्मचारी मौजा तलबन्ना का मोहम्मद अनवर है। जो मोहम्मद जावेद बिचौलिया के घर में रहता था। मोहम्मद जावेद ,अनवर मियां का एजेंट के रूप में कार्य कर रहा था। उसी के माध्यम से जमीन का संपूर्ण काम चल रहा था। जावेद के घर में ही तत्कालीन अंचल कार्यालय चल रहा था। बिचौलिया बिना कोई काम नहीं होता था। जावेद आज एक मजदूर से अवैध कमाई कर करोड़पति बन गया है। हल्का कर्मचारी ,अंचल निरीक्षक राजेंद्र राय उसका एजेंट मोहम्मद अबुल है। जो उसी के इशारे पर सभी काम किया करता था। इन लोगों के अत्याचार एवं भ्रष्टाचारी से स्थानीय रैयत परेशान है इसी प्रकार मोहम्मद मंजूर मियां जो जमीन का माफिया है जो कि अंचल को अपने इच्छा अनुसार चलाता है। टूनु शेख जो पूंजीपति एवं निजी विद्यालय चलाता है एवं बड़ा भवन बनाया हुआ है। मोहम्मद महताब आलम जो पूंजीपति एवं दबंग है। जिनका पेट्रोल पंप है उक्त व्यक्ति द्वारा अपनी संपत्ति के सुरक्षा के लिए सरकारी कर्मचारी एवं पदाधिकारी से मिलकर गरीबों का घर उजाड़ने का काम किया जा रहा है। जब हम लोगों का घर का जमीन नापी करने अमीन आया तो हम लोगों को जानकारी मिली कि एनएच 80 फोरलेन बनने के लिए हम लोगों का जमीन नापा जा रहा है। तब हम लोगों ने विरोध किया एवं पता चला कि पूर्व के नक्शा के साथ हेराफेरी कर हम गरीब मजदूरों का घर उजाड़ा जा रहा है।

मनीरामपुर में दस सालों में हुए योजनाओं की जांच की करेंगे मांग : मुखिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : सदर प्रखंड के मनीरामपुर पंचायत के मुखिया मजिबूर रहमान ने झूठी शिकायतों को लेकर अपने आवासीय कार्यालय में शनिवार को बैठक की। जिसमें पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए। मुखिया मजिबूर रहमान ने कहा कि शिकायतकर्ता लगातार अनाप-शनाप आरोप लगा रहे हैं। अधिकारियों को गुमराह और बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। पंचायत में हेरोइन, कोकीन, अफीम या चरस जैसी नशीली पदार्थों की बिक्री नहीं होती है। फिर भी झूठी शिकायतें कर पंचायत को बदनाम कर रहे हैं। पूर्व में इन नशीली पदार्थों की बिक्री होती रही होगी। लेकिन मेरे पदभार लेने के बाद से ऐसी नशीली पदार्थों की बिक्री बिल्कुल भी नहीं होती है। शिकायतकर्ता समाज को बदनाम करने में लगे हैं। पंचायत के विकास कार्यों की भी शिकायतें कर रहे हैं। मुखिया ने कहा कि बैठक में झूठी शिकायतों को लेकर कई अहम निर्णय लिया गया है। जिसे उपायुक्त वरुण रंजन एवं पुलिस अधीक्षक हृदिप पी जनार्दन को लिखित सौंपा जाएगा। मुखिया मजिबूर रहमान ने कहा कि झूठी शिकायतों की जांच कराने की मांग कराने का निर्णय लिया गया है। अगर शिकायतें सही नहीं मिली तो शिकायत कर्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करने का भी निर्णय बैठक में लिया गया। इसके अलावा पिछले 10 सालों में मनीरामपुर पंचायत में हुए विकास कार्यों की जांच कराने की मांग भी करेंगे। मेरे मुखिया निर्वाचित होने से पूर्व तक कौन-कौन सी योजनाएं स्वीकृत हुई। आवास, शौचालय, शेड निर्माण, सिंचाई कूप, तालाब, डोभा, सड़क आदि तमाम तरह के योजनाओं की जांच कराने का निर्णय लिया गया। पिछले दस सालों में योजनाएं सही तरह से धरातल पर उतरा या नहीं, उन योजनाओं का सही लाभ योग्य लाभुक को मिला या नहीं, लाभुक योग्य है या नहीं, उन योजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है। इन तमाम बिंदुओं पर जांच की मांग करेंगे। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भी मांग पत्र भेजा जाएगा।

पुण्यतिथि पर याद किए गए पंडित नेहरू, कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : कांग्रेस ने शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पंडित जवाहरलाल नेहरु अमर रहे के नारे लगाए गए। जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवनी पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। आजादी के बाद देश को विकास के लिए नेहरू जी के द्वारा किए गए सफल प्रयासों की सराहना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नेहरू जी ने देश को प्रगति का वह पथ दिखाया, जिस पर सवार होकर देश ने पूरे विश्व में अलग पहचान बनाई। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण का जो खाका तैयार किया, वह आगे चलकर मिसाल बन गया। पूरे विश्व में भारत की पहचान विकासशील देशों में होने लगी। आजादी से पूर्व अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध लड़ाई में पंडित नेहरू की भूमिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर जिला उपाध्यक्ष गुलाम अहमद बकुल, प्रदेश सचिव सेमिनुल इस्लाम, प्रखंड अध्यक्ष मंसारुल हक, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शाहीन परवेज, ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आमिर हमजा, जिला महासचिव अर्धेंदु शेखर गांगुली, जिला मीडिया प्रभारी नलिन मिश्रा, मिथुन मरांडी, पियारुल इस्लाम, साकिर हुसैन, नईम शेख, रास्का हेंब्रम, प्रदीप रजक, नसीम अख्तर, फैयाज आलम, मेकारूल शेख, मन्नान शेख, मतिउर रहमान, बबलू भगत, शीश मोहम्मद, नईमुद्दीन शेख, मांरांग तूरी, एहदिन शेख आदि मौजूद थे।

हंसडीहा : भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद, दो गिरफ्तार

हंसडीहा पुलिस की कार्रवाई से नकली दवा का कारोबार करने वाले माफियाओं में दहशत

प्रभात मंत्र संवाददाता

हंसडीहा : हंसडीहा थाना क्षेत्र के हथगढ़ मोहल्ले से शनिवार को हंसडीहा थाना की पुलिस ने करीब 5160 नशीली दवाई कोरेक्स सिरफ बरामद किया था। उक्त मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर हंसडीहा पुलिस ने जेल भेज दिया। मामले को लेकर जरमुंडी एसडीपीओ शिवेंद्र ठाकुर ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हथगढ़ मोहल्ला स्थित राजेश रंजन के आवासीय मकान में चांद मेडिकल हंसडीहा के मालिक मोहम्मद इसराइल अंसारी द्वारा भारी मात्रा में कोरेक्स सिरफ नशीली दवाई रखा गया है। जिसके बाद छापेमारी किया गया जिसमें छापेमारी के क्रम में कफ सिरफ 43 पेटी पाया गया जिस पर ऑनरेक्स सीसी एक सौ एम एल का अंकित पाया गया। प्रत्येक पेटी 120 पिस के अनुसार 5160 पिस बरामद किया गया। जिसके बाद हंसडीहा थाना कांड संख्या 32 / 23 धारा 420 120 बी /272/ 273/ 414/ 34 एवं धारा 8सी/ 21सी/एन डी पी एस एक्ट दर्ज किया गया। तथा उक्त मामले में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोडडा जिले के शास्त्री नगर के रहने वाले 42 वर्षीय राजेश रंजन के रूप में हुई है, जो कि वर्तमान में हंसडीहा थाना क्षेत्र के हथगढ़ मोहल्ले में रहते थे। वहीं दूसरा आरोपी का पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र की हंसडीहा के रहने वाले 32 वर्षीय मोहम्मद इसराइल अंसारी के रूप में हुई है। छापेमारी दल में एसडीपीओ जरमुंडी शिवेंद्र, हंसडीहा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह एसआई सचिन कुमार मिश्रा एएसआई गोपाल प्रसाद साह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

दिनदहाड़े गोली मारकर की युवक की हत्या

साहेबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) : मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पत्थर घाट पर शनिवार को दिन दोपहर एक युवक पर गोलीबारी कर हत्या कर दी।मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम महादेवगंज निवासी रविन्द्र यादव ने उक्त गंगा घाट पर मछली पकड़ने का कॉन्टेक्ट मृतक के पास था, वह वहाँ पर मछली पकड़वा रहा था।इसी दरम्यान अपराधियों ने उनकर गोलीबारी कर उनको मौत के घाट उतार दिया।वही मामले में मृतक के भाई धर्मेंद्र यादव ने बताया कि मछली घाट के कॉन्ट्रेक्ट को लेकर सुनील यादव नामक व्यक्ति से पुरानी रंजिश थी।इसी वजह से सुनील यादव ने दिन के करीब 3 बजे अपने साथ करीब चार पाँच नकाबपोश को लाकर मेरे भाई रवींद्र पर गोलीबारी कर उसकी हत्या की है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच शव को अपने कब्जे में ले जाँच में जुट गई।वही शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक को चार गोली लगी है जिसमे से एक पैर पर व तीन सीने पर। मृतक जयंतिग्राम का रहने वाला है ।

जहरीला पदार्थ खाने से 17 वर्षीय नाबालिक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

राजमहल : थाना क्षेत्र की नीलकोठी की एक 17 वर्षीय नाबालिक लड़की की शनिवार को जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नील कोठी निवासी स्नेहा मिश्रा 17 वर्ष अनजाने में कोई जहरीला पदार्थ खा ली। जिसे अचानक तबीयत बिगड़ गई परिजनों ने उसे आनन-फानन में राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया ।जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया। इलाज हेतु साहिबगंज ले जाने के क्रम में नाबालिग की मौत हो गई। घटना से परिजनों में मातम का माहौल है।

आंगनबाड़ी के बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा को लेकर दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़िया : प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में शनिवार को महिला पर्यवेक्षिका आगाथा हानसदा, मंदोदरी देवी, चित्रलेखा कुमारी की उपस्थिति में प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी केंद्रों के आंगनवाड़ी सेविकाओं को प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र से होम विजिट कर टीकाकरण कार्य पूर्ण करने सहित पोषण पखवाड़ा का आयोजन को लेकर सेविकाओं को जानकारी देते हुए बताया गया कि खेल खेल में पोषण के प्रति जागरूकता करने को लेकर लोगों को संतुलित भोजन करने, बच्चों का नियमित रूप से वजन व लंबाई नापी करने, 6 माह तक के बच्चों को केवल स्तनपान कराने, 6 माह के बाद बच्चों को ऊपरी आहार शुरू करने, दैनिक भोजन में हरी साग सब्जी लेने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को लेकर निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र को ससमय खोलकर बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा देने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे केंद्र के आसपास साफ-सफाई करने, आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की अधिक से अधिक उपस्थित कराने एवं ससमय पोषाहार वितरण करने एवं मासिक प्रतिवेदन जमा करने का सख्त निर्देश दिया। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के नये लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने, रोजाना बच्चों का लंबाई वजन जांच सहित कन्यादान योजना के नये लक्ष्य को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का भी निर्देश दिया गया।

माहौल खराब कर रहे असामाजिक तत्व बेबुनियाद है चावल हेराफेरी का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : सदर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जयकिस्टोपुर के प्रबंध समिति के अध्यक्ष अफजल हुसैन पर चावल हेराफेरी करने का आरोप बेबुनियाद है। अध्यक्ष अफजल हुसैन ने साफ तौर पर कहा कि कुछ असामाजिक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा है। मुझे भी बदनाम करने की कोशिश है। असामाजिक तत्वों का मकसद सिर्फ और सिर्फ शैक्षणिक माहौल को खराब करना है। गांव और समाज में उन्माद फैलाना है। लेकिन उनकी मंशा कभी पूरी नहीं होगी। अध्यक्ष अफजल हुसैन ने कहा कि पूर्व अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान उठाव किया गया चावल स्कूल के गोदाम में रखा था। जो पड़ा पड़ा खराब हो चुका था। उन्होंने कहा कि चावल में कीड़ा लग चुका था। जिसे बच्चों को परोसने पर स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता था। इसलिए चावल को साफ करने के लिए स्कूल से लाया जा रहा था। क्योंकि स्कूल में चावल को साफ करने में दिक्कतें थी। इस पर समिति की सहमति भी है। अध्यक्ष अफजल हुसैन ने कहा कि जब चावल वहां से लाया जा रहा था, कुछ लोगों ने वीडियो और फोटोग्राफी कर साजिश के तहत बदनाम करने की कोशिश की। लेकिन ऐसे लोगों को समझना होगा कि मैं ऐसी गंदी मानसिकता का नहीं हूं। अध्यक्ष बनने के बाद स्कूल में क्या बदलाव आया है, वह लोगों को साफ दिख रहा है। मुझे कुछ कहने की आवश्यकता ही नहीं है। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि स्कूल और छात्र हित में ही मैं हर काम करूंगा। असामाजिक तत्व समाज में अफवाह फैलाने का काम बिल्कुल भी ना करें। यहां बता दें कि गत चार दिन पहले ही स्कूल से ऑटो में लोड कर चावल ले जाया जा रहा था। अध्यक्ष अफजल हुसैन पर कुछ लोगों ने चावल चोरी का आरोप लगाया था।

सीपीएल क्रिकेट का विजेता बना आरके वॉरियर्स व उपविजेता आरएस ब्रदर्स

चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड के चिलगु में शुक्रवार की रात

चिलगु प्रीमियर लीग यानी सीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच आरके वॉरियर्स और आरएस ब्रदर्स के बीच खेला गया. फाइनल के रोमांचकारी मैच में आरके वॉरियर्स ने छह विकेट से प्रतियोगिता जीत लिया. इसके पूर्व आरएस ब्रदर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 90 रन बनाए थे. लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरके वॉरियर्स की टीम ने 11.5 ओवर में पांच विकेट खोकर 91 रन बना लिया. सीपीएल के फाइनल प्रतियोगिता के पूर्व पत्रकार एकादश बनाम आयोजक एकादश के बीच प्रदर्शनी मैच खेला गया, जिसमें आयोजक एकादश की टीम विजयी रही. टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें शामिल थी. विजेता टीम आरके वॉरियर्स को पुरस्कार स्वरूप 70 हजार नकद के साथ ट्रॉफी दिया गया. वहीं मैच के उप विजेता आरएस ब्रदर्स की टीम को 50 हजार नकद के साथ ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया. सीपीएल के संयोजक दुर्योधन गोप ने बताया कि इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच के अलावा प्रतियोगिता में बेस्ट प्लेयर, बेस्ट कीपिंग समेत उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वालों को भी पुरस्कृत किया गया. **प्रतिभावान खिलाड़ियों को मिलेगा मंच :-** मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए उचित मंच मिलेगा. ऐसे प्रतियोगिता का आयोजन उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

टीआरएफ के रक्तदान शिविर में 159 यूनिट रक्त संग्रह

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) : टीआरएफ के कर्मचारियों और

उसके सहयोगियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान संघ के सहयोग से टीआरएफ महिला एसोसिएशन द्वारा द्विवार्षिक रक्तदान शिविर, 'नवजीवन' का पहला सफल आयोजन 25 मई को कंपनी परिसर में हुआ। जिसमे 159 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से जमशेदपुर ब्लड बैंक में रक्तदान किया। कंपनी के कर्मचारियों, विशेष रूप से एचआरएम डिवीजन, विशिष्ट पदाधिकारियों और टाटा रॉबिन्स फ्रेजर लेबर यूनियन के सदस्यों और टीआरएफ लेडीज एसोसिएशन (टीआरएफएलए) के सदस्यों ने सहयोग किया और 'नवजीवन' को सफल बनाने के लिए स्वेच्छा से योगदान दिया। 'नवजीवन' शिविर का औपचारिक उद्घाटन आनंद चांद, मुख्य वित्तीय अधिकारी और एम एच हीरामणिक, महासचिव, टाटा रॉबिन्स फ्रेज़र लेबर यूनियन द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों, टीआरएफएलए के सदस्यों और टीआरएफ श्रमिक संघ के समिति सदस्यों ने भाग लिया। उद्घाटन के दौरान, टीआरएफ़एलए की सचिव शोभा शर्मा ने अपने संबोधन में अतिथियों का स्वागत किया।

सोना देवी यूनिवर्सिटी को मिला यूजीसी से मान्यता, नामांकन शुरू

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) : पूर्वी सिंहभूम जिला के घाटशिला अनुमंडल के कीताडीह स्थित सोना देवी यूनिवर्सिटी को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा मान्यता प्रदान कर दी गई है. इस संबंध में विश्वविद्यालय के फाउंडर चेयरमैन प्रभाकर सिंह ने शुक्रवार को हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यूजीसी की इस मान्यता के बाद विश्वविद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. विद्यार्थी नामांकन के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं. उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि अनुमंडल के इस एकमात्र विश्वविद्यालय में अपने बच्चों का नामांकन कराएं और उच्च शिक्षा के साथ-साथ बेहतर रोजगार के विकल्पों को चुनें. जो विद्यार्थी नामांकन कराना चाहते हैं वे विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जाकर शैक्षिक योग्यता परीक्षा में भाग लेकर एक करोड़ रुपए तक का स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।

जादूगोड़ा के राजदोहा में आयुर्वेदिक हर्बल हेल्थ सेंटर का हुआ उद्घाटन

जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : जादूगोड़ा के राजदोहा गांव के

बाड़ेघूटू में आयुर्वेदिक हर्बल हेल्थ सेंटर की दूसरी यूनिट खोली गई । जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू और पोटका 11 के जिला परिषद सदस्य हिरणमय दास ने किया। इस नई कीवा आयुर्वेदिक हेल्थ सेंटर की एजेंसी का संचालन अंजली मुर्मू को सौपी गई है। इस बाबत क्षेत्र की मुखिया अनिता मुर्मू ने कहा कि कीवा आयुर्वेदिक हर्बल सेन्टर द्वारा गाँव के लोगों को रोजाना इस्तेमाल होने वाले कीवा के उत्पाद के साथ एक समान के साथ एक फ्री दिए जाते हैं। इसके पूर्व कीवा कंपनी की ओर कीवा ऐन्लाईजर मैग्नेटिक मशीन द्वारा निशुँल्क शारीरिक जॉच कर लोगो को उनके स्वास्थ्य की जानकारी दी गई। मौके पर पोटका सीओ इम्तियाज अहमद, एलआर डीसी रविंद्र गगराई, पुर्णिमा नेत्रालय के चिकित्सक सस्क्रिती सिंह,पोटका हल्का कर्मचारी सुरेश राम, भाटिन,मुखिया राम सोरेन, सामाजिक कार्यकर्ता खेला राम मुर्मू, मुखिया अनिता मुर्मु, टोला प्रधान सुपाई टुडु, जितेंद्र श्रीवास्तव, अन्जली मुर्मु समेत काफी संख्या में राज दोहा गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

तुलसी भवन के महासचिव की माता मालती तिवारी पंचतत्व में विलीन

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) : तुलसी भवन के मानद महासचिव

प्रसेनजीत तिवारी की माता मालती देवी पंचतत्व में विलीन हो गई। उनका इलाज टीएमएच में चल रहा था। शनिवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार मानगो स्वर्णरेखा घाट किया गया। उनके पति हरिनारायण तिवारी ने मुखाग्नि दी। मालती देवी एक शिक्षिका के रूप केएमपीएम, बालीचेला, बारीडीह हाई स्कूल में पढ़ाया। वे अभिसारिका, हिन्दी परिषद के नाटकों में बढ़चढ़ कर भाग लिया। अंतिम यात्रा में विधायक सरयू राय, आरएसएस के अभय सामन्त, इंदर अग्रवाल, रविन्द्र, मृत्युंजय, सुनील, जनमोर्चा के सुबोध श्रीवास्तव, अमित शर्मा, सुधीर सिंह, क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष शिवशंकर सिंह, प्रांत मंत्री राजीव चौधरी सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भाजपा के स्वदेशी के भारतीय विद्यार्थी परिषद के सहित दर्जनों संघटनो के सैकड़ो गणमान्य लोगों ने भाग लिया एवं श्रद्धांजलि दी।

स्वर्णरेखा नदी जल्द होगी प्रदूषण मुक्त, मंत्री बन्ना गुप्ता ने सीएम से की चर्चा

- निकायों से मांगा नदी में गिरने वाले छोटे एवं बड़ों नालों का विवरण।
- चांडिल डैम से लगातार पानी छोड़ने का किया अपील ।

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा जमशेदपुर की लाइफलाइन स्वर्णरेखा नदी के घटते जल स्तर एवं बढ़ते जल प्रदूषण के आलोक में जल संसाधन विभाग के विभागीय मंत्री सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी एवं विभागीय सचिव से स्वर्णरेखा नदी के संरक्षण एवं सौंदर्यकरण हेतु विस्तृत चर्चा की गई।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि सचिव को निर्देशित कर चांडिल डैम से संतुलित जल प्रवाह छोड़ने का इंतज़ाम किया जाए। जिससे स्वर्णरेखा नदी में जमे गंदे पानी एवं जलकुंभी बह जाएगा एवं जल के प्रदूषण स्तर में तत्काल सुधार आ जाएगा। जमशेदपुर शहर के नालों के पानी का नदी में सीधा संचार होना स्वर्णरेखा नदी के जल प्रदूषण का मुख्य कारण बनता जा रहा है।

साथ ही मंत्री बन्ना गुप्ता ने जल्द एक उच्चस्तरीय बैठक जमशेदपुर उपायुक्त को बुलाने का निर्देशित किया है एवं जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति एवं टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को स्वर्णरेखा नदी से मिल रहे सभी छोटे एवं बड़े नालों का विवरण उक्त बैठक में प्रस्तुत करने को कहा है।

स्वर्णरेखा नदीं में जमशेदपुर शहर के कई छोटे-बड़े नालों का गंदा पानी जाता है, जिससे नदी प्रदूषित होती है। जिसका संज्ञान लेते हुए उच्चस्तरीय बैठक बुलाई जा रही हैं। बैठक में नदी में गंदा पानी जाने से रोकने के लिए अभी तक कि क्या योजना बनी है एवं क्या बनाने की आवश्कता है पर निकायों एवं टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का मानक संचालन प्रक्रिया जाना जाएगा। उसके उपरांत जल्द वृहत कार्य योजना बना कर अर्बन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट को भेजा जाएगा, ताकि नाले में आने वाले गंदे पानी को नदी में जाने से रोका जा सके।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि स्वर्णरेखा नदी और खरकई नदी के दोनों तरफ पेड़ - पौधा बड़े पैमाने पर लगाने के लिए कार्य योजना भी तैयार की जाएगी।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने आगे कहा कि विगत कुछ माह पूर्व दोमुहानी का साफ सफाई तथा नदी में गंदे नाले के पानी को प्राकृतिक विधि से शुद्ध करने के प्रथम प्रयोग को किया गया, जिसमें व्यापक सफलता मिली है।

जमशेदपुर के नागरिकों के लिए स्वर्णरेखा नदी एवं खरकई नदी के संगम स्थल दोमुहानी में अन्तरराष्ट्रीय स्तर का गंगा आरती दो बार आयोजित कर आम जनता को आस्था से जोड़कर नदी के प्रति स्वच्छता की प्रतिबद्धता को दर्शाया गया।

मूसलाधार बारिश से कांड्रा स्टेशन रोड हुआ जलमग्न, कई घरों समेत स्कूल में घुसा पानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : विगत दो दिन हुई मूसलाधार बारिश के कारण कांड्रा स्टेशन रोड की जर्जर सड़क में वर्षा का पानी जमा होकर तालाब का रूप ले लिया है। इस जलजमाव के कारण लोगों को उक्त रास्ते से चलना मुश्किल हो गया है। उक्त रोड में बने छोटे-बड़े गड्ढों में पानी जमा होने से कई दोपहिया वाहन चालक गिर कर घायल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस रास्ते से होकर प्रतिदिन हजारों की संख्या में रेल यात्री आना-जाना करते हैं। किन्तु, सड़क की दुर्दशा के कारण उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बारिश का पानी उक्त रास्ते मे स्थित कई घरों और हरिश्चंद्र विद्या मंदिर स्कूल परिसर में भी घुस गया है। लोगों ने बताया कि विगत करीब 20 वर्षों से इस सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है जिससे दिनोंदिन इस सड़क की स्थिति बदतर होती जा रही है।

सुकला में आदिवासी कुड़मी समाज की श्रद्धांजलि सभा 29 को, तैयारी बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के सुकला गांव में स्वर्गीय दुलाली हिंदोयार की स्मृति में आदिवासी कुड़मी समाज सुकला ग्राम कमेटी द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 29 मई को शिव मंदिर परिसर में किया गया है। जिसमें कुड़मी जनजाति की भाषा, संस्कृति, 12 महीने के 13 परब आदि के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शनिवार को सुकला गांव में रोहिन महतो की अध्यक्षता में एक तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक के बाद केंद्रीय कमेटी के सह सचिव जयराम

महतो ने बताया कि बैठक में कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने और कुड़मालि भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में सूचीबद्ध करने के बारे में केंद्रीय समिति के पूर्व घोषित कार्यक्रम को कैसे सफल बनाये जाय उस पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में जय गराम झुमुर आखड़ा मुकरुडीह, पटमदा एवं साल पियाल करमदल मोहनपुर, बोड़ाम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। तैयारी बैठक में बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष अनिल चंद्र महतो, राज्य कमेटी के सदस्य सुभाष महतो, पद्मलोचन महतो, विश्व महतो, रोहिन महतो व सुनील महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

शकुंतला हिन्दी साहित्य, सांस्कृतिक दर्पण व साहित्य 24 का शानदार काव्य गोष्ठी अयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर/रांची : देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भगवान श्री राम की जीवनी का गुणगान करने वाले इटावा से रांची पधारे प्रख्यात कवि और शिक्षाविद डॉक्टर कमलेश शर्मा एक काव्य गोष्ठी में शामिल हुए जिनको उपस्थित कवि और कवित्रियों ने बहुत ही उत्साहित होकर सुना। काव्य गोष्ठी का सफल आयोजन शकुंतला हिन्दी साहित्य एवं सांस्कृतिक दर्पण और साहित्य 24 के संयुक्त तत्वावधान में कवयित्री अंकिता सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। इस गोष्ठी में साहित्य प्रेमियों ने काव्य जगत के शीर्ष पर विराजमान सुप्रसिद्ध कवि डॉक्टर कमलेश शर्मा, साहित्यिक खुशबू , राम कितने प्रमाण दे, शाश्वत कविता के रचियता सरल शख्सियत आपका झारखंड की पावनी धरा पर ज़बर्दस्त अभिनंदन किया। कवयित्री मीना बंधन एवं सुप्रसिद्ध कवत्रियी डॉक्टर सुरिंदर नीलम कौर एवं सभी साहित्यिक कविगणों ने अपनी प्रस्तुति दी। राम काव्य के रचयिता, इतिहासकार, प्रतिष्ठित शिक्षाविद व सुप्रसिद्ध कवि डॉ.कमलेश शर्मा के सम्मानार्थ में महफिल अद्भुत रही। अंकिता सिन्हा, मीना बंधन, मीरा, डॉक्टर नीलम चाहत, अनुज चंदन प्रजापति, चंदा शर्मा रीम्मी रूप सहित सबको प्रेम से सुना गया एवं अन्य गणमान्य कविगणों की उपस्थिति से मंच और भव्य हो गया।

पीड़ित परिवार को मुखिया व झामुमो नेता ने हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : प्रखंड के डुमरा पंचायत अंतर्गत रायपुर गांव के कांकीकुली में बीते शुक्रवार को वज्रपात से विलम मांझी का दो घर जल जाने की सूचना मिलने के बाद शनिवार को स्थानीय मुखिया पियो हांसदा और झामुमो जिला उपाध्यक्ष राम हांसदा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

उन्होंने बताया कि इस बावत गम्हरिया के अंचलाधिकारी के नाम आवेदन देकर मुआवजे की मांग भी की जाएगी।

सरायकेला खरसावां में 29 मई से 14 जून तक मनाया जायेगा 'मन का मिलन पखवाड़ा'

■ प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश विजय कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : झालसा राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला खरसावां के तत्वाधान में मध्यस्थता पर आधारित विशेष अभियान 'मन का मिलन पखवाड़ा' का आयोजन 29 मई से 14 जून तक किया जाएगा। यह विशेष अभियान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विजय कुमार की अध्यक्षता में किया जाना है।

इस विशेष अभियान के तहत पूरे जिले में मध्यस्थता से संबंधित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन, सभी लीगल एड क्लिनिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में जन जन तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन, जिले के सभी लीगल एड क्लिनिक, फ्रंट ऑफिस, तथा व्यवहार न्यायालय मध्यस्थता केन्द्र पर किया जाएगा। जिसमें आमलोगों को मध्यस्थता के माध्यम से वादों का निष्पादन किए जाने के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सके। प्राधिकार के सचिव क्रांति प्रसाद ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा मध्यस्थता के माध्यम से वादों के निष्पादन की एक अनूठी पहल है जो आम जनमानस के लिए काफी लाभकारी व कल्याणकारी साबित होगा।

शहर में पशु-पक्षियों की सेवा के लिए जीव संरक्षण रथ का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्धारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए शनिवार को सात दिवसीय जीव संरक्षण सेवा रथ का शुभारंभ झंडी दिखाकर साकची ठाकुरबाड़ी रोड़ स्थित महालक्ष्मी दादी मंदिर से रवाना किया गया। सेवा रथ का शुभारंभ स्वर्गीय अशोक अग्रवाल की पुण्य स्मृति में उनके भाई संतोष अग्रवाल एवं उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित किया गया है। मौके पर अध्यक्ष निशा सिंघल, सचिव कविता अग्रवाल और जीव संरक्षण कार्यक्रम की संयोजिका खुशबू कावटिया ने कहा कि इस रथ द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर सड़कों पर विचरण करने

वाले सभी तरह के पशु-पक्षियों कि सेवा कि जाएगी। इसके माध्यम से गौ माता के लिए रोटी, हरी सब्जियां, पशुओं एवं पक्षियों के लिए आहार एवं जल की व्यवस्था की गई है। साथ ही समाज सुधार के अंतर्गत प्री वेडिंग शुट आउट फोटोग्राफी और वीडियो विवाह समारोह स्थल पर प्रदर्शन करने पर सामाजिक प्रतिबंध के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी संतोष अग्रवाल, ओमप्रकाश रिंगसिया, सुभाष शाह, महावीर मोदी, बजरंग अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, सीताराम देबूका, सीए विवेक चौधरी, मुरारी अग्रवाल, कमल सिंघल, बबलू अग्रवाल एवं रोहित अग्रवाल आदि मौजूद थे।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र छात्राएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय सरायकेला के शांतिकुंज में सत्र 2022-2023 माध्यमिक परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दस भैया- बहनों को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक जितेंद्र सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य पार्थसारथी आचार्य ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि हमारे बच्चे उत्कृष्ट से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करें।

सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं में रश्मिता पति, वर्षा सिंह, राज प्रधान, ममता कुमारी मुंडा, देवाशीष मिश्र, मुकुंद बिहारी महतो, सक्षम पडिहारी, सुप्रिया सिंह मोदक, शुभम कुमार पति और कुंदन कुमार महतो हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन उप प्रधानाचार्य तुषार कांत पति ने किया।

16वीं झारखंड स्टेट यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप का हुआ समापन

पुरुष में पू. सिंहभूम व महिला में प. सिंहभूम बना विजेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

नोआमुंडी : 16वीं झारखंड राज्य युवा (पुरुष और महिला) मुक्केबाजी प्रतियोगिता 2023, नोआमुंडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार को संपन्न हुई।डीबी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट (रॉ मैटेरियल्स), टाटा स्टील ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इसके अलावा अतुल कुमार भटनागर, जनरल मैनेजर (ओएमक्यू), आनंद बिहारी दुबे, सेक्रेटरी, झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन, दीपक श्रीवास्तव, प्रेसिडेंट, पश्चिमी सिंहभूम बॉक्सिंग एसोसिएशन, राजीव वर्मा, ट्रेजरर, झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन, कोच, रेफरी, और विभिन्न जिलों के निर्णायक गण शामिल थे। ग्रुप कैटेगरी में पूर्वी सिंहभूम को विजेता (पुरूष) तथा महिलाओं की श्रेणी में पश्चिमी सिंहभूम जिले को विजेता घोषित किया गया।

पूर्वी सिंहभूम जिले के नीरज साहा और जिज्ञासा कुमारी में सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज़ घोषित किया गया। रांची जिले के आलोक कुमार और पश्चिम सिंहभूम जिले की आयुषी मुखी बेस्ट चैलेंजर बॉयज़ और बेस्ट चैलेंजर गर्ल्स घोषित किया गया। महिला वर्ग में रामगढ़ जिले की अन्नू ने 45-48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता, जबकि पश्चिमी सिंहभूम जिले की अनु चांपिया ने 48-50 किग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता। पूर्वी सिंहभूम जिले की जिज्ञासा कुमारी ने 54-57 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण और धनबाद की संस्कृति कुमारी ने 60-63.5 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों के 46-48 किग्रा वर्ग में पूर्वी सिंहभूम के नीरज साहा ने स्वर्ण जीता, जबकि इसी जिले के रोनित राज गुप्ता ने 48-51 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। आशीष कुमार (रांची), रोहित कुमार (पूर्वी सिंहभूम), अभय तिर्की (रांची), रोहित यादव (रांची), समन कुमार साहू (पूर्वी सिंहभूम), सूरज कुमार (पूर्वी सिंहभूम), हर्ष गुप्ता (धनबाद), विवेक सिंह (गढ़वा), शुभम कुमार (पूर्वी सिंहभूम) और सुमित कुमार (पूर्वी सिंहभूम) ने क्रमशः 51-54, 54-57, 57-60, 60-63.5, 63.5-67, 67-71, 71-75, 75-80, 80-86 और 92 प्लस श्रेणी में गोल्ड जीता। तीन दिवसीय कार्यक्रम में राज्य के 12 जिलों से भागीदारी देखी गई। चैंपियनशिप का आयोजन पश्चिम सिंहभूम जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन और झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से किया गया था।

संपादकीय

प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान, भारत का अभिमान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विदेश दौरे से आए एक दृश्य ने समूचे भारत को गौरव का अवसर दे दिया। प्रधानमंत्री मोदी एफआईपीआईसी के तीसरे अधिवेशन में शामिल होने के लिए 'पापुआ न्यू गिनी' पहुँचे थे। यहाँ प्रधानमंत्री मोदी का सभी शासकीय प्रोटोकॉल तोड़कर स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस देश में सूर्यास्त के बाद शासकीय स्वागत नहीं किया जाता। परंतु जब प्रधानमंत्री मोदी यहाँ पहुँचे तब न केवल शाही स्वागत किया गया अपितु पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने तो दो कदम आगे बढ़कर प्रधानमंत्री मोदी के पैर ही छू लिए। यह अभूतपूर्व और अद्भुत घटना है, जब विश्व इतिहास में किसी राष्ट्र प्रमुख का सम्मान दूसरे देश के राष्ट्र प्रमुख ने पैर छूकर किया। इस दृश्य से जहाँ प्रत्येक भारतीय का मन गदगद है, वहीं भारत के विचार की पताका भी विश्व पटल पर थोड़ी और ऊंची हुई है। यह सम्मान केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नहीं है, अपितु उनके नेतृत्व में भारत का विचार जिस तरह प्रखर होकर विश्व के सम्मुख आ रहा है, यह उस भारतीय विचार का भी सम्मान है। उल्लेखनीय है कि भारत ने कोरोना महामारी के दौरान अपने नागरिकों को संभालने के साथ ही दुनिया के कमजोर एवं साधन सम्पन्न देशों के नागरिकों की भी सहायता की। पापुआ न्यू गिनी को भी भारत ने वैक्सीन, आवश्यक दवाएं एवं सहायता भेजी थी। उस समय भारत में ही मोदी विरोधी नेता एवं उनके समर्थक बुद्धिजीवी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कदम पर सवाल उठा रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना की महामारी से अपने देश को बचाकर तब उन सब विरोधी नेताओं एवं बुद्धिजीवियों को गलत साबित किया था, आज पापुआ न्यू गिनी ने भी वही किया। याद हो कि कोरोना के भीषण त्रासदी मे जब पापुआ न्यू गिनी तकलीफ के दौर से गुजर रहा था, तब उसके पडोसी देश चीन ने मुंह फेर लिया था लेकिन बिना किसी अपेक्षा के भारत ने उसकी सहायता की। यह बात आज पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री कैसे भूल सकते थे। वे भारत के प्रति इतना अधिक कृतज्ञ थे कि भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप अपनी सहायता करनेवाले अग्रज के प्रति चरण छूकर सम्मान व्यक्त किया। हम कह सकते हैं कि मोदी जी के पैर छूना, कृतज्ञता व्यक्त करने का एक प्रयास है। याद रखें कि लगभग डेढ़ हजार वर्ष पहले पुरुषपुर (आज का पेशावर) से पापुआ न्यू गिनी तक हिंदू संस्कृती का साम्राज्य था। भारत के लिए एक और गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पापुआ न्यू गिनी और फिजी ने अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। फिजी ने अपने देश के सम्मान 'कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' और पापुआ न्यू गिनी ने 'द ग्रैंड कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहु' से प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया है। बहरहाल, भारत के प्रधानमंत्री के पैर छूने की इस छोटी सी घटना ने हमारी उस प्राचीन संस्कृति के धागों को पुनः मजबूत किया है। यह घटना उन सब मोदी विरोधियों को भी करारा जवाब है, जो अकसर सवाल उठाते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं, ऐसा दावा करनेवाली सभी संस्थाएं गलत हैं। उन्हें याद रखना चाहिए कि इसी प्रवास के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन ने भी यह माना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र की लोकप्रियता बहुत अधिक है। एक अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत के प्रधानमंत्री का ऑटोग्राफ माँगने की बात कहना भी इतिहास की पहली घटना है। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने अमेरिका जानेवाले हैं और वहाँ इस अवसर पर व्हाइट हाउस में रात्रि भोज का आयोजन है, जिसका अनुमति पत्र प्राप्त करने के लिए व्हाइट हाउस में प्रतिदिन हजारों की संख्या में फोन कॉल आ रहे हैं। राष्ट्रपति जो. बाइडन ने कहा कि उन्होंने किसी राजनेता के प्रति ऐसा आकर्षण पहले कभी नहीं देखा। ऐसी लोकप्रियता तो केवल फिल्मी सितारों के लिए दिखायी देती है। प्रधानमंत्री मोदी के कारण विदेश में रहनेवाले भारतीय समाज का सम्मान एवं आत्मविश्वास भी कितना अधिक बढ़ गया है, इसकी अनुभूति समय-समय पर होती रहती है। अपने भारतीय होने की गौरव की अनुभूति से भरा प्रवासी भारतीय समाज प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिकी दौरे के दौरान 18 जून को पूरे अमेरिका के 20 प्रमुख शहरों में 'भारत एकता दिवस' मार्च के साथ उनका स्वागत करने की योजना बना रहे हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत ही नहीं दुनिया के सबसे सम्मानित और लोकप्रिय राजनेता हैं। उनके कारण और उनके प्रयासों से आज विश्व पटल पर भारत भी सम्मान पा रहा है।

> भारत में ही मोदी विरोधी नेता एवं उनके समर्थक बुद्धिजीवी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कदम पर सवाल उठा रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना की महामारी से अपने देश को बचाकर तब उन सब विरोधी नेताओं एवं बुद्धिजीवियों को गलत साबित किया था, आज पापुआ न्यू गिनी ने भी वही किया। याद हो कि कोरोना के भीषण त्रासदी मे जब पापुआ न्यू गिनी तकलीफ के दौर से गुजर रहा था, तब उसके पडोसी देश चीन ने मुंह फेर लिया था लेकिन बिना किसी अपेक्षा के भारत ने उसकी सहायता की। यह बात आज पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री कैसे भूल सकते थे। वे भारत के प्रति इतना अधिक कृतज्ञ थे कि भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप अपनी सहायता करनेवाले अग्रज के प्रति चरण छूकर सम्मान व्यक्त किया।

अमृत कलश

संतोष का अर्थ

वह व्यक्ति जो स्वस्थ, निर्भार, निर्बोझ, ताजा, युवा, कुंआरा अनुभव करता है, वही समझ पाएगा कि संतोष क्या है। अन्यथा तो तुम कभी न समझ पाओगे कि संतोष क्या होता है-यह केवल एक शब्द बना रहेगा। संतोष का अर्थ हैः जो कुछ है सुंदर है; यह अनुभूति कि जो कुछ भी है श्रेष्ठतम है, इससे बेहतर संभव नहीं। एक गहन स्वीकार की अनुभूति है संतोष; संपूर्ण अस्तित्व जैसा है उस के प्रति 'हां' कहने की अनुभूति है संतोष। साधारणतया मन कहता है, 'कुछ भी ठीक नहीं है।' साधारणतया मन खोजता ही रहता है शिकायतें- 'यह गलत है, वह गलत है।' साधारणतया मन इनकार करता हैः वह 'न' कहने वाला होता है, वह 'नहीं' सरलता से कह देता है। मन के लिए 'हां' कहना बड़ा कठिन है, क्योंकि जब तुम 'हां' कहते हो, तो मन ठहर जाता है; तब मन की कोई जरुरत नहीं होती। क्या तुमने ध्यान दिया है इस बात पर? जब तुम 'नहीं' कहते हो, तो मन आगे और आगे सोच सकता है; क्योंकि 'नहीं' पर अंत नहीं होता। नहीं के आगे कोई पूर्ण-विराम नहीं है; वह तो एक शुरुआत है। 'नहीं' एक शुरुआत है; 'हां' अंत है। जब तुम 'हां' कहते हो, तो एक पूर्ण विराम आ जाता है; अब मन के पास सोचने के लिए कुछ नहीं रहता, बड़बड़ाने-कुनमुनाने के लिए, खीझने के लिए, शिकायत करने के लिए कुछ नहीं रहता- कुछ भी नहीं रहता। जब तुम 'हां' कहते हो, तो मन ठहर जाता है; और मन का वह ठहरना ही संतोष है। संतोष कोई सांत्वना नहीं है- यह स्मरण रहे। मैंने बहुत से लोग देखे हैं जो सोचते हैं कि वे संतुष्ट हैं, क्योंकि वे तसल्ली दे रहे हैं स्वयं को। नहीं, संतोष सांत्वना नहीं है, सांत्वना एक खोटा सिक्का है। जब तुम सांत्वना देते हो स्वयं को, तो तुम संतुष्ट नहीं होते।

बोध कथा

स्वर्ग नरक का अंतर

जहाँ एक दूसरे के बारे में सोचते हैं, वहाँ स्वर्ग है। जहाँ सिर्फ़ अपने बारे में ही सोचते हैं वहाँ नरक है। स्वर्ग और नर्क एक संतपुरुष और ईश्वर के मध्य एक दिन बातचीत हो रही थी। संत ने ईश्वर से पूछा, "भगवन ! मैं जानना चाहता हूँ कि स्वर्ग और नर्क कैसे दिखते हैं।" ईश्वर संत को दो दरवाजों तक लेकर गये। उन्होंने संत को पहला दरवाज़ा खोलकर दिखाया। वहां एक बहुत बड़े कमरे के भीतर बीचोबीच एक बड़ी मेज रखी हुई थी। मेज पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पकवान रखे हुए थे जिन्हें देखकर संत का मन भी उन्हें चखने के लिये लालायित हो उठा। लेकिन संत ने यह देखा कि वहां खाने के लिये बैठे लोग बहुत दुबले-पतले और बीमार लग रहे थे। ऐसा लग रहा था कि उन्होंने कई दिनों से अच्छे से खाना नहीं खाया था। उन सभी ने हाथों में बहुत बड़े-बड़े कांटे-चम्मच पकड़े हुए थे। उन काँटों-चम्मचों के हैंडल २-२ फीट लंबे थे।

नीति निर्माताओं से अपेक्षा है कि वे सभ्य समाज के निर्माण की ओर आगे बढ़ें

'गिग' अर्थव्यवस्था की त्रासदी

डा. अश्विनी महाजन

हाल ही में 'बलिंकिट' नाम की एक ई-कॉमर्स कंपनी के डिलीवरी कामगारों ने एक दिन की हड़ताल की थी जिसको मीडिया ने भी खासा महत्त्व दिया था। मामला यह था कि 'बलिंकिट' नाम की कंपनी जो उपभोक्ताओं को उनकी किराना आवश्यकताओं की आपूर्ति 10 मिनट से आधे घंटे के बीच में करने का दावा करती है, ने अपने डिलीवरी एजेंटों का मेहनताना घटाकर आधा कर दिया था। गौरतलब है कि इस बदलाव से पहले कंपनी प्रत्येक डिलीवरी पर डिलीवरी एजेंट को 25 रुपए दिया करती थी। आज से लगभग एक साल पहले तक डिलीवरी एजेंटों को 50 रुपए प्रति डिलीवरी दिया जाता था। डिलीवरी श्रमिकों का कहना है कि इस दौरान ईंधन की लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है, लेकिन उनका मेहनताना एक चौथाई रह गया है। वास्तविकता यह है कि आज बड़े शहरों में युवा किसी अच्छे रोजगार के अभाव में डिलीवरी एजेंट के रूप में काम करने के लिए बाध्य हो रहे हैं। शुरुआती दौर में ये श्रमिक भी अच्छा खासा कमा लेते थे, लेकिन मेहनताना कम होने के कारण अब उनकी आर्थिक हालत बहुत दयनीय हो गई है। वास्तविकता यह है कि वैकल्पिक रोजगार के अभाव में युवाओं के लिए डिलीवरी एजेंट के नाते काम करना उनकी मजबूरी हो गई है। उधर ऐप आधारित टैक्सी सेवा प्रदान करने वाली 'ओला' और 'ऊबर' सरीखी कंपनियों ने भी टैक्सी ड्राइवरों से अत्यंत शोषणकारी तरीके से कमीशन वसूलना शुरू कर दिया है। इसके चलते ओला और ऊबर के ड्राइवर भी कई बार हड़ताल जैसे तरीके अपना चुके हैं। लेकिन ओला और ऊबर की शोषणकारी कमीशन नीति बदस्तूर जारी है। बलिंकिट के डिलीवरी एजेंटों की हड़ताल के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला है। ओला, ऊबर के ड्राइवर हो, बलिंकिट, जोमेटो, स्वीगी इत्यादि के डिलीवरी एजेंट हो अथवा ऐप आधारित किसी अन्य सेवा प्रदाता पर पंजीकृत अन्य प्रकार के कामगार हों, जिनका रोजगार इन ऐप कंपनियों के रहमोकरम पर चलता है या जिनकी रोजी-रोटी इन ऐप से प्राप्त संदेशों के आधार पर माल की डिलीवरी अथवा सेवा के ऑर्डर पर निर्भर करती है, आज इन कंपनियों के द्वारा किए जा रहे शोषण से पीड़ित हैं। ऐसे सभी कामगार जो इस प्रकार से अस्थायी रूप से काम कर रहे हैं, उन्हें आजकल की भाषा में 'गिग वर्कर' कहा जाता है। आजकल गिग शब्द अत्यधिक प्रचलन में है। आज से दो-तीन दशक पहले तक गिग शब्द का अत्यधिक कम उपयोग होता था। गिग शब्द का अर्थ और गिग अर्थव्यवस्था और गिग वर्कर आदि शब्दों को समझना

और समाज पर इसके प्रभावों को जानना जरूरी हो गया है। आज से दो-तीन दशक पहले कामगारों के दो प्रकार होते थे। एक, वेतनभोगी कर्मचारी और दूसरे, आकस्मिक श्रमिक। वेतनभोगी श्रमिक सामान्यतः स्थायी रूप से एक निश्चित वेतन और अन्य सुविधाओं के साथ नियुक्त होते हैं। इन श्रमिकों को हटाने के लिए एक निश्चित प्रक्रिया को अपनाया जाना जरूरी था। दूसरी तरफ आकस्मिक श्रमिक यानी केजुअल लेबर से अभिप्राय दिहाड़ीदार मजदूरों से होता है। इन मजदूरों को प्रत्येक दिन के हिसाब से मजदूरी मिलती है और उन्हें प्रतिदिन रोजगार की तलाश में जाना होता है। संगठित क्षेत्र में सामान्यतः श्रमिकों की नियुक्ति स्थायी आधार पर होती है और उनके रोजगार की काफी हद तक सुरक्षा भी होती है। असंगठित क्षेत्र जैसे कृषि, कंस्ट्रक्शन और कई बार मैन्युफैक्चरिंग में दिहाड़ीदार मजदूरों का चलन देखने को मिलता है। सामान्यतः शिक्षित एवं प्रशिक्षित कामगार वेतनभोगी होते हैं और दिहाड़ीदार मजदूरों में अधिकांश अशिक्षित एवं अप्रशिक्षित मजदूर होते हैं। आज के युग में इन दोनों वर्गों से इतर एक नए प्रकार के श्रमिक वर्ग 'गिग वर्कर' का निर्माण हुआ है। नई टेक्नोलॉजी के आधार पर ऑनलाईन प्लेटफार्म, क्लाउड वर्किंग, फ्रीलांस वर्कर, ई-कॉमर्स, सप्लाई चेन इत्यादि के रूप में यह नई श्रेणी उभरी है। यानी कहा जा सकता है कि नई टेक्नोलॉजी और नए बिजनेस मॉडल कहा जाता है, इस नई श्रमिक श्रेणी के जनक हैं। तेज रफ्तार की इस दुनिया में हर कोई अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। आज की अराजक परिस्थितियों में श्रमिकों के अस्तित्व पर एक नया संकट आ गया है। तथाकथित रूप से ये श्रमिक काम तो कर रहे हैं और काम देने वाले ऐप भी सामने दिखाई देते हैं, लेकिन सरकारी परिभाषाओं में इन्हें श्रमिक यानी वर्कर ही नहीं माना जाता, बल्कि उन्हें फ्रीलांसर कहा जाता है। ये वर्कर श्रमिकों के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी, काम के घंटे, ओवर टाईम और छुट्टी जैसे न्यूनतम लाभों से भी वंचित हैं। कुछ लोग यह तर्क देने की कोशिश करते हैं कि इस गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार के नए अवसर निर्माण किए हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के द्वारा भी ऐप्स और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के माध्यम से डिलीवरी श्रमिकों एवं ड्राइवरों इत्यादि के रूप में श्रमिकों की श्रेणी की व्याख्या की गई है। हालांकि पिछले कुछ समय से बेहतर कार्य-दशाओं और मेहनताने के लिए इन गिग वर्करों द्वारा आंदोलन भी हुए हैं, लेकिन इनकी हालत में कोई सुधार होता दिखाई नहीं देता। 2017 के 'ई एंड वाई' के अध्ययन के अनुसार दुनिया के 24 प्रतिशत गिग वर्कर भारत में हैं। भारतीय संसद द्वारा हाल ही में सामाजिक सुरक्षा के नए कोड के रूप में पारित श्रम कानून में पहली बार इन श्रमिकों को श्रम कानूनों के दायरे में लाने का प्रयास हुआ है। दुनियाभर में इस प्रकार के गिग वर्करों की सामाजिक सुरक्षा में सबसे बड़ी बाधा यह आ रही है कि इन वर्करों को चिन्हित कैसे किया जाए। अमरीका और यूरोप में इन कामगारों के लिए पूर्व निर्धारित और पारदर्शी कार्यदशाओं के संबंध में कुछ काम हुआ है। लेकिन विषय केवल इन ऐप से काम प्राप्त करने वाले श्रमिकों का ही नहीं है। आज के युग में कांट्रेक्ट लेबर, आउटसोर्स लेबर, अस्थायी लेबर, निश्चित अवधि के कर्मचारी इत्यादि सभी कमोबेश शोषण एवं प्रतिकूल कार्यदशाओं के संकट से जूझ रहे हैं। आज जरूरत इस बात की है कि एक राष्ट्रीय रोजगार नीति बने, जिसमें आज के समय में उभरती प्रौद्योगिकियों, नए बिजनेस मॉडलों और नए-नए प्रकार से श्रमिकों के शोषण के सभी रास्ते बंद हों और हर कामगार चाहे वो स्थायी हो अथवा अस्थायी या गिग वर्कर, सभी एक सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। श्रमिकों को विस्थापित करने वाली नई-नई प्रौद्योगिकियों के कारण पुराने रोजगार नष्ट हो रहे हैं और अत्यंत सीमित नए रोजगारों का सृजन हो रहा है। काम के अभाव में जीने के लिए श्रमिक सभी प्रकार के शोषणों के बावजूद काम करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन एक सभ्य समाज में श्रमिकों की इस दुर्गति को किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे सभी गिग, अस्थायी, कांट्रेक्ट वर्करों को भली-भांति परिभाषित और चिन्हित करने का काम करते हुए उनके लिए न्यूनतम मजदूरी, अधिकतम काम के घंटे और विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना होगा।

> डिलीवरी श्रमिकों का कहना है कि इस दौरान ईंधन की लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है, लेकिन उनका मेहनताना एक चौथाई रह गया है। वास्तविकता यह है कि आज बड़े शहरों में युवा किसी अच्छे रोजगार के अभाव में डिलीवरी एजेंट के रूप में काम करने के लिए बाध्य हो रहे हैं। शुरुआती दौर में ये श्रमिक भी अच्छा खासा कमा लेते थे, लेकिन मेहनताना कम होने के कारण अब उनकी आर्थिक हालत बहुत दयनीय हो गई है। वास्तविकता यह है कि वैकल्पिक रोजगार के अभाव में युवाओं के लिए डिलीवरी एजेंट के नाते काम करना उनकी मजबूरी हो गई है।

सियासत के दंगल से मुक्त हो कुश्ती

प्राचीन काल से भारत का सबसे लोकप्रिय खेल पारंपरिक कुश्ती रहा है। कुश्ती के सम्मान में हर वर्ष 23 मई को 'विश्व कुश्ती दिवस' मनाया जाता है। भारतीय ग्रामीण संस्कृति में मनोरंजन का साधन रही पारंपरिक कुश्ती को राजाओं ने संरक्षण प्रदान करके विकसित करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था। बिलासपुर के नलवाड़ मेले में होने वाले कुश्ती दंगल की रियासतकाल से ही देशव्यापी ख्याति रही है। जिला का कोटधार कस्बा पारंपरिक कुश्ती के पहलवानों का गढ़ रहा है। मगर विडंबना है कि देश की शान रही पहलवानी पर गर्दिश के बादल मंडरा रहे हैं। दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठे देश के अंतरराष्ट्रीय पहलवानों के अश्क कुश्ती के दर्द को बयान कर रहे हैं। अखाड़ों में जोर आजमाईश करके कई कीर्तिमान स्थापित करने वाले पहलवानों का दंगल सियासत से हो रहा है। ओलंपिक खेल, विश्व चैंपियनशिप, एशियन गेम्स व कॉमनवेल्थ जैसे खेल मुकाबलों में भारत के लिए सबसे ज्यादा पदक जीतने का श्रेय कुश्ती को ही जाता है। ओलंपिक में हॉकी के बारह पदकों के बाद सर्वाधिक सात पदक हमारे पहलवानों ने ही जीते हैं। सन1920 के एंटवर्प ओलंपिक में रणधीर शिंदे व कुमार नावले नामक दो पहलवानों ने कुश्ती में पहली मर्तबा भारत का प्रतिनिधित्व किया था। आजाद भारत का पहला व्यक्तिगत ओलंपिक पदक पहलवान खशाबा जाधव ने 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक में कुश्ती में ही जीता था। सन 1934 में लंदन में आयोजित 'ब्रिटिश एम्पायर गेम्स' में भारत के पदार्पण में रेलवे के पहलवान राशिद अनवर ने 'कांस्य' पदक जीता था। इस प्रकार कॉमनवेल्थ खेलों का पहला पदक भी कुश्ती में ही था। सन1954 में 'मनीला' में आयोजित दूसरे एशियाई खेलों में भारत के पहलवान 'खाशीद' ने 'रजत' व सोहन सिंह ने 'कांस्य' पदक कुश्ती में जीते थे। पाकिस्तान को चार युद्धों में धूल चटाने वाली भारतीय सेना ने देश को कई अंतरराष्ट्रीय पहलवान दिए जिन्होंने वैश्विक खेल पटल पर पदक जीतकर भारतीय कुश्ती का गौरव बढ़ाया है। सन 1972 के 'म्युनिख' ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवान व कुश्ती का मुमताज चेहरा मास्टर चंदगी राम पहलवानी में एक बड़ा नाम रहा है। भारतीय कुश्ती को अंतरराष्ट्रीय पटल पर विशेष पहचान दिलाने वाले चंदगी राम का संबंध सेना की 'जाट रेजिमेंट' से था। माटी के अखाड़ों से लेकर मैट पर कुश्ती में कई पदकवीर तैयार करने तथा महिला कुश्ती को निखारने में चंदगी राम का विशेष योगदान रहा था। सन 1958 के 'कार्डिफ' राष्ट्रमंडल खेलों में कैप्टन लीलाराम (ग्रेनेडियर्स) ने कुश्ती में पहला 'स्वर्ण पदक' जीतकर नया इतिहास रचा था। 'पद्मश्री' लीला राम ने 1956 मेलबॉर्न व 1960 के रोम ओलंपिक में भी भाग लिया था। 'मेलबोर्न' ओलंपिक का हिस्सा रहे पहलवान सूबेदार देवी सिंह 'जाट रेजिमेंट' ने 1970 के 'एडिनबर्ग' राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक तथा सेना के ही ओलंपियन पहलवान विश्वनाथ सिंह व कैप्टन सज्जन सिंह दोनों ने रजत पदक जीते थे। 1966 के किंग्स्टन राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवान कैप्टन मुख्तियार सिंह ने 1968 के 'मैक्सिको' ओलंपिक में भी भाग लिया था। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक 'कांस्य' भी सेना के पहलवान कैप्टन 'उदय चंद' (ग्रेनेडियर्स) ने 1961 में योकोहामा में जीता था। तीन ओलंपिक में भाग लेने वाले उदय चंद ने 1962 के जकार्ता एशियाई खेलों में 'रजत' तथा 1970 के एडिनबर्ग कॉमनवेल्थ खेलों में 'स्वर्ण' पदक जीता था। सन1961 में कुश्ती का प्रथम 'अर्जुन अवार्ड' भी कै. उदय चंद को ही मिला था। सेना के ओलंपियन पहलवान उदय चंद व चंदगी राम पारंपरिक कुश्ती में भी दिग्गज थे। 1970 के दशक में माटी के अखाड़े के मशहूर रुस्तम मेहरदीन व मारुति माने को चंदगी राम ने ही चुनौती पेश की थी। द्रोणाचार्य अवार्डी पहलवान कैप्टन 'चांदरूप' (ग्रेनेडियर्स) ने भारतीय कुश्ती के लिए महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था। सेना के पहलवान कै. नेत्रपाल हुड्डा ने दो एशियन गेम्स यानी 1970 के 'बैंकॉक' में कांस्य तथा 1974 के 'क्राइस्टचर्च' में 'रजत' पदक देश के नाम किए थे। हिमाचल के अंतरराष्ट्रीय पहलवान कै. रमेश चंद (डोगरा रेजिमेंट) ग्रीको रोमन कुश्ती में एक बड़ा नाम रहा है। देश के लिए युद्धभूमि से लेकर कुश्ती में कई कीर्तिमान स्थापित करने वाले इन महान पहलवानों की खेल विरासत को वर्तमान में सेना के सूबेदार दीपक पुनिया, दीपक नेहरा व नवीन मलिक जैसे पहलवान अंतरराष्ट्रीय खेल मुकाबलों में पदक जीत कर बखूबी आगे बढ़ा रहे हैं। कई युवा पहलवान खेल कोटे के तहत सेना का हिस्सा बनकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। भावार्थ यह है कि भारतीय सेना दशकों से खिलाडियों की प्रतिभा को निखार रही है। भारत में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। खेलों के उज्ज्वल भविष्य के लिए खिलाडियों को तराश कर उन्हें सेना की तर्ज पर उचित खेल मंच प्रदान करना होगा। अंतरराष्ट्रीय पहलवानों की शौहरत व प्रदर्शन युवा वर्ग को कुश्ती की तरफ आकर्षित कर रहा है। देश की बालिकाओं के लिए महिला खिलाड़ी रोल मॉडल बन चुकी हैं। अतः महिला खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेल अनुशासन व सुरक्षित माहौल जरूरी है। कुश्ती की बेहतर सूरतेहाल के लिए पहलवानों व कुश्ती संघ में चल रहे सियासी दंगल का समाधान होना चाहिए। जब देश में कई अंतरराष्ट्रीय व ओलंपिक स्तर के नामचीन खिलाड़ी मौजूद हैं तो खेल संघों से सियासत रुखसत होनी चाहिए। मैदाने सियासत के माहिर खिलाड़ी देश के हुक्मरानों को समझना होगा कि अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर राष्ट्रीय ध्वज लहराने की कुव्वत रखने वाले पदकवीर एक दिन में तैयार नहीं होते।

> युवा पहलवान खेल कोटे के तहत सेना का हिस्सा बनकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। भावार्थ यह है कि भारतीय सेना दशकों से खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखार रही है।भारत में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। खेलों के उज्ज्वल भविष्य के लिए खिलाड़ियों को तराश कर उन्हें सेना की तर्ज पर उचित खेल मंच प्रदान करना होगा। अंतरराष्ट्रीय पहलवानों की शौहरत व प्रदर्शन युवा वर्ग को कुश्ती की तरफ आकर्षित कर रहा है। देश की बालिकाओं के लिए महिला खिलाड़ी रोल मॉडल बन चुकी हैं। अतः महिला खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेल अनुशासन व सुरक्षित माहौल जरूरी है। कुश्ती की बेहतर सूरतेहाल के लिए पहलवानों व कुश्ती संघ में चल रहे सियासी दंगल का समाधान होना चाहिए। जब देश में कई अंतरराष्ट्रीय व ओलंपिक स्तर के नामचीन खिलाड़ी मौजूद हैं तो खेल संघों से सियासत रुखसत होनी चाहिए।

देश दुनीया से

समूह सात सम्मेलन का हासिल

इस तरह के सम्मेलन अपने सामूहिक उद्देश्यों को धरातल पर क्रियान्वित करने में सदा विफल रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि समूह सात के सदस्य देश एकत्र तो सामूहिक संकल्पों को पूरा करने के लिए होते हैं, पर सम्मेलन में सदस्य देशों के प्रमुखों की व्यक्तिगत रुचि अपने-अपने हित साधने में ही होती है। समूह सात देशों का उनचासवां सम्मेलन जापान के हिरोशिमा शहर में संपन्न हो गया। इसके साथ ही अमेरिका, भारत, आस्ट्रेलिया और जापान के क्वाड समूह ने भी अपना सम्मेलन हिरोशिमा में ही संपन्न कर लिया। क्वाड समूह की बैठक पहले आस्ट्रलिया में प्रस्तावित थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घरेलू ऋण संकट के कारण क्वाड बैठक में सम्मिलित होने में असमर्थता प्रकट की थी। जी-7 ने सम्मेलन में जिन संकल्पों को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रस्ताव पारित किया, उनमें रूस द्वारा यूक्रेन पर थोपे गए अवैध युद्ध का विरोध करना, हर संभव तरीक से यूक्रेन का समर्थन करना, सार्वभौम सुरक्षा हेतु नाभिकीय शस्त्रों से मुक्त एक विश्व का अंतिम लक्ष्य प्राप्त करने के लिये निरस्त्रीकरण और परमाणु अप्रसार का प्रयास करना प्रमुख थे। इसके साथ ही आर्थिक उदारता और सुरक्षा के लिए समूह के विचारगत प्रस्ताव का समन्वय करना, समूह के सदस्य और बाहरी देशों के सहयोग द्वारा भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्थाओं के मध्य सहयोग को बढ़ावा देना, अनुकूल वैश्विक खाद्य सुरक्षा हेतु भागीदार देशों के साथ मिलकर कार्य योजना शुरू करना भी है। वैश्विक अवसंरचनात्मक निवेश के लिए साझीदारी से गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना के वित्तपोषण के लिए छह सौ अरब डालर एकत्र करने का लक्ष्य प्राप्त करना भी प्रमुख हैं। इस सामूहिक प्रस्ताव में एक सशक्त और अनुकूल वैश्विक आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने, वित्तीय स्थिरता बनाए रखने और जीविकाओं तथा सतत विकास का संवर्द्धन करने के लिए साथ कार्य करने, गरीबी कम करने तथा जलवायु और प्रकृतिगत संकट का समाधान निकालने का लक्ष्य है। सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी लाने, बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को विकसित करने, अफ्रीकी देशों के साथ अपनी साझीदारी बढ़ाने तथा बहुपक्षीय मंचों पर अधिक से अधिक अफ्रीकी प्रतिनिधित्व का समर्थन करने, अपने ऊर्जा क्षेत्र के अकार्बनीकरण में तेजी लाने और नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने पर बल है। प्लास्टिक जनित प्रदूषण को समाप्त करने तथा महासागरों की रक्षा करते हुए पृथ्वी को सुरक्षित बनाने, वन, प्रकृति और जलवायु हेतु 'न्यू कंट्री पैकेजेज' के माध्यम से सहयोग को अधिक करने पर जोर दिया गया है। इतना ही नहीं, जी-7 ने दुनिया की हर प्रमुख समस्या को अपनी भावी कार्ययोजना का हिस्सा बनाया गया है। इसमें, विश्वभर में टीका निर्माण क्षमता के माध्यम से वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने, एक महामारी कोष बनाने, महामारी रोकथाम के लिए भावी अंतरराष्ट्रीय अनुबंध करने, सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा (यूएचसी) का लक्ष्य प्राप्त करने की तैयारी करने, अंतरराष्ट्रीय प्रवासन पर सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया गया है। इसके अलावा मानव तस्करी के विरुद्ध प्रयासों को सुदृढ़ करने, समावेशी कृत्रिम मेधा (एआइ) शासन स्थापित करने, परिचित लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुसार एआइ की विश्वसनीयता के संबंध में अपने सामान्य दृष्टिकोण और लक्ष्य की प्राप्ति करने, इस संबंध में पारस्परिक परिचालन के संदर्भ में उन्नत अंतरराष्ट्रीय संवाद स्थापित करने पर जोर है। दुनिया में कहीं भी बल या शक्तिपूर्वक क्षेत्रों की स्थिति बदलने और उस पर एकपक्षीय अधिकार के प्रयास करने तथा क्षेत्र पर अधिग्रहण करने का निषध करने, सार्वभौमिक मानवाधिकारों, लैंगिक समानता और मानव गरिमा को बढ़ावा देने, शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका और अंतरराष्ट्रीय सहयोग सहित बहुपक्षवाद के महत्त्व को दोहराने, नियम आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को मजबूत करने और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के विकास के साथ तालमेल रखने जैसे संकल्प भी लिए गए हैं।

> जी-7 ने सम्मेलन में जिन संकल्पों को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रस्ताव पारित किया, उनमें रूस द्वारा यूक्रेन पर थोपे गए अवैध युद्ध का विरोध करना, हर संभव तरीक से यूक्रेन का समर्थन करना, सार्वभौम सुरक्षा हेतु नाभिकीय शस्त्रों से मुक्त एक विश्व का अंतिम लक्ष्य प्राप्त करने के लिये निरस्त्रीकरण और परमाणु अप्रसार का प्रयास करना प्रमुख थे। इसके साथ ही आर्थिक उदारता और सुरक्षा के लिए समूह के विचारगत प्रस्ताव का समन्वय करना, समूह के सदस्य और बाहरी देशों के सहयोग द्वारा भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्थाओं के मध्य सहयोग को बढ़ावा देना, अनुकूल वैश्विक खाद्य सुरक्षा हेतु भागीदार देशों के साथ मिलकर कार्य योजना शुरू करना भी है।

नागरिक बोध

पर्यटन राजधानी

न जाने क्या हुआ, जो अचानक प्रदेश में हो रहा ह

दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : झारखंड स्टेट लाइवहुड प्रमोशनल सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना के तहत कौशल विकास के विभिन्न आयामों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद स्तिथ सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन माननीय मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता सहित अन्य उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा सयुंक्त रूप से दीप प्रवज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार लगातार जेएसएलपीएस के साथ विभिन्न योजनाओं द्वारा गरीबों के जीवन को उन्नत बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कई कल्याणकारी योजनाएं को धरातल पर लाया गया हैं जिसको योग्य लाभुकों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ऐसे किये गए कार्यो का नतीजा है कि आज दीदीयों के जीवन मे सशक्तता आयी है और हमें इसी दिशा में कल्याणकारी योजनाएं के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यो का विस्तृतिकर्ण करना है और अंतिम योग्य लाभुक तक लाभ पहुंचाना है। आयोजित कार्यशाला में बताया गया कि डीडीयू-जीकेवाई का लक्ष्य गरीब ग्रामीण युवाओं को कौशल और रोजगार प्रदान करना है, जिनकी मासिक आय न्यूनतम से भी कम है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास ग्रामीण विकास मंत्रालय का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जो गरीब ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रदान कर नौकरी के नए मार्ग उपलब्ध करवाता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षित अभ्यार्थियों और प्लेसमेंट के बीच का अंतर भरने के अतिरिक्त कार्यन्वयन करने वाली एजेंसियों से फीडबैक लेना था। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला से उद्योग और प्रशिक्षुओं प्लेसमेंट संबंधी चुनौतियों और अन्य मांगों को जानने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में माननीय मंत्री एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले जॉब रिसोर्स पर्सन और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर जेएसएलपीएस को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, चतरा लोक सभा क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि श्री निर्भय ठाकुर, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारी, सभी जन प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, पीआईए सदस्य व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

सीएचसी प्रभारी ने खुद केंद्र में आकर कराया टीकाकरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : बारियातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोनिया उपस्वास्थ्य केंद्र के एएनएम की लापरवाही के कारण राजगुरु मे टिकाकरण नहीं किए जाने से शिशु व गर्वती महिलाएं परेशान होने को लेकर अख़बार के माध्यम से सीएचसी प्रभारी को जानकारी प्राप्त हुआ था। खबर को संज्ञान लेते हुए सीएचसी प्रभारी सुरेश राम सम्बंधित टीम के साथ उप स्वास्थ्य केंद्र गोनिया के पोषक क्षेत्र राजगुरु, रुचवा, गड़गोमा व जबरा पहुँचे ।व खुद टिकाकरण करवाया। वहीं कई दिशा-निर्देश भी दिया! मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार, पंकज पाण्डेय, बीटीटी हिरामन पाण्डेय सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। ज्ञात हो की 0- से 5 बर्ष के बच्चे व गर्वती महिलाओ को सुरक्षा तथा बीमारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक माह टिकाकरण किया जाता है.नियमित टिकाकरण और अन्य जाँच के लिए सरकार लाखो खर्च कर उप स्वास्थ्य केंद्र मे दवा सहित जाँच के लिए अन्य सामग्री उपलब्ध करायी है। वहीं आम जनो को सेवा देने के लिए दो एएनएम रीता देवी व प्रेमलता कुमारी पदास्थापित हैं. लेकिन मनमनी के कारण टिकाकरण नहीं की थी। उक्त समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए गोनिया केंद्र के पोषक क्षेत्र के चार टिकाकरण केंद्र मे टिकाकरण करवाया गया।

ताला तोड़ लाखों की संपत्ति ले उड़े अज्ञात चोर

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना के अंतर्गत सलगा गांव निवासी कृष्ण कुमार पांडेय पिता स्वज्क्रौलेश्वर पांडेय के घर से ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात के साथ 20000 नगद चोरी कर फरार हो गए। कृष्ण कुमार पांडेय ने घटना को लेकर थाना मे आवेदन दिया है पिडीत ने बताया कि 24 मई को अपने घर में ताला लगा कर हजारीबाग पूरे परिवार बच्ची को परीक्षा दिलवाने के लिए गए थे। इस बीच घर में कोई नहीं था। 27 मई को सुबह फोन के द्वारा जानकारी मिला कि घर में ताला टूटा हुआ है। और घर का सामान बिखरा हुआ है। जब पिडीत ने सुबह घर आया। तो देखा कि उसके गोदरेज में रखे हुए जेवरात सोने का मंगलसूत्र सोने का कानबाली सोने का नथिया सोने का मांग टीका एवं गोदरेज रखा मे रखा हुआ नगद रुपया नहीं है।एवं सारा सामान बिखरा हुआ है।चोरी की घटना तथा अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना मे प्राथमिकी को लेकर कृष्ण कुमार पांडेय ने थाना को आवेदन दिया है। गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव के निर्देश पर पुलिस चोरी की घटना की जांच को लेकर सलगा गांव पहुंच कर मामले की तहकीकात कि जा रही है।

बाल संरक्षण व परिवार आधारित वैकल्पिक देखभाल को लेकर कार्यशाला का आयोजन

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला बाल संरक्षण इकाई लातेहार एवं मिराकेल फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में शहर के होटल कार्निवाल में परिवार आधारित और वैकल्पिक देखभाल दिशा में बदलाव विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विधि शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इससे पहले मेरा कल फाउंडेशन इंडिया के प्रतिनिधि विष्णु दत्त पांडे और अखिलेश श्रीवास्तव के द्वारा बुके भेंट अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यशाला में जिले में संस्थागत एवं गैर संस्थागत देखरेख में कार्य करने वाली हितधारकों को परिवार आधारित देखभाल को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। केस मैनेजमेंट सिस्टम को और अधिक सुदृढ़ बनाने, आईसीपी और एसआईआर प्रतिवेदन को भरने, स्पॉन्सरशिप से जरूरतमंदों बच्चों को जोड़ने पर चर्चा की गई। मौके पर चाइल्डलाइन लातेहार के समन्वयक आशुतोष कुमार, चाइल्डलाइन रेलवे बरवाडीह के शंभू एवं शिल्पा तथा रोज बाल गृह केंद्र के अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जेएसएलपीएस के द्वारा नगर भवन लातेहार में दीन दयाल ग्रामीण कौशल्य योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया द्य इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि दयाल ग्रामीण कौशल्य विकास योजना के माध्यम से ग्रामीण युवक युवतियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ा जाता है द्य उन्होंने कहा इस योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाता है, साथ ही प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्था के द्वारा प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने के लिए भी सहयोग किया जाता है द्य उन्होंने लोगों से अपील किया कि अपने आसपड़ोस के व्यक्तियों को इस कौशल विकास प्रशिक्षण योजना के बारे जानकारी दें। जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा स्किल के अभाव में कई युवक युवती रोजगार नहीं प्राप्त कर पाते हैं द्य दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़कर लातेहार जिले के युवक- युवती रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं द्य जिसके पश्चात वे राज्य या राज्य के बाहर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं द्य परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा ने कहा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना बेरोजगारी दूर करने में मददगार साबित होगा द्य उन्होंने युवाओं से इस योजना के तहत निशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील किया द्य आगे उन्होंने कहा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर युवक युवती किसी कंपनी में रोजगार करने के अलावा स्वरोजगार भी कर सकते हैं द्य उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के बारे बताते हुये कहा इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग को स्वरोजगार के लिए 25 लाख रूपये तक का ऋण प्रदान किया जाता है। कार्यशाला में डीपीएम जेएसएलपी संतोष कुमार एवं प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव अमित कुमार ने दीनदयाल उपाध्याय कौशल्य योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में दिये जाने वाले कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया।

उपायुक्त के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक ने जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का ने पूर्व से निर्धारित जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। आमजनों ने एक-एक कर डीआरडीए निदेशक से मिल अपनी-अपनी समस्याएं सुनाया। समस्याओं में मुख्य रूप से आवास से संबंधित मामले, भूमि से संबंधित मामले, पेंशन एवं राशन कार्ड से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। डीआरडीए निदेशक ने जनता दरबार के माध्यम से आए आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए जल्द उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा जताया। उन्होंने मौके पर आम जनों से प्राप्त आवेदनों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बताते चले की सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक उपायुक्त अबु इमरान द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन निराकरण किया

बस और स्विफ्ट कार में हुई भीषण टक्कर कार सवार हुए घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : थाना के अंतर्गत गंगापुर के आस पास ददुआ आहार के समीप साथी बस एवं स्वीट कार में जोरदार टक्कर हुई। जिसमें स्वीट कार की परखच्चे उड़ गए। एवं सवार पति-पत्नी घायल हो गए। जिसको बेहतर इलाज के लिए गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव के तत्परता से एंबुलेंस के सहारे चतरा सदर अस्पताल भेजा गया। जहां दोनों पति-पत्नी खतरे से बाहर हैं। कार सवार बताया जा रहा है कि राजपुर थाना से बिलॉन्ग करते हैं। कार नंबर जेएच 02 बीसी 8690 है। दोनों गाड़ी को प्रशासन अपने कब्जे में ले लिया है। कार हजारीबाग से चतरा या रही थी। एवं साथी बस चतरा से 12:30 बजे के समय में हजारीबाग जा रही थी।

माओवादी कमांडर छोटू खेरवार समेत 30 नक्सलियों पर प्राथमिकी दर्ज

महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता): सरनाडीह गांव के निकट बन रहे पुल निर्माण कार्य में लगे वाहनों को जलाने के मामले में पुलिस ने माओवादी कमांडर छोटू खेरवार समेत 30 माओवादियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं पुलिस के द्वारा माओवादियों के खिलाफ छापामारी अभियान भी चलाया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी राजेश कुजूर ने बताया कि घटनास्थल पर मिले नक्सली पर्चा के आधार पर पुलिस ने माओवादी कमांडर छोटू खैरवार समेत 30 नक्सलियों पर महुआडांड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने कहा कि माओवादियों के खिलाफ पुलिस का छापामारी अभियान भी जारी है। हो कि गुरुवार की देर रात माओवादी कमांडर छोटू खेरवार के नेतृत्व में माओवादियों ने महुआडांड़ थाना क्षेत्र के सरनाडीह गांव के पास बन रहे पुल निर्माण स्थल पर जमकर उत्पात मचाया था। इस दौरान नक्सलियों ने निर्माण कार्य में लगे एक पोकलेन समेत चार ट्रैक्टरों को जला दिया था। वही कई मजदूरों के साथ मारपीट भी की थी।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच मजदूरों से पूछताछ की थी। जिसमें सभी मजदूरों ने बताया था कि जो नक्सली घटना को अंजाम देने आए थे उनके पास अत्याधुनिक हथियार थे।घटनास्थल के पास से ही पुलिस को माओवादी दक्षिण कोयल शंख जोन के नाम से एक पर्चा भी मिला था। जिसमें इस घटना को अंजाम देने की जिम्मेदारी ली गई थी।

टावर का काम रोका, रूट बदलने की बात पर अड़े ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड़ (लातेहार) : महनार थाना क्षेत्र अंतर्गत कीता, कुरो कला और कुरो खुर्द ग्राम के दर्जनों ग्रामीणों ने शुक्रवार को 132 केवी हाई वोल्टेज तार ले जाने के लिए लगाए जा रहे हैं टावर के कार्य को रोक दिया। जहां पहुंचे थाना प्रभारी आशुतोष यादव के बार-बार समझाने के बाद ग्रामीणों ने बताया की बिना ग्रामीणों के सहमति के चैनपुर शब्द रीड तक बिजली तार ले जाया जा रहा है जिसमें हम सभी ग्रामीणों का खेती योग्य भूमि बर्बाद हो रहा है। साथ ही अपनी बात उच्च अधिकारीयों के पास रखने की इच्छा जाहिर की। मामले की जानकारी मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजुर के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंन डांग, महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव ग्राम किता स्थित कार्यस्थल पर पहुंचे। अनुमंडल पदाधिकारी निखिल सुरीन ने उपस्थित ग्रामीणों को बिजली पहुंचने से होने वाले लाभ के बारे में बताया। इस योजना से किस तरह प्रखंड का विकास होगा आदि बातें समझाई। जिस पर ग्रामीण बिजली तार को रूट बदलते हुए अन्य किसी जगह से ले जाने की बात पर अड़े रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि यह जमीन हमारे जीविका उपार्जन का साधन है इस पर खेती करके के हम अपना गुजर-बसर करते हैं। जिस पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर ने ग्रामीणों को समझाया की टावर के लगने से आपकी जो भूमि अधिग्रहीत की जा रही है इसका मुआवजा आप सभी को मिलेगा साथ ही जिनके भी जमीन के ऊपर से यह तार गुजरेगा उन सभी को मुआवजा मिलेगा और इसके बावजूद आप इस जमीन पर खेती कर सकते हैं, इससे आपको किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। इन सबके बावजूद ग्रामीण अपनी बात पर अड़े रहें।

जीपीडीपी फैसिलिटेटर को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

➲पर्याप्त जल युक्त ग्राम एवं स्वस्थ और हरित ग्राम बनाने का बताया पहला प्राथमिकता

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखणड सह अंचल परिसर के सभागार में 27 मई को जीपीडीपी फैसिलिटेटर को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसका मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह बीपीओ अजय कुमार सिन्हा एवं उप प्रमुख प्रितम यादव थे। जिसका संचालन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीताराम रजक किया। प्रशिक्षण में प्रखंड से 12 महिलाएं उपस्थित थी। साथ में प्रखंड के सभी पंचायत से मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। और प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी भी प्रशिक्षण में शामिल थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि पंचायत के सर्व प्रथम प्राथमिकता कार्य, पर्याप्त जलयुक्त ग्राम एवं स्वाच्छ और हरित ग्राम होना आवश्यक है। उसके बाद पंचायत के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा आगामी वर्ष की योजना को ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित करना है। पंचायत द्वारा चुने हुए एल एस डीजी गतिविधियों को चिन्हित करना एवं विभिन्न विभाग द्वारा कार्य योजना का निर्माण करना एवं पंचायत में कार्य योजना को तैयार करना है। पंचायत के द्वारा संबंधित विषय में 15 वे वींत की अनलिमिटेड फंड के माध्यम से कम से कम 50 प्रतिशत राशि का आवंटन किया जाना है। परंतु ऐसे नहीं होने की दिशा में ग्राम पंचायत को पुनः विचार हेतु सुझाव देना है। भारत सरकार द्वारा दिए गए फॉर्मेट की ग्राम पंचायत योजना को संकलन करना है।और भीपीआरपी बालसभा एवं अन्य केंद्र द्वारा संचालित योजना को समेकन करना है। ऐसे अनेकों जानकारियां बतलाई गई। मौके पर उपस्थित मुखिया जगदीश यादव, निर्मला देवी, मुखिया पति बसंत कुमार सिंह, दिनेश भारती, मुकेश साव जेएसएलपीएस से एफटीसी अनिल प्रजापति सीसी अरुण कुमार पंचायत सेवक कमलेश कुमार वर्मा, दिगंबर पांडेय बाल विकास परियोजना ऊषा प्रसाद न्यूट्रीनिस्ट से अंजुम परवीन कंप्यूटर ऑपरेटर अभिनंदन कुमार जीपीडीपी फैसिलिटेटर प्रतिमा देवी नीलम देवी पूर्णिमा देवी रूपा देवी व अन्य लोग शामिल थे।

कृषक गोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में पर्यावरण पूरक जीवन पद्धति अभियान के तहत कृषक गोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी एसएन महतो ने किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड के विभिन्न गांवों से उपस्थित बिरसा किसानों को पर्यावरण शपथ के बारे में बताया गया। वन्यप्राणीयों एवं पर्यावरण के संरक्षण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने एवं वृक्षारोपण तथा उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करने, किसी भी वन्य प्राणियों का नुकसान नहीं पहुंचाने, एवं अन्य लोगों को भी नुकसान पहुंचाने से रोकने का हर सम्भव प्रयास करने अपने घर गांव, नगर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देंने, और प्लास्टिक के उपयोग में कमी करने का वचन देने जैसे शपथ के बारे मे जानकारी दिया। साथ ही जलवायु परिवर्तन व जैविक खेती के बारे में जानकारी दी गई। वही पशु सखी, महिला सखी मंडल, एसएसएल, पीएस, बीपीएमसीसी सहायक तकनीकी प्रबंधक समीम अंसारी, प्रखंड उप प्रमुख निशा सहदेव, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा लातेहार की गरिमापूर्ण उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुई।

अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट खेलने को तैयार महुआडांड़ स्ट्राइकर्स टीम

महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला कप्तान अंजनी अंजनी के निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आगामी 21 जून 2023 को लातेहार पुलिस के सौजन्य से अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर महुआडांड़ पुलिस प्रशासन के द्वारा खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा के आधार पर चयनित कर टीम का गठन कर लिया गया है। महुआडांड़ के इस टीम को महुआडांड़ स्ट्राइकर्स का नाम दिया गया है। महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव, पु0अनी संजय रतन, पु0अनी रतन टूडू,पु0अनी जफर आलम के द्वारा चयनित खिलाड़ियों को क्रिकेट किट भी उपलब्ध कराया गया। जिससे वे अच्छी तरह से प्रैक्टिस कर पूरी तैयारी के साथ इस क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले सकें। साथ ही महुआडांड़ पुलिस के द्वारा चयनित सभी खिलाड़ियों को प्रैक्टिस कराया जा रहा है। जिससे वे जिला में होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन देते हुए अपनी जीत दर्ज करा कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें।

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 14/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 09.06.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 10.06.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 10.06.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– 15वें वित्त आयोग के अधीन

क0 स0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राकलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	योजना पूर्ण करने की तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	विष्णुगढ़	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विष्णुगढ़, हजारीबाग के परिसर में Block Public Health Unit का निर्माण।	5014200.00	10000.00	101000.00	नौ माह

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 298501 District (23-24)_D

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा

आम सूचना

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या–02 रा0(विभाग),दिनांक–04.05.2023 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल 152 पंचायतों में प्रथम चरण में दो दिवसीय विशेश पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है,जिसमें से 60 पंचायातों की सूची निम्नवत् है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में अपने पशुओं के साथ आकर टैगिंग करालें तथा चिकित्सा, बध्यिाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। INAPH टैगिंग के बिना सरकार द्वारा किसी प्रकार का लाभ नही दिया जायेगा। शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे निर्धारित है। शिविर स्थल पर कोरोना से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें एवं मास्क अवश्य लगावें।

क्र0सं0	पंचायत का नाम	आयोजन स्थल का नाम	आयोजन की तिथि	उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम
		प्रखण्डः– सिमरिया		
1	बन्हे	बन्हे/गोवा खुर्द	01.06.2023/02.06.2023	डॉ0 अजीत शरण, प्रतिनियुक्त भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सिमरिया।
2	बानासाड़ी	बानासाड़ी/रोल	05.06.2023/06.06.2023	
3	पुण्डरा	पुण्डरा/सिकरी	09.06.2023/10.06.2023	
4	एदला	बड़ा एदला/छोटा एदला	13.06.2023/14.06.2023	
		प्रखण्डः– लावालौंग		
5	रीमी	सेहदा/तुलबुल	03.06.2023/04.06.2023	डॉ0 अजीत शरण, प्रतिनियुक्त भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सिमरिया।
6	मधनिया	मधनिया/हुटरू	07.06.2023/08.06.2023	
7	सिलदाग	सिलदाग/नावाडीह	11.06.2023/12.06.2023	
		प्रखण्डः– हण्टरगंज		
8	नवाडीह पनारी	मायापुर कला/सैयपुर	01.06.2023/02.06.2023	डॉ0 निरंजन कुमार निराला, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, हंटरगंज।
9	जबड़ा	बांका/खजुरया कला	03.06.2023/04.06.2023	
10	मीरपुर	आमीन/शेरपुर	05.06.2023/06.06.2023	
11	नवाडीह	खुटीकेवाल कला/भोजपुर	07.06.2023/08.06.2023	
12	डाहा	बेला/डाहा	09.06.2023/10.06.2023	
13	गोसाईंडीह	पिण्डरी/नागर	11.06.2023/12.06.2023	
14	गेरूआ	बढही बिगहा/गेरूआ	13.06.2023/14.06.2023	
15	कोबना	कोबनी/डाहा	01.06.2023/02.06.2023	डॉ0 मो0 रेहान अहमद रजा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, दंतार।
16	तरवागड़ा	तरवागड़ा/राहरबार	03.06.2023/04.06.2023	
17	जोलडीहा	कसियाडीह/कदलगोरी	05.06.2023/06.06.2023	
18	दंतार	लेढो/दंतार	07.06.2023/08.06.2023	
19	डुमरी कला	बेला/तुलसीपुर	01.06.2023/02.06.2023	डॉ0 अलोना संगम, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जोरी।
20	चकला	विशुनपुर/चकला	03.06.2023/04.06.2023	
21	करमा	निंजरा/बसरिया	05.06.2023/06.06.2023	
22	करैलीबार	औरवा/कुरीद	07.06.2023/08.06.2023	
23	सलैया	पहाड़पुरा/सलैया	09.06.2023/10.06.2023	
24	जोरी कला	जोरीकला/बानसिंग	11.06.2023/12.06.2023	
25	कटैया	घंघरी/कटैया	13.06.2023/14.06.2023	
		प्रखण्डः– प्रतापपुर		
26	सिजुआ	सिजुआ/ मैराग खुर्द	01.06.2023/02.06.2023	डॉ0 संजीव ओझा, प्रतिनियुक्त भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, प्रतापपुर।
27	योगियारा	योगीयारा/लिदिक	05.06.2023/06.06.2023	
28	घोडदौढ़	घोडदौढ़/गेरूआ	09.06.2023/10.06.2023	
29	चन्द्री गोविंदपुर	चन्द्रीगोविन्दपुर/दानापुर	13.06.2023/14.06.2023	
		प्रखण्डः– टण्डवा		
30	पदुमपुर	पदुमपुर/लेम्बुआ	01.06.2023/02.06.2023	डॉ0 मधु कुमारी, प्रतिनियुक्त भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टण्डवा।
31	धनगड़ा	खैरका/धनगडा	05.06.2023/06.06.2023	
32	मिश्रौल	शिवपुर/टेकठा	09.06.2023/10.06.2023	
33	नावाडीह उर्फ तेलियाडीह	खदैया/नावाडीह	13.06.2023/14.06.2023	
		प्रखण्डः– पत्थलगडा		
34	नावाडीह	नवाडीह/डमौल	03.06.2023/04.06.2023	डॉ0 मधु कुमारी, प्रतिनियुक्त भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टण्डवा।
35	बरवाडीह	बेलहर/कुप्पा	07.06.2023/08.06.2023	
36	सिंहानी	पत्थलगड़ा/सिंहानी	11.06.2023/12.06.2023	
		प्रखण्डः– कान्हाचट्टी		
37	चिरिदिरी	चिरिदिरी/नईकी हेसांग	01.06.2023/02.06.2023	डॉ0 सुरज कुमार, प्रतिनियुक्त भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कान्हाचट्टी।
38	कोल्हैया	कोल्हैया/मांग कुरकुट्टा	05.06.2023/06.06.2023	
39	बेंगोकला	बेंगोकला/मनगड़ा	09.06.2023/10.06.2023	
40	तुलबुल	तुलबुल/करमा	13.06.2023/14.06.2023	
		प्रखण्डः– गिद्धौर		
41	मझगाँवा	मझगाँवा/पिण्डोरकोन	03.06.2023/04.06.2023	डॉ0 सुरज कुमार, प्रतिनियुक्त भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कान्हाचट्टी।
42	बारीसाखी	बारीसाखी/डढुँआ	07.06.2023/08.06.2023	
43	गिद्धौर	गिद्धौर/कटघरा	11.06.2023/12.06.2023	
		प्रखण्डः– ईटखोरी		
44	पितीज	हुरनाली/पितीज	01.06.2023/02.06.2023	डॉ0 अमरेन्द्र कुमार, प्रतिनियुक्त भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटखोरी।
45	टोनाटांड	टोनाटांड/नगवाँ	05.06.2023/06.06.2023	
46	हलमता	हलमता/मुरूमदांग	09.06.2023/10.06.2023	
47	धनखेरी	धनखेरी/परोका	13.06.2023/14.06.2023	
		प्रखण्डः– मयुरहंड		
48	सोकी	गुरवाडीह/ढेबादूरी	03.06.2023/04.06.2023	डॉ0 अमरेन्द्र कुमार, प्रतिनियुक्त भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटखोरी।
49	करमा	ढोढी/सेवाल	07.06.2023/08.06.2023	
50	मझगावाँ	मझगावाँ/मधनिया	11.06.2023/12.06.2023	
		प्रखण्डः– चतरा		
51	आरा	आरा/होलमगढ़ा कला	01.06.2023/02.06.2023	डॉ0 अंजु कुजुर, भ्रम

संक्षिप्त खबरें

तूफान प्रभावितों को मिले मुआवजा : जदयू

हजारीबाग : गत 25 मई 2023 को अचानक आई बारिश और तूफान ने हजारीबाग शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भयंकर जानमाल का नुकसान किया। कुछ लोग घायल हुए कुछ बेघर हुए साथ ही अन्य परिसंपत्तियों का भी अच्छा खासा नुकसान हुआ। इस संदर्भ में जिला जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग उपायुक्त हजारीबाग से मांग करती है कि घायलों को तत्काल 50000 और जिनका घर नुकसान हुआ है उन्हें चिन्हित कर क्षति अनुसार आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा नुकसान के अनुसार मरम्मत के लिए भुगतान कराया जाए। मांग करने वालों नेताओं में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र मोहन पटेल ,जिला उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर है।

झारखंड इंटर साइंस स्टेट टॉपर दिव्या का सपना पूरा करेगा अलंकार ज्वेलर्स एंड संस

रामगढ़ : झारखंड इंटर साइंस स्टेट टॉपर दिव्या कुमारी का सपना पूरा करेगा अलंकार ज्वेलर्स एंड संस रामगढ़ । रामगढ़ की छात्रा दिव्या कुमारी ने 479 अंक लाकर इंटर साइंस की स्टेट टॉपर बनी है दिव्या कुमारी का सपना है कि वह मेडिकल की पढ़ाई करें परंतु उनके माता-पिता बेहद गरीब हैं उनके पिता एक निजी संस्थान में नाइट गार्ड का काम करते हैं और माता सिलाई का काम करती है इसलिए दिव्या कुमारी की पढ़ाई के प्रति निष्ठा और लगन को देखते हुए अलंकार ज्वेलर्स एंड संस के मालिक सुशील कुमार गुप्ता ने उसके सपने को पूरा करने में सहयोग देने के लिए कदम उठाया है तथा आश्वासन दिया है कि अभी से लेकर मेडिकल तक की पढ़ाई में होने वाले खर्च की पूरी जिम्मेवारी अलंकार ज्वेलर्स उठाएगा। साथ ही दिव्या कुमारी के माता-पिता को 25000 का चेक सहयोग राशि देखकर यह भरोसा दिलाया कि आपकी बेटी के सपनों में किसी तरह की कठिनाई नहीं होने देंगे।

अर्जुन प्रसाद केशरी टूर्नामेंट का विजेता बना बरही बीएसए

बरही : प्रखंड मैदान में चल रहें सात दिवसीय सीरीज अर्जुन प्रसाद केशरी अंडर 16 टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बरही बीएसए की टीम ने 40 ओवर के मैच में 34 ओवर में 10 विकेट खोकर 190 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। वहीं बरही बीएसए की और से ऋषि कुमार एवं अनीश कुमार शानदार बल्लेबाजी किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया की टीम ने 38.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 172 रन ही बना सकी। इस श्रृंखला में बेस्ट बल्लेबाज अनीश कुमार, बेस्ट फील्डर ऋतिक कुमार एवं बेस्ट गेंदबाज सिद्धांत कुमार को चुना गया। मौके पर बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, प्रवीण रॉय (एचडीसीए) प्रभात कुमार (एचडीसीए) जावेद इस्लाम, बलराम केशरी धर्मपाल केशरी, गुलाम मुस्तफा, प्रभात कुमार यादव, सुधीर पासवान, नीतीश कुमार यादव, बसंत ठाकुर एवं संतोष शर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

अवधेश कुमार गुप्ता मेमोरियल -20 लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का सभी लीग मैच संपन्न

रामगढ़ : छावनी फुटबॉल मैदान में रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित स्वर्गीय अवधेश कुमार गुप्ता मेमोरियल ञ्ज20 लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 शनिवार को 12वां मैच लीग टूर्नामेंट का आखरी मैच संपन्न हुआ ।इस मैच फायर बॉल बनाम स्काई फोर्स के बीच खेला गया। फायर बॉल टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में मात्र 3 विकेट के नुकसान पर 235/3 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया साथ ही इस टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर फायर बॉल के नाम रहा जवाबी पारी खेलते हुए स्काई फोर्स 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर मात्र 146 रन ही बना पाया।इस प्रकार 89 रन से फायर बॉल जीत दर्ज किया लीग टूर्नामेंट में फायर बॉल्स का लगातार तीसरी जीत और फाइनल में अपनी जगह बनाया,फायर बॉल्स के ओपनर बल्लेबाज मोहित कुमार 57 बॉल में 17 चौके 5 छक्के के सहायता से 122 रन बनाया ।

समाहरणालय में रखे ईवीएम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : बड़कागांव विधानसभा चुनाव, 2022 से सम्बंधित समाहरणालय के ब्लॉक ए के निचले तल्ले के स्ट्रांग रूम में रखें ईवीएम का विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार के द्वारा सुश्री मिश्रा को जानकारी दी गई कि निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में वैसे ईवीएम जिनके निर्माण के उपरांत 15 वर्ष की अवधि पूरी हो गई है उनका निस्तारण किया जाना है। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मिश्रा ने ईवीएम (कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट) का निरीक्षण करने के उपरांत वैसे ईवीएम जिनके निर्माण के उपरांत 15 वर्ष पूरे हो चुके हैं उनके निस्तारण हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, एसएमपीओ विक्रम सोनी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

बड़कागांव पुलिस ने 160 फिट ऊंचे पहाड़ से मानव कंकाल बरामद किया

मामले को लेकर जांच में जुटी पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड के आंगो पंचायत अंतर्गत कल्हुबेड़ा जंगल से बड़कागांव पुलिस ने संभवतः लगभग 15 दिन पूर्व मृत व्यक्ति का मानव कंकाल बरामद किया है। कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर हॉस्पिटल भेज दिया गया है। पुलिस ने मानव कंकाल के बगल से लगभग 8 फीट की दूरी पर काला रंग का पैंट एवं धूल मिट्टी के कारण मटमैला रंग का शर्ट बरामद किया है। पुलिस मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष का होने का अनुमान लगा रही है। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है। बताते चलें कि कंकाल आंगों स्थित कल्हुबेड़ा जंगल के तकरीबन 160 फीट ऊंची पहाड़ पर लाश पाया गया है। सभी दृष्टिकोण से पुलिस जांच कर रही है। सर्वप्रथम पुलिस यह जांच में जुटी हुई है कि लाश किस व्यक्ति का है कहां का रहने वाला था। पता चलने के बाद भी परिवार के डीएनए टेस्ट रिपोर्ट से ही मृतक की पूरी तरह से पहचान की जा सकती है।

अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

रजरप्पा थाना क्षेत्र से लगभग 1500 सीएफटी बालू किया गया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शनिवार को अधिकारियों द्वारा चलाए गए औचक जांच अभियान के दौरान रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के समीप लगभग 1500 सीएफटी बालू का भंडार पाया गया। अधिकारियों द्वारा आसपास के लोगों से जानकारी लेने पर किसी के द्वारा भी उक्त बालू पर दावा नहीं किया गया जिसके उपरांत अधिकारियों द्वारा लगभग 1500 सीएफटी बालू को जब्त करने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ऐश हैंडलिंग के मजदूर पीवीयूएन प्रबंधन के उदासीन रवैया पर रणनीति तय करेंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : शनिवार को पीवीयूएन के मुख्य गेट के समीप पूर्व में कार्यरत ऐश हैंडलिंग मजदूरों के प्रतिनिधियों के द्वारा प्रेस के माध्यम से कहां गया है कि 28 मई 2023 दिन रविवार को अहम बैठक बिरसा मार्केट स्थित जेएमएम कार्यलय मे रखा गया है। साथ ही मजदूरों के प्रतिनिधियों ने बताया कि विगत 11 मई 2023 को पतरातू डैम स्थित पर्यटन विहार गेस्ट हाउस उद्घाटन समारोह कार्यक्रम के दौरान झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपनी व्यथा सुनाई और लिखित आवेदन देने के बावजूद अभी तक पीवीयूएन के प्रबंधन को मजदूरों की समस्या सुनने का समय नहीं मिल रहा है। इसी को लेकर मजदूरों के प्रतिनिधियों के द्वारा प्रबंधक से मिलकर और कई बार फोन के माध्यम से संपर्क करने कि कोशिश किया गया।

हजारीबाग निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 32 स्थित खिरगांव में विधायक ने दिया पीसीसी पथ का सौगात

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शुक्रवार की देर शाम की हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 32 स्थित खिरगाँव पंहुचे तो स्थानीय लोगों ने भाजयुमो नेता राजकरण पांडेय के नेतृत्व में फूलमाला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया। विधायक मनीष जायसवाल ने यहां लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलते हुए दुख- सुख की बातें की और स्थानीय समस्याओं से रूबरू हुए ।तत्पश्चात खिरगांव स्थित बेलाही तालाब परिसर में विधायक निधि की राशि करीब ढाई लाख रुपए नवनिर्मित पीसीसी पथ का विधिवत उद्घाटन पूजा- अर्चना कर, नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि आजादी के बाद पिछले 8 वर्षों में खिरगांव और खिरगांव के आसपास बसे नए गली मोहल्ले का विकास तेजी से हुआ है ।

बड़कागांव में तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : गुरुवार को हुए बारिश और आंधी तूफान के कारण बड़कागांव प्रखंड में 3 दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। बड़कागांव के लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस गए हैं। ऐसे में शनिवार को सुचारू रूप से बिजली चालू करवाने के लिए समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू इराकी बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ बिजली के खंभे और तार को ठीक करने के लिए खुद मैदान में उतर गए। सोनू ने बिजली विभाग के कर्मचारीयो के साथ मिल कर गिरे हुवे तार को रिपेयर करवा कर बिजली उपलब्ध करवाने सराहनीय प्रयास किया। समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू ने झारखंड के मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन एवं पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना के महाप्रबंधक से पकरी बरवाडीह सब स्टेशन से लंगातू सबस्टेशन में बिजली कन्वर्ट करने का मांग किया।

विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इंटर साइंस में स्टेट टॉपर हुई दिव्या कुमारी को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ गांधी मेमोरियल हाईस्कूल कि छात्रा ने साइंस में 95,80 त्न प्रतिशत अंक लाकर स्टेट टॉपर बनने का गौरव प्राप्त करने वाली, रामगढ की दिव्या कुमारी को सम्मानित किया गया। रामगढ के वार्ड नंबर 6 के अन्तर्गत विकास नगर स्थित उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया गया, विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव सह सदस्यता प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, संरक्षक नवीन पाठक इत्यादी ने सयुंक्त रूप से बुके, कप एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किये , मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि दिव्या कुमारी ने रामगढ का नाम पुरे राज्य भर मे रोशन किया। दिव्या कुमारी नई उचाईयो को छूये , झारखंड राज्य सरकार से भी मांग करते है कि होनहार बच्ची कि पढ़ाई का खर्च वहन करे। इस अवसर पर दिव्या कुमारी के पिता आलोक बिहारी, माता कुशुम देवी, भाई गौरव वर्मा के अलावा विश्व ब्राह्मण संघ के कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा एवं सचिव सुरेंद्र पांडेय, जितेन्द्र पांडेय इत्यादि लोग उपस्थित थे।

आदिवासी जन परिषद आदिवासी, मूलवासियों की जमीन व हक अधिकार को लेकर उठाएगा आवाज : शत्रुधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : आदिवासी जन परिषद जिला रामगढ़ समेत आस-पास के क्षेत्रों में आदिवासियों, मूलवासियों की जल- जंगल- जमीन व हक, अधिकार को लेकर आवाज उठाएगा। यह बातें प्रेस बयान जारी कर आजप के केंद्रीय उपाध्यक्ष शत्रुधन बेदिया ने शनिवार को कहीं। बताया कि लगातार जिला रामगढ़, टोंगी, पडरिया, हेसला, मनुवां, फुलसराय, गिद्दी, रेलीगढ़ा, डाड़ी व अरगड्डा-सिरका क्षेत्र से सटे ग्रामीण आदिवासियों की जमीन कब्जा लूट का मामला चर्चा में हैं। जिसकी जांच पड़ताल कर केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आगे की कार्रवाई होगी। किसी भी कीमत पर आदिवासियों, मूलवासियों की जमीन लूट के षड्यंत्र को पूरा नहीं होने दिया जाएगा। इसे रोकने की हरसंभव कोशिश की जाएगी। इसके लिए सभी समाज के लोग आंदोलनात्मक रूप से एकजुट होकर अपने हक, अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहें।

गोबर-धन योजना के तहत किसानों को किया गया जागरूक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : प्रखंड अंतर्गत कोतो पंचायत में गोबर-धन योजना के तहत क्षेत्र के किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया । इस जागरूकता अभियान के माध्यम से स्मार्ट अग्रीकलचर एवं गोबर धन स्कीम अवरनेश के तहत किसानों को योजना अंतर्गत विधिवत वैज्ञानिक विधि से प्रयोग करने की जानकारी दी गई द्य इस जागरूकता अभियान के माध्यम से किसानों को मोटे अनाज की खेती जैसे मडुआ मक्का ज्वार बाजरा की खेती करने के लिए बताया गया । तथा वैसे किसान जिनका कृषि ऋण माफी योजना के तहत सूची में नाम है। वैसे किसानों को जल्द से जल्द ई-केवासी करने के लिए बताया गया । कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक धरमजीत खेरबार कोतो पंचायत मुखिया निधि सिंह वार्ड सदस्य संजय कुमार अमित कुमार कृषक मित्र मनोज भगत जगदेव महतो महेंद्र कुमार सखी मंडल समूह के महिला कृषक एवं कृषक मित्र उपस्थित थे।

मुखिया के प्रयास से मांडू चट्टी पंचायत के धरणियां टांड टोला में पेयजल समस्या का हुआ निदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी ने 15वें वित्त आयोग के राशि से 5 वर्षों से खराब पड़े मिनी जलमिनार एवं डीप बोरिंग को दुरुस्त करा कर के पेयजल सुविधा उपलब्ध कराया है। मुखिया अनीता देवी ने पूजा अर्चना करके और फीता काटकर इसका उद्घाटन किया । धरणियाँ टांड के ग्रामीण 3 किलोमीटर दूरी से पानी लाने के लिए जाते थे ।ग्रामीणों ने मुखिया अनीता देवी का फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया।मौके पर पंचायत सचिव राजकुमार शाह ने कहा की पानी का कापी दिक्कत था ग्रामीणों में काफी खुशी का लहर है । इस मौके पर भानु देवी वार्ड सदस्य झारखंड आंदोलनकारी धनेश्वर साहू समाजसेवी बालेश्वर भुइयां योगेश्वर महतो लालमोहन भुइयां सीटन भुइयां राज कुमार गणेश भुइयां आरती देवी रीना देवी कर्मी देवी सुबोध भुइयां अजय भुइयां देवकी भुइया रंजित भुइयां रामप्रसाद पंडित निशीकांत गुप्ता गौरी शंकर कुमार कचन भईया काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

आंधी ने ली महिला की जान

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : बीते गुरुवार की शाम को अचानक झारखंड के कई हिस्सों में आंधी- तूफान के साथ बारिश और वज्रपात ने भारी तबाही मचाई। राज्य के अन्य जिलों के साथ हजारीबाग में भी तेज आंधी- पानी की वजह से जनजीवन बेहद प्रभावित हुआ। जहां पेड़ गिरने से कई इलाकों के रास्ते बंद हो गए वहीं बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई। कई लोगों के घर- मकान, दुकान और गाड़ी क्षतिग्रस्त हुआ तो इस प्राकृतिक आपदा से कई लोग घायल हुए और कई की जिंदगी की इहलिला भी समाप्त हो गई ।भयंकर आंधी ने हजारीबाग शहर के लाखे निवासी एक 31 वर्षीय महिला की जान ले ली। दूसरे के घर में घरेलू कामकाज कर अपने परिवार का भरण- पोषण करने वाली लाखे निवासी महिला निभा कुमारी हर दिन की तरह दूसरे के घर से काम करके अपने घर लाखे लौट रही थी तभी अचानक आंधी तूफान आया और उसने अपने आप को बचाने के प्रयास में लाखे शिव मंदिर के पास रुकी। तभी पास के राणाजी हाइट अपार्टमेंट से उड़ता हुआ करकट शीट एंगल समेत उसके माथे पर आ गिरा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में स्थानीय लोगों के सहयोग से उनके परिजनों ने इलाज के लिए एचएमसीएच लाया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए महिला को रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में इलाज के दौरान महिला ने शुक्रवार की शाम को दम तोड़ दिया। शनिवार को मृतक महिला का सदर विधायक मनीष जायसवाल के सहयोग से एचएमसीएच में पोस्टमार्टम कराया गया और शव को उनके घर भेजा गया।

फार्मेसी और पारामेडिकल का विक्टर क्लासेस की हुई कैरियर काउंसलिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : जी.एम ग्रुप ऑफ कॉलेज हजारीबाग के सौजन्य से फार्मेसी और पारामेडिकल का विक्टर क्लासेस बरही में कैरियर काउंसलिंग हुई।विक्टर क्लासेस के डायरेक्टर दीपक गुप्ता और संस्था के सम्मानित शिक्षकों के द्वारा ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी एंड पारामेडिकल से कैरियर काउंसलिंग के लिए आए हुए शिक्षक अरविंद झा को बुके देकर सम्मानित किया गया।कैरियर काउंसलिंग में अरविंद झा ने जी. एम ग्रुप ऑफ कॉलेज हजारीबाग संस्थान में हो रहे कोर्सेज Pharmacy {D. Pharmacy, B. Pharmacy}Paramedical :- {DMLT, OT Assistant, X-RAY, Ophthalmic Asstt, Dresser} Nursing :- {ANM, GNM} INTER :- Science, Commerce, Arts BACHELOR :- B.A, B.Com की पूरी जानकारी विद्यार्थियों को दी। जी.एम ग्रुप ऑफ कॉलेज के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव राज आर्यन, मुकेश कुमार और बिरेश ने भी कैरियर से संबंधित बच्चों को मोटिवेट किए। विक्टर क्लासेस के मैट्रिक पास, इंटर साइंस पास, 50 विद्यार्थियों कैरियर काउंसलिंग में उपस्थित थे।

आरोग्यम हॉस्पिटल के सर्जन ने तीन घंटे के जटिल ऑपरेशन कर बचाई युवक की जान

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग के एकलौते सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सर्जरी विभाग ने एक बार फ़िर जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर एक 18 वर्षीय युवक की जिंदगी बचा ली। हॉस्पिटल के प्रसिद्ध लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. बी. एन. प्रसाद के नेतृत्व में यह संभव हो सका। पीछले करीब 11 दिन पहले चतरा जिले के इटखोरी के रहने वाले 18 वर्षीय कुणाल कुमार रवानी के साथ आंधी- तूफान के बीच पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ना महंगा पड़ गया। कुणाल कुमार रवानी आम पेड़ से फिसलकर ऐसे गिर गए की उनका उनके पेट फूल गया और पेट में असहनीय दर्द के साथ श्वास लेने में काफ़ी समस्या होने लगी। जिसके बाद कुणाल के परिजनों ने हजारीबाग के आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में विश्वास जताते हुए यहां भर्ती कराया। सर्जन डॉ. बी.एन.प्रसाद के नेतृत्व में इलाज शुरू हुआ। प्रथम दृष्टा एक्स-रे से पकड़ में नहीं आया तो पेट का सीटी स्कैन कराया गया। जिसमें पता चला की पेट में एयर भर गया है लेकिन स्पष्ट कारण का पता नहीं चल पाया। मरीज के बिगड़ते स्थिति को देखते हुए तत्काल ओटी में शिप्ट कर सर्जन डॉ.बी.एन.प्रसाद ने सर्जरी शुरू किया तो काफी मशक्कत और खोजबीन के बाद तह तक जाने के बाद स्पष्ट पता चला की ड्यूडेनम के चौथे हिस्से के चिथड़े उड़े हुए हैं और यहां से खून का रिसाव हो रहा है।

अमर शहीद नायक संदीप पाल स्मारक अनावरण सह प्रथम पुण्यतिथि मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : बीते 27 मई 2022 को लद्दाख के तुरतुक सेक्टर में हुए सड़क दुर्घटना में 7 जवानों की जान चली गई थी। इसमें हजारीबाग खेल गांव निवासी 32 वर्षीय संदीप कुमार पाल ने भी मातृभूमि की रक्षा करते हुए देश के नाम अमर बलिदान कर गए थे। जिसके बाद से ही संदीप कुमार पाल के नाम स्मारक बनाने की मांग हजारीबाग के जनता द्वारा की जा रही थी, परंतु सरकार एवं प्रशासन के ढीले रवैए से जनता के बीच काफी रोष था। नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने हजारीबाग के बेटे की स्मारक बनाने की पहल की व पहले पुण्यतिथि के दिन हजारीबाग को हजारीबाग के बेटे का स्मारक समर्पित किया। स्मारक स्थापित होने से हजारीबाग के स्मृति में शहीद संदीप पल हमेशा हमेशा के लिए बस गए, इस देश के युवा अमर शहीद संदीप पाल प्रेरणा लेकर देश सेवा को समर्पित हो जाएं, जिसके लिए कुणाल नर्सिंग होम के निकट शहीद स्मारक बनाया गया उक्त चौक को अब शहिद संदीप पाल चौक के नाम से भी जाना जाएगा।प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वतंत्रता सेनानी सह आजाद हिंद फौज के रिक्रूटमेंट अधिकारी रह चुके लेफ्टिनेंट माधवन रंगा पिल्ल्ई थे। जो 98 वर्ष की आयु में भी देश के प्रति समर्पित युवाओं को जागृत करने का काम कर रहे हैं, उन्होंने हजारीबाग को शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि हजारीबाग वीरों की भूमि है और आगे भी अनेकों वीर अपने कृत्यों से हजारीबाग वासियों को गौरव के पल देते रहेंगे।

बेंदगी में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : प्रखंड अंतर्गत बेंदगी गांव में श्री श्री 1008 श्री राम दरबार, श्री शिव परिवार, मां लक्ष्मी विश्वकर्मा जी एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में अतिथि के रूप में बरही विधायक उमाशंकर अकेला, टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू, सांसद प्रतिनिधि विधानसभा अर्जुन साहू, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, विस विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, मुखिया सिकंदर राणा, छोटन ठाकुर, पंसस प्रतिनिधि झमन यादव, समाजसेवी रघु यादव, रा. मध्य विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश साहू, प्रो. बद्री साहू, वार्ड सदस्य मनोज साव आदि मौजूद थे। मौके पर अतिथियों के हाथों मुख्य पुजारी व महिला श्रद्धालुओं को कलश देकर कलश यात्रा की शुरुआत की गई। जल यात्रा में 151 महिला श्रद्धालुओं ने कलश उठाया था, जिसे बडाकर नदी में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। बता दे की जिस मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है, उसे समाजसेवी सह धर्म प्रेमी जयलाल यादव व उनकी धर्मपत्नी रघिया देवी व उनके पुत्र मुकेश कुमार यादव के द्वारा बनाया गया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

माईनिंग टास्क फोर्स की मासिक बैठक सम्पन्न, दिये गये कई आवश्यक निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय माईनिंग टास्क फोंस की बैठक समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। टास्क फोर्स की बैठक में बालू, पत्थर, कोयला के अवैध खनन एवं व्यापार, परिवहन की रोकथाम पर गहन समीक्षा की गई। टास्क फोर्स की बैठक में खनन अधिकारी ने जानकारी दी कि अप्रैल माह में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 80 कारवाई करते हुए 118 अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को जब्त किया गया है। 18 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। खनन विभाग द्वारा वाहनों से 4.37 लाख रुपए एवं कार्य विभाग एवं अन्य से 195.25 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। जबकि परिवहन विभाग द्वारा 22 वाहनों से परिवहन नियमो के उल्लंघन मामले 3,46,300 रुपए, 31 वाहनों पर तिरपाल नहीं ढक कर परिवहन मामले में 3.41 लाख एवं 5 ओवरलोड वाहनों से 1.43 लाख रूपए का दण्ड की वसूली की गई है। बैठक में माह अप्रैल में अंचल, थाना, खनन एवं परिवहन सहित संबंधित विभागों के द्वारा एकल एवं संयुक्त स्तर पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की एवं उपायुक्त ने समन्वय बनाकर खनन माफियाओं पर अंकुश लगाने के ठोस, प्रभावी व निरन्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा आवश्यकतानुसार अपने सूचना तंत्र को अधिक प्रभावी बनाकर कार्रवाई की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक चौथे मनोज रतन ने टास्क फोर्स को योजनाबद्ध तरीके से कारवाई करने बल दिया और कहा आवश्कता के अनुसार पर्याप्त संख्या में फोर्स उपलब्ध कराया जाएगा।

आरपीएफ ने सब्जी लदा वाहन को किया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

मुरी : मुरी आरपीएफ ने झालदा रेलवे गेट के समीप सब्जी से लदा वाहन को जब्त कर मुरी पोस्ट लाया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम एक पिकअप वैन इ JH-01-DP-6977 रांची बिजुपाड़ा से सब्जी लोड कर पश्चिम बंगाल कलकत्ता ले जा रहा था। झालदा मे रेलवे गेट पार करने के समय अचानक रेलवे गेट से जा टकराया जिससे रेलवे गेट क्षति ग्रस्त हो गया। झालदा स्टेशन मे ड्यूटी कर रहे आरपीएफ स्टाफ कौशल कुमार ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया एवं इसकी सूचना मुरी आरपीएफ पोस्ट में दिया गया। तत्वरीत कार्यवाही करते हुए वाहन को जप्त कर मुरी आरपीएफ पोस्ट लाया गया।

भारतीय मजदूर संघ के पुरनाडीह शाखा का पुनर्गठन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : भारतीय मजदूर संघ के द्वारा पूर्णाडिह परियोजना शाखा का पूर्ण गठन किया गया। जिसमें भारतीय मजदूर संघ के कार्यसमिति सदस्य मनीष कुमार एनके एरिया सचिव गोविंद चंद्र महतो और सुजीत कुमार सिंह, प्रमोद पाठक, दीपक मंडल के उपस्थिति में पूरनाडिह परियोजना का पूर्ण गठन किया गया। जिसमें कार्यकारिणी अध्यक्ष ईश्वर लोहार,अध्यक्ष हीरालाल उराँव,उपाध्यक्ष सुरेश तुरी, समरेश पांडे, अखिलेश्वर प्रसाद,सुनील कुमार मेहता, मनोज सिंह, सचिव रामप्रवेश नायक, सह सचिव जगदीश गंझू, मुकेश कुमार, रवि कुमार, विनोद चौहान,रमेश कुमार,रवि सुबोध शर्मा, संगठन मंत्री अनिल कुमार,कार्यसमिति सदस्य राम रूप चौहान,वीरेंद्र उरांव, जितेंद्र नोनिया, सीता कुमारी, सन कुत्ता कुमारी, संजय बेदिया, विनोद उरांव सहित अन्य भारी संख्या में भारतीय मजदूर संघ के सदस्य उपस्थित थे।

पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के चहुंमुखी विकास के लिए सदा रहे प्रयत्नशील : शैलेन्द्र यादव

हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में पूर्व प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 59 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों के द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित तथा माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि नेहरू जी देश की करोड़ों जनता के हृदय सम्राट थे । नेहरू जी ने ऐशोआराम की जिन्दगी न अपनाते हुए स्वाधीनता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ जूझना स्वीकार किया । मोतीलाल नेहरू गांधीजी से कहकर उन्हें रोकना चाहते थे पर जवाहरलाल नेहरू को फुलों की सेज नही कठोर कारावास की कड़ी जमीन देश के लिए अधिक उपयुक्त लगी । प्रिय पत्नी का देहांत होने पर भी मन को कठोर कर नेहरू जी सत्याग्रह आंदोलन में कुद पड़े । कांग्रेस का अध्यक्ष पद अपने पिता के बाद स्वयं स्वीकार कर पूर्ण स्वराज्य की शपथ ली और स्वाधीन देश के प्रथम प्रधानमंत्री बनने के बाद देश को विश्व के चोटी के राष्ट्रों के मध्य ले जाकर प्रतिष्ठित किया । देश के चहुंमुखी विकास के लिए वे सदा प्रयत्नशील रहे । विश्वशांति के लिए के लिए अद्वितीय कार्य कर नाम कमाया । मौके पर सुनील अग्रवाल, बिनोद सिंह, साजिद हुसैन, ,उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान , कृष्णा किशोर प्रसाद, बाबर अंसारी, मो. रब्बानी, मो. वारिस, गफ्फार अंसारी, मो.मुस्ताक, पंकज कुमार, गोविंद राम के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

रैयत विस्थापित मोर्चा तथा प्रबंधन के बीच वार्ता विफल

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : रैयत विस्थापित मोर्चा तथा एनके एरिया प्रबंधन के बीच शनिवार को वार्ता विफल हो गया।एनके प्रबंधन ने मोर्चा द्वारा 29 मई को घोषित बंदी को देखते हुए महाप्रबंधक कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में वार्ता के लिए बुलाया था।वार्ता में महाप्रबंधक संजय कुमार ने मोर्चा के लोगो के साथ उनके द्वारा दिये गए मांग पत्र पर चर्चा कर प्रबंधन के द्वारा की गई कार्रवाई पर चर्चा की जिसमे महाप्रबंधक ने सभी को आश्वासन देते हुए कहा कि मांग पत्र पर काफी कार्य हुआ है और काफी कार्य प्रक्रिया में है लेकिन मोर्चा के प्रतिनिधियों ने प्रबंधन से कहा कि कई बार प्रबंधन के साथ हुई बैठक में केवल आश्वासन मिलता है कि काम होगा लेकिन प्रबंधन का कोई भी काम धरातल पर नही दिखता है।प्रबंधन केवल रैयत विस्थापितो को छलने का काम करता है और यहाँ के अधिकारियों का रैयत विस्थापितो के प्रति उनकी सही सोच नही है इसलिए रैयत विस्थापितो का कोई काम नही हो रहा है। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा की आजतक एनके एरिया के रैयत विस्थापितो के नौकरी,मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार सहित विस्थापित गांव में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के नाम पर प्रबंधन फेल हो गया है इसलिए मोर्चा ने बंदी करने का फैसला लिया है।मोर्चा ने कहा कि प्रबंधन की अब कोई भी झूठे वादे पर रैयत विस्थापित को भरोसा नहीं है।इसलिए मोर्चा पूरी ताकत के साथ बंदी को सफल बनाने में जुट गया है।बैठक एसओपी ज्योति कुमार, एसओसी सुजित रंजन,पीओ जेके सिंह, जे अब्राहम तथा मोर्चा की ओर से सचिव जगरनाथ महतो,जालिम सिंह,नरेश गंझू, रामलखन गंझू,विनय ख़लखो,प्रकाश महतो, प्रभाकर गंझू, राजेन्द्र उरांव, सुनील यादव, शिवनारायण लोहरा,हेमलाल गंझू, संजय गंझू,किशुन, भुनेश्वर गंझू, दिलेश्वर यादव, रंजीत गंझू, धर्मवीर ठाकुर, कामेश्वर गंझू, अनिता देवी, सुनीता देवी, रुकमणी देवी, फूलो देवी सहित अन्य शामिल थे।

एक दिवसीय सिल्ली प्रखंड झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार को सोनाली मैरिज हॉल में एक दिवसीय सिल्ली प्रखंड झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी ने विभिन्न पार्टी को छोड़कर आए सदस्यों को माला पहना कर पार्टी की सदस्यता दिलायी। कार्यक्रम में खतियान झारखंड पार्टी के 700 आजसू के लगभग 180, कांग्रेस से 15 तथा बीजेपी के 10 कार्यकर्ताओं ने झामुमो का दामन थामा। कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सदस्य ने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार कि लगभग 4 वर्ष पूरा हो रहा है इन 4 वर्षों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने का काम किया गया जिससे प्रभावित होकर लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम रहे हैं। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत सरकार ने कोरोना काल में दूसरे राज्य में फंसे मजदूरों को उनके घर सम्मान के साथ पहुंचाया तथा मजदूरों को भरपूर भोजन का व्यवस्था कराया और उनकी इलाज की भी समुचित व्यवस्था किया। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने भी हेमंत सरकार की काफी प्रशंसा की।

सांसद प्रतिनिधि ने गांव वालों के बीच जाकर उनकी समस्या को सुना

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली प्रखण्ड अन्तर्गत लोसेरा गांव के काशी टोला मे सारे ग्रामीण इकट्ठा होकर सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद साहू को बिजली की समस्या की जानकारी दी एवं कहा की बीते 12 सालों से 16 केवी का ट्रांसफार्मर दिया हुआ है। लेकिन बिजली उपभोक्ता बहुत ज्यादा बढ़ने के कारण वोल्टेज की कमी और ट्रांसफार्मर बहुत ही ज्यादा आवाज करने का शिकायत है इसी 16 केवी ट्रांसफार्मर से पीएचडी विभाग भी कनेक्शन ले रखा है गांव वालों का कहना है की यहां पर 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जाए जिसके कारण वोल्टेज की समस्या हो गई है इसके साथ और भी समस्याओं को सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद साहू ने सुना एवं प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया की बिजली विभाग के जेई को एवं सांसद महोदय के मदद से जल्द से जल्द 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा।

ग्रामीण जागरूक बनें, हम समस्या सुलझाने को तैयार : बंधु तिर्की

बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड जामटोली पंचायत के भसनंदा गांव में शनिवार को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने ग्रामीणों के साथ बैठक किया। बैठक को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि मैं हमेशा ग्रामीणों की समस्याओं को सुलझाने के लिए तैयार हूँ, लेकिन इसके लिए ग्रामीणों को भी जागरूक बनना पड़ेगा और उन्हें सरकार की लाभकारी योजनाओं के विषय में अधिक-से-अधिक जानकारी प्राप्त करनी होगी। तिर्की ने राजनीतिक कार्यकर्ताओं, जागरूक ग्रामीणों व आम लोगों से अनुरोध किया कि वे हमेशा लोगों की समस्याओं और उनकी कठिनाइयों को समझें। समस्याओं को केवल समझे ही नहीं बल्की समाधान के लिए उसे प्रखंड व अंचल कार्यालय के संबंधित पदाधिकारी तक ले जाने की कोशिश करें।बैठक में उपस्थित प्रखंड व अंचल कार्यालय के कर्मचारियों और निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से कहा कि आम जनता की परेशानियों के समाधान के लिये संवेदनशील रहें। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और उसे सुलझाने की दिशा में जरूरी दिशा निर्देश दिये।

झामुमो जिला समिति ने की शोक सभा जिलाध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोडरमा : झामुमो जिला समिति ने अपने दिवंगत जिलाध्यक्ष स्वर्गीय श्याम किशोर सिंह के निधन पर उनके पैतृक आवास जयनगर के डंडाडीह गांव में शोक सभा का आयोजन किया । शोक सभा का शुभारंभ उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित एवं तथा दीप प्रज्वलित कर की गई। शोक सभा की अध्यक्षता जिला सचिव वीरेंद्र पांडेय ने किया उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्याम किशोर सिंह हमेशा झामुमो कार्यकर्ताओं के दिल में जीवित रहेंगे । सभा का संचालन प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह ने किया. शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पूर्व प्रत्याशी रविंद्र शांडिल्य ने कहा कि स्व0 सिंह मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। उनके निधन से झारखंड मुक्ति मोर्चा उबर नहीं पा रहा है ।वहीं केंद्रीय समिति सदस्य संजय पाण्डेय , केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि जिलाध्यक्ष श्री सिंह हमेशा संघर्ष करने पर विश्वास रखते थे. इसलिए अवसर पर बैजनाथ मेहता, मोहम्मद इस्लाम अंसारी,उमेश राम, मालती चंद्रा, रामेश्वर यादव ,नंदकिशोर मेहता, शैलेंद्र सिंह, विनय राणा, दुलारी देवी, राखी देवी,रेनू देवी,अर्जुन सिंह आदि ने संबोधित किया. इस अवसर पर उनके बड़े भाई रघुनंदन सिंह एवं उनके बड़े पुत्र विक्की सिंह भी उपस्थित थे. सभा के अंत में स्वर्गीय सिंह की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया. सभा के दौरान या निर्णय लिया गया कि शोकाकुल परिवार को पार्टी हर संभव का सहयोग प्रदान करेगी इसके लिए प्रतिनिधिमंडल गठित कर झामुमो केंद्रीय नेताओं से मुलाकात करेगी।मौके पर अनिल कुमार यादव, विनोद कुमार सिंह,इंद्रदेव ठाकुर, मंजू देवी, इंदिरा देवी, संतोष कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह,प्रदीप चौधरी, सिकंदर यादव,नौशाद आलम,सुजीत कुमार यादव, अफजल मियां, बसंत पासवान,रोहित कुमार दास,राजेंद्र दास, टिंकू कुमार,शिवलाल कुमार आदि लोग मौजूद थे।

ट्रेन दौडाने वाले सीखा रहे हैं योग, रहेगे निरोग

झुमरी तिलैया(प्रभात मंत्र संवाददाता): सुरक्षित ट्रेन चलाना बड़ी जिम्मेवारी है तकरीबन 2000 से 2500 की जिंदगी एक चालक की जिम्मे होती है। ऐसे में उनका स्वास्थ्य रहना भी जरूरी है। स्वस्थ्य रहते हुए दुसरे को प्रेरित करना भी एक कला है। पैंसेजर ट्रेन के लॉको पायलट मिथिलेश राम गुप्ता जो कि कोडरमा से मधुपुर एवं कोडरमा से बडकाकाना के लिए हर दिन यात्रियों की पैंसेजर ट्रेन लेकर चलाना लोको पायलट इनकी दायित्व है। ड्यूटी के साथ -साथ ये योग की कक्षा भी लेते हैं। लोको पायलट श्री गुप्ता का चयन योग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पूरे झारखण्ड से उर्म्र ग्रुप 45 से उपर के लिए पहले हो चुका है। साथ ही वर्तमान में देश के टॉप 10 की सूची में इनका चयन हुआ है। धनबाद रेल मंडल में यह ट्रेन चला रहे हैं और इसके लिए वे रेलवे के अधिकारियों को साधुवाद दे रहे हैं उनके द्वारा समय-समय पर हौसला उपजाही के लिए उन्हें योग का प्रदर्शन के लिए भेजा जाता है। साथ ही पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेलमंडल में ट्रेनिंग सेंटर के लिए अधिकारी इन्हें भेजते हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि जुलाई 2022 में वे कोडरमा जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किये थे । उसके बाद झारखण्ड योगा एसोसिएशन के तत्वाधान में रॉची योगाशान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ उसमें पूरे राज्य में चौथा स्थान 45 वर्ष के उपर योग ग्रुप में चयन हुआ और इस वर्ष मार्च माह में पाली राजस्थान में राष्ट्रीय योगाशान की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। योगा फ्डरेशन ऑफ इंडिया का द्वारा जिसमें पूरे देश भर के विभिन्न राज्यों से 48 प्रतिभागी पहुँच थे जिसमें झारखण्ड वे एक मात्र प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए और उनके बेहतर प्रदर्शन के वजह से देश भर में टॉप 10 में इनका चयन हुआ है जो कि जुन में ऑनलाइन प्रतियोगिता में अपना दम खम दिखायेगें और अगर उनका इस प्रतियोगिता में चयन होता है तो अंतराष्ट्रीय एशियन योगा फ्डरेशन में अपनी प्रतिभा का जोहर योग के माध्यम से दिखायेगें। उन्होनें बताया कि 20 सेंकेड में हर आसनों में मसलन फारवर्ड बेडिंग, बेक बेडिंग एण्ड बाइलेंसिंग (आगे झुकना, पीछे झुकना तथा स्थावित्व देना) विशेष आसनों में शामिल है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार सहित दो युवक घायल, रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : थाना अंतर्गत तिलैया रोड ओभर ब्रिज के पास शनिवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार सहित दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायल युवकों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। घायलों में बाइक पर सवार बरही गया रोड निवासी राजेंद्र प्रसाद केशरी का 20 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार केशरी एवं पैदल राहगीर गया जिले के मोहनपुर मंडरा निवासी अमृत यादव का 20 वर्षीय पुत्र श्यामदेव यादव शामिल है। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बताया गया कि शिवम कुमार केशरी कोनरा बायपास स्थित एक फैक्ट्री में ड्यूटी के लिए अपने बाइक से जा रहा था।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमण्डल, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 25.05.2023 को यूनिसेफ एवं पेयजल एंव स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकर्य प्रमण्डल, राँची अन्तर्गत रूक्का अवस्थित जलशोध संस्थान से किये जा रहे जलापूर्ति का जल नमूना लेकर राज्य स्तरीय जल जाँच प्रयोगशाला(NABL) में जाँच कराया गया। जिसमें जल नमूना पेयजल के मानक के अनुरूप पाया गया हैं। जो निम्नवत् है :–

OLD WTP :- Sample Code :- 230525-SW-A-008

Sl. No.	Test Parameter	Unit	Results	Method	Specification as per BIS- 10500:2012 (Second Revision) Amendment - Acceptable Limit	Permissible Limit (In Absence of Alternate source
1	PH	-	7.27	AOGA 23RD Ed2017-4500-H B(Electrometric method)	6.5-8-5	No relaxation
2	Total Dissolved Solids at 180⁰ C	Mg/L max	338	APHA 23RD Ed.2017-2540C (Total Dissolved Solids Dried at 180⁰ C)	500	2000
3	Turbidity	NTU max	5.0	APHA23rd Ed.2017-2130 B, (Nephelometric method)	1	5
4	Colour	Hazan Unit	15.0	APHA 23rd Ed.2017-2120 B, (Visual Comparison method)	5	15
5	Taste	-	Agreeable	IS 302(Part-7) Taste threshold	Agreeable	Agreeable

NEWWTP :- Sample Code :- 230525-SW-A-010

Sl. No.	Test Parameter	Unit	Results	Method	Specification as per BIS- 10500:2012 (Second Revision) Amendment - Acceptable Limit	Permissible Limit (In Absence of Alternate source
1	PH	-	7.68	AOGA 23RD Ed2017-4500-H B(Electrometric method)	6.5-8-5	No relaxation
2	Total Dissolved Solids at 180⁰ C	Mg/L max	228	APHA 23RD Ed.2017-2540C (Total Dissolved Solids Dried at 180⁰ C)	500	2000
3	Turbidity	NTU max	4.2	APHA23rd Ed.2017-2130 B, (Nephelometric method)	1	5
4	Colour	Hazan Unit	10	APHA 23rd Ed.2017-2120 B, (Visual Comparison method)	5	15
5	Taste	-	Agreeable	IS 302(Part-7) Taste threshold	Agreeable	Agreeable

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची।

PR.NO.298478 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

विभिन्न सम्मेलनों के माध्यम से कोडरमा विधानसभा में कार्यकर्ताओं का होगा सम्मेलन : डा. नीरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोडरमा : भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के आवास पर हुई द्यबैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी तथा संचालन जिला महामंत्री राजकुमार यादव ने किया द्यबैठक में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव एवं एस.सी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजय भारती उपस्थित थे । जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल पूरे होने पर 1 महीने का महा जनसंपर्क अभियान के तहत उनके विकास कार्यों को घर घर पर पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

कार्यालय झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0–9
ई मेल–jepcpalamau@rediffmail.com& jepcpalamau1@gmail.com

आदर्श विद्यालय योजनान्तर्गत पलामू जिले में 03 उत्कृष्ट विद्यालय (School of Excellence) में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा से संबंधित आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श विद्यालय योजनान्तर्गत पलामू जिले में 03 उत्कृष्ट विद्यालय (School of Excellence) में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा विवरणी के अनुसार आयोजित किया जाता है।

क्र0	विद्यालय का नाम	परीक्षा केन्द्र का नाम	परीक्षा की तिथि	प्रथम पाली 09:00 से 11:00 बजे तक	द्वितीय पाली 12:00 से 02:00 बजे तक
1	राजकीय +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर	राजकीय +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर	30.05.2023	वर्ग– 7 एवं 8	वर्ग–9 एवं 11
		राजकीयकृत गिरिवर +2 उ0वि0, मेदिनीनगर	30.05.2023	वर्ग– 6	–
2	राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर	राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर	30.05.2023	वर्ग–6, 7 एवं 8	वर्ग–9 एवं 11
3	कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, चैनपुर	राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर	30.05.2023	वर्ग–6	–

नोटः– सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित विद्यालय से प्रवेश पत्र प्राप्त कर निर्धारित परीक्षा तिथि को संबंधित परीक्षा केन्द्र पर अपने–अपने प्रवेश पत्र के साथ पूर्वाह्न 08:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू।

PR 298447 District(23-24)D

उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(खनन शाखा)

बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति–अल्पकालीन वित्तीय–निविदा आमंत्रण सूचना

क्र0	बालू घाट का नाम	प्रखण्ड	प्लॉट नम्बर	खाता संख्या	रकवा (हेक्टयर में)	Tentative Yearly Production (cum)	e-Tender reference no.	वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि	ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	ई–निविदा खुलने की तिथि	नियम एवं शर्तें	निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारियों के कार्यालय का नाम एवं पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	10	11	12
1	लईयो	माण्डु	129	3421	0.08	480.00	SAND/MDO/Cat A/laiyo/2023/1	27.05.2023	08.06.2023	10.06.2023	JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप	उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़
2	टोकीसूद I	पतरातु	160	64	0.93	8370.13	SAND/MDO/Cat A/Tokisud I/2023/2	27.05.2023	08.06.2023	10.06.2023	JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप	उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़
3	टोकीसूद II	पतरातु	01	64	2.28	20520.13	SAND/MDO/Cat A/ Tokisud II/2023/3	27.05.2023	08.06.2023	10.06.2023	JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप	उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़
4	सिरका	रामगढ़	243	42	2.46	22140.25	SAND/MDO/Cat A/Sirka/2023/4	27.05.2023	08.06.2023	10.06.2023	JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप	उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़
5	पैंकी	माण्डु	275, 257	38	0.62	5580.00	SAND/MDO/Cat A/Paiki/2023/5	27.05.2023	08.06.2023	10.06.2023	JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप	उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़
6	हेसापोड़ा	गोला	1118	95	1.82	42042.00	SAND/MDO/Cat A/Hesapora/2023/6	27.05.2023	08.06.2023	10.06.2023	JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप	उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़

नौट :– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category- A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्तों एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तों एवं विस्तृत जानकारियों के लिये ई–निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
रामगढ़।

PR.NO.298461 Mines and Geology(23-24):D

बरबेंदिया पुल की बर्बादी का असली गुनहगार कौन!

भाजपा और कांग्रेस के विधायक आमने सामने

प्रभात मंत्र संवाददाता

निरसा : कोयलांचल धनबाद के निरसा और जामताड़ा को जोड़ने वाली महत्वकाँक्षी बरबेंदिया पुल आखिर किसकी कमिशनखोरी की भेंट चढ़ी अफसर या जनप्रतिनिधियों की? अब तक ये बात हवा में तैर रहा है की आखिर 55 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह पुल पहली बारिश में ही नदी के पेट मे कैसे समा गई? आइए उन सभी पर से पर्दा उठाते हैं ज.

जामताड़ा और धनबाद को जोड़ने के उद्देश्य से बराकर नदी पर वर्ष 2007-2008 में करीब साढ़े तीन किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, जिसकी प्राक्कलन राशी 55 करोड़ रुपये की थी। निर्माण के दौरान भारी बारिश के चलते वर्ष 2008 में पुल के चार पिलर ढह गए। तब पुल बनाने वाली कंपनी डालमिया एंड ग्रुप को सरकार ने ब्लैक लिस्ट कर दिया। इधर अधूरे पुल के पुनर्निर्माण को लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जनता के द्वारा आंदोलन भी हुआ। मौजूदा बीजेपी विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने भी विधानसभा सत्र के दौरान आवाज उठाई किन्तु कोई नतीजा नहीं निकला।

पुल की बर्बादी पर सेकी जा रही है राजनीति की रोटी :- इधर बरबेंदिया पुल पर राजनीति खूब हो रही है। जामताड़ा के कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी और निरसा की भाजपा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता एक दूसरे के खिलाफ आग उगल रहें है। जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने निरसा के भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है की बरबेंदिया पुल कमीशन खोरी की वजह से टूटी। इरफान के अनुसार पुल का पाया टूटने के समय तत्कालीन निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता सरकार में मंत्री थी। उनके कार्यकाल में इसका काम चल रहा था। अपर्णा सेनगुप्ता की अत्यधिक कमीशन खोरी की वजह से पुल की गुणवत्ता सही नहीं बन पाई, नतीजा सबके सामने है। इधर आरोप पर पलटवार करते हुए निरसा के भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि जिसके गाड़ी में बोरे में भर भर कर कमीशन खोरी का पैसा बरामद हुआ हो, वो भला दूसरे पर आरोप लगाए और आदर्श शुचिता का पाठ पढ़ाए, यह बात हास्यास्पद लगता है। यह बात किसी को हजम नहीं होगा। अपर्णा ने चुनौती देते हुए यह भी कहा कि मौजूदा समय में उनकी गठबंधन की सरकार है। इस बात का जांच कराकर सामने लाएं कि किसने कितनी कमीशन खोरी की है और किस ऑफिसर ने किसको कितना कमीशन दिया है।

कमीशन खोरी की भेंट चढ़ा बरबेंदिया पुल :- सच तो ये है कि आम लोगों के सपनों का पुल कहे जाने वाला बरबेंदिया पुल पहली ही बरसात में कैसे ढह गई जिसकी हकीकत आज भी लोगों को पता नहीं है। कोई कहता है अफसरों और नेताओं की कमीशन खोरी की भेंट चढ़ गई, तो कोई कहता है की ठेकेदार की मुनाफाखोरी के वजह से पुल का निर्माण पूरा होने से पहले पुल के एक दर्जन पाया धंस गए।

पूर्व विधायक ने लगाए रघुवर सरकार पर आरोप :- निरसा मासस के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि गुणवत्ता के अनुरूप कार्य नहीं होने के कारण एवं जबरदस्त घोटाला के कारण पहली बारिश को बरबेंदिया पुल झेल नहीं पाई और पानी में समा गई। उन्होंने यह भी कहा कि मैंने इस मुद्दे को लेकर विधानसभा में कई बार आवाज उठाई और नए सिरे से पुल निर्माण की बात कही परंतु तत्कालीन रघुवर सरकार ने कुछ नहीं सुनी। अगर यह पुल बन जाती तो छोटी बड़ी गाड़ियों के साथ-साथ एमपीएल में चलने वाली गाड़ियों को भी लंबी दूरी तय नहीं करना पड़ता और आए दिन जो निरसा में सड़क दुर्घटनाए घट रही है उस पर भी अंकुश लग जाता। परंतु 14 साल बीत जाने के बाद भी दोनों विधानसभा की जनता को इस पुल के लिए इंतजार करना पड़ रहा है जो की दुर्भाग्यपूर्ण है।

पुल निर्माण मे हुआ गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ :- एक सच्चाई यह भी है कि बरबेंदिया पुल निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। 80 फीट डीप खुदाई का पिलर निर्माण की जगह महज 35 फीट की ही खुदाई की गई है एवं नेताओं अफसरों को रिश्वत के रूप में कमीशन देने के लिए जमकर घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। नतीजन इस पुल की चार पिलर पहली बारिश नहीं झेल पाई और जनता के अरमान आंसुओं में बह गए।

कार्यवाही के नाम पर महज खानापूर्ति :- पुल टूटने की जांच के नाम पर संवेदक और इंजीनियर पर नाम मात्र की कार्रवाई की महज खानापूर्ति हुई। पुल निर्माण कार्य में लगे डालमिया एंड ग्रुप को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया और तत्कालीन कार्यपालक अभियंता और छोटे कर्मियों पर गाज गिरी। कुछ दिन बाद सब ठीक हो गया। सभी मजे में नौकरी कर रहें हैं। भीषण कमीशन खोरी में शामिल अफसर साफ-साफ बच गए। अगर पुल तय समय पर बन जाता तो झारखंड के 8 जिले सीधे तौर पर एक दूसरे से जुड़ जाते। निरसा से जामताड़ा की दूरी 40 किलोमीटर से घटकर महज 25 किलोमीटर रह जाती। इसके अलावा कोयलांचल धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, दुमका, गोड्डा, संथाल परगना के जामताड़ा से सीधे जुड़ जाते जिससे रोजगार भी बढ़ता। विशेषकर निरसा व जामताड़ा क्षेत्र का और विकास होता।

नाव हादसा में 14 लोगों के डूबने से हुई थी मौत:- 15 मार्च 2022 को भयंकर बारिश एवं आंधी में बराकर नदी मे एक नाव हादसा हुआ था। कुछ लोग किसी तरह तैर कर बाहर निकले तो कुछ लोगो को आसपास के लोगो ने बचाया। शाम के समय हादसा होने के कारण बच्चे, महिला एवं पुरुष कुल मिलाकर 14 लोगो की जाने चली गई थी। इसके बावजूद भी धनबाद और जामताड़ा के प्रशासन ने सबक नहीं लिया।

वर्तमान में बरबेंदिया पुल को पार करने के लिए ग्रामीणों द्वारा बास से बने चचरी बनाकर रास्ता बनाया गया है। जिसमे लोग बड़े ही आसानी से पैदल या मोटरसायकल के जरिए जामताड़ा से निरसा और निरसा से जामताड़ा आवगमन कर रहे हैं। लेकिन यातायात की सुविधा महज गर्मी तक है। जब तक नदी में पानी नही है तब तक। अन्यथा दोनों विधानसभा के लोग नाव के जरिए ही जान हथेली में लेकर नदी पार करने को विवश रहते हैं।

14 वर्ष बाद भी नहीं आया जांच रिपोर्ट :- 14 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक जांच रिपोर्ट सामने नहीं आया। अब तक किसी भी सरकार की जमीर नहीं जागी। आखिर जनता के पैसों को बेदर्दी से किसने पानी में बहाया? अब तक जाँच रिपोर्ट क्यों नहीं आई? दोषियों पर कार्यवाही क्यों नही हुई? 14 लोगों का आखिर हत्यारा कौन और कब होगा पुल का पुनर्निर्माण? यह एक बड़ा सवाल है।

दो नाबालिग बाइक चोरों को पुलिस ने दबोचा, छः बाइक बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह नगर थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह में दो नाबालिग को चोरी की गई बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। उक्त आशय की जानकारी शनिवार को डीएसपी मुख्यालय संजय राणा ने पपरवाटांड स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी। मौके पर नगर थाना प्रभारी आदेश चौधरी भी मौजूद रहे। बताया गया कि शुक्रवार को शहर के मेट्रोस गली में तीन नाबालिग बाइक की चोरी करने का प्रयास कर रहा था।इसी बीच बाइक मालिक पहुंच गये जिसके बाद दो नाबालिग मौके पर से भाग निकला। जबकि एक नाबालिग को पकड़ लिया और मामले की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मेट्रोस गली पहुंची और उक्त नाबालिग को गिरफ्तार कर थाना ले आयी ओर पुछताछ शुरू कर दिया। इसी बीच उक्त नाबालिग ने अपने अन्य साथियों का नाम बताया जिसके बाद पुलिस ने एक ओर नाबालिग को

गिरफ्तार किया।दोनों नाबालिक शहरी क्षेत्र के ही रहने वाले है। वहीं पुलिस ने जब कडाई से दोनों से पुछताछ शुरू किया तो दोनों ने गिरोह के मास्टरमाइंड का नाम भी बता दिया है। मास्टरमाइंड की जानकारी मिलने के बाद नगर थाना पुलिस तुरंत झगरी पहुंची और नाबालिग के द्वारा बताये गये स्थान पर छापामारी कर करीब आधा दर्जन चोरी की बाइक को बरामद कर लिया।

पहला कदम परिवार ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से की औपचारिक मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : शुक्रवार को पहला कदम स्कूल की प्रेसिडेंट रेनू दुदानी, सचिव अनीता अग्रवाल तथा पहला कदम परिवार ने राजभवन राँची में महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से औपचारिक मुलाकात कर दिव्यांग जन के हितो एवं अधिकारों तथा पहला कदम स्कूल की होने वाली गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान आकर्षित कराया। महामहिम ने पहला कदम स्कूल के द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में किये जाने वाले सेवा कार्यो की सराहना की। पहला कदम स्कूल एलएलसी मेम्बर भी है। उन्होंने कहा दिव्यांग बच्चों जो कि आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन पर विशेष रुप से ध्यान दिया जाए एवं दिव्यांगजन को समाज मे सम्पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कराने पर बल दिया जाए। साथ ही दिव्यांग पेंशन की वर्तमान राशि को बढाया जाय जिससे उनकी भी स्थिति में बदलाव हो कर उन्हें सहयोग प्राप्त हो। सचिव अनिता अग्रवाल ने बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के

दिव्यांगता सर्टिफिकेट बनाने के सम्बंध में महामहिम को ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि यह सर्टिफिकेट धनबाद के साथ कई जिलों में न बन पाने से दिव्यांगजन को काफी मुसीबतों का सामना उठाना पड़ रहा है।

कानूनी जागरूकता व डीएमएफटी पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन

बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बाघमारा प्रखंड अंतर्गत पोचरी, दरिदा,

महुदा के सिंगड़ा में कानूनी जागरूकता एवं डीएमएफटी पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में रांची उच्चय न्यालय के वकील सोनल तिवारी ने कानूनी जानकारी के साथ डीएमएफटी के बारे में विस्तार से बताया । बिरसा से आए अमरेंद्र झा कहा की ने डिस्ट्रिक मिनिरल्स फाउंडेशन ट्रस्ट के बारे में बताया की ट्रस्ट के माध्यम से खनन प्रभावित समुदाय के विकास के काम होना है। ग्राम सभा से योजना बनाकर सीधे उपायुक्त धनबाद को भेजे। उपायुक्त ट्रस्ट के अध्यक्ष होते हैं। वहीं संचालन करते हुए दीपक किस्कू ने कहा की ग्राम सभा को सशक्त करने की जरूरत है। ग्रामसभा से ऊपर ना तो लोकसभा है ना विधानसभा है।

झारखंड प्रदेश सामुदायिक प्रशिक्षित सहायक अध्यापक महासंघ की बैठक संपन्न

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : शनिवार को झारखंड प्रदेश सामुदायिक प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ धनबाद की बैठक अपना ढाबा में की गई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री सुशील कुमार पांडे उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष निरंजन दे एवं संचालन प्रखंड संरक्षक नरसिंह पांडे व जिला प्रवक्ता नयन मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।

धनबाद : अपराधियों ने चोरी के दौरान गृहस्वामी को मारा छुरा, हुई मौत

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : चिरकुण्डा जिले में अपराधियों का कहर बदस्तूर जारी है। इसका ताजा उदाहरण चिरकुंडा थाना अंतर्गत कुमारधुबी ओ पी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी में शनिवार की सुबह अपराधियों ने चोरी के दौरान गृहस्वामी की चाकू मारकर हत्या कर दी। सूत्रों के हवाले से घटना के संबंध में बताया जाता है कि चिरकुंडा शिवलीबाड़ी निवासी रिजवान अंसारी के घर पर सुबह चोरों ने धावा बोला। जिसकी जानकारी होने पर गृहस्वामी जो की पेशे से चालक रिजवान अंसारी उर्फ राजू अपराधियों से भीड़ गया। उसी दौरान अपराधियों ने गृहस्वामी रिजवान अंसारी उर्फ राजू को छुरा मारकर घायल कर दिया और फरार हो गए। परिजनों ने लहूलुहान रिजवान को आनन-फानन में धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के द्वारा पता चला कि आरोपी चंगलू खिड़की से ताक झांक करता था। ताक झांक करने से मना किया तो चंगलू ने धारदार हथियार से राजू पर वार किया जिससे वो जख्मी होकर गिर पड़ा। घायलावस्था में उसे पहले स्थानीय निजी अस्पताल ले जाया गया जहां से एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चंगलू फरार बताया जा रहा है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

विकास केंद्र सह सामुदायिक भवन को अविलंब खोलने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त से मुलाकात कर झरिया विधानसभा अंतर्गत वार्ड नंबर 44 के बकड़ हट्टा में विगत पांच साल से बंद पड़े वार्ड विकास केंद्र सह सामुदायिक भवन को अविलंब खोलने के लिये आवेदन दिया। बताया की बंद पड़े केंद्र नहीं खुलने के कारण वहां के आवाम को काफ़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही वार्ड नंबर 14 स्थित वासेपुर के आरा मोड़ से लेकर काली मंदिर तक सड़क निर्माण कराए जाने की भी मांग की। बताया की यह सड़क काफ़ी दिनों से जर्जर हालत में है। काफी लोगों का इससे गुज़रना होता है। विगत चार साल पूर्व में इसका टेंडर होने के बाद भी कार्य नहीं हुआ है जिससे वहां के लोगों में

काफी रोश है। साथ ही जहां स्ट्रीट लाइट नहीं है वहां स्ट्रीट लाइट लगाने और कई जगहों पर जमा पड़े कचरा को उठवाने की भी मांग की।

संरक्षा आयुक्त रेलवे करेंगे भैरोगंज-खरपोखरा रेलखंड का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : श्री सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा दिनांक 30.05.2023 को पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मण्डल अंतर्गत भैरोगंज-खरपोखरा नव-दोहरीकृत रेलखंड का निरीक्षण किया जाएगा । साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विशेष ट्रेन से भैरोगंज-खरपोखरा स्टेशन तक स्पीड ट्रायल भी किया जाएगा । आमजन से आग्रह है कि इस दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतें ।

जन योजना अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन, जुटे सभी मुखिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : टुंडी प्रखंड सभागार में जन योजना अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर, एवं प्रखंड समन्वयक गौरी शंकर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें टुंडी प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं तो योजना का चयन एवं क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त किया। मौके पर पंचायत के सभी मुखिया एवं पंचायत सेवक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पुण्यतिथि पर याद किये गये पंडित जवाहरलाल नेहरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, भारतरत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पंडित नेहरू जी भारतीय इतिहास के एक मजबूत स्तंभ एवं आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। उनके विदेश नीति आज भी प्रासंगिक है। आज हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने एवं उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लेने की जरूरत है। भारत निर्माण में पंडित नेहरू जी का योगदान अग्रणी व महत्वपूर्ण रहा है जिससे देश को एक नई दिशा मिली है। वे सादगी के प्रतीक थे।भारतीय इतिहास में उनका नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाता है। नेहरू जी का बच्चों के प्रति प्रगाढ़ प्रेम के कारण प्यार से बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहा करते हैं। नेहरू जी के द्वारा देश में प्रेम, भाईचारा और सद्भावना के साथ सभी को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास सराहनीय व अनुकरणीय रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार को नेहरू जी के कार्यों एवं उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की दरकार है।

रागिनी सिंह ने आजीवन सहयोग निधि में एक लाख देकर की अभियान की शुरुआत

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में आजीवन सहयोग निधि अभियान को लेकर एक बैठक हुई। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह सर्वप्रथम आजीवन सहयोग निधि में एक लाख देकर इस अभियान की शुरुआत की। रागिनी सिंह की मौजूदगी में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के राशि समर्पण से अभियान शुरू हुआ। अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने की।

सांगठनिक सुदृढ़ीकरण के तहत भाकपा माले ने शुरु किया ब्रांचों का पुनर्गठन

तीन माह का विशेष अभियान चलाने के बाद होगा जिला सम्मेलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : भाकपा माले ने सांगठनिक सुदृढ़ीकरण के तहत संगठन के सभी ब्रांचों के पुनर्गठन तथा लोकल कमिटियों के सम्मेलन का एक विशेष अभियान शुरू किया है। इस बाबत पार्टी की राज्य कमिटी में लिए गए निर्णय के अनुसार अगले दो-तीन माह तक संगठन के एक-एक ब्रांच का पुनर्गठन एवं नए सदस्यों की भी भर्ती करते हुए पंचायत स्तरीय लोकल कमिटियों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

उक्त बातें भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने आज गिरिडीह सदर प्रखंड के तिगोजोरी में ऐसे ही एक ब्रांच पुनर्गठन के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि, देश की जनता मोदी राज में तबाह हो चुकी है, युवा बेरोजगार तो मजदूर बदहाल हैं। किसानों को उनका हक नहीं मिल रहा। महंगाई ने पूरे देश को चंगुल में दबोच रखा है। लेकिन इन सब से बेफिक्र सत्ताधारी भाजपा देश की जनता को गुमराह करने और नफरती विचारों से लोगों को आपस में बांटने में लगी है।

समाजसेवी ने बच्चे की शिक्षा का उठाया जिम्मा

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : महुदा क्षेत्र के समाजसेवी सूरज के माध्यम से जानकारी मिली कि सेवा ग्राम निवासी उतम कुमार ने 8 वी तक की पढाई सरकारी विद्यालय राधानगर मध्य विद्यालय से पूरी की पर आगे की पढाई करने के लिए उसके पास पैसे नहीं है। पिता की मृत्यु हो चूकी है और माता घरों में काम करके घर का खर्च किसी तरह चला रही हैं। उत्तम तीन भाई है और सबसे बड़ा है। पढाई में काफी अच्छा है। प्रगति शंकर महुदा के नामी प्रधानाध्यापक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्वर्गीय उचित सिंह की बहू भी है। प्रगति शंकर लंबे समय से सामाजिक कार्यो में लगी हुई हैं और ऐसे कई बच्चों का भविष्य संवारने मे अपना योगदान दे रही हैं। उत्तम कुमार की नवमी एवं दसवीं की पूर्ण शिक्षा का दायित्व शंकर ने उठाया है और उसका नामांकन महुदा के रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय मे करायी है।

यूपीएससी में सफल छात्र को बरकट्ठा विधायक अमित यादव व कुशवाहा समाज ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरिया : यूपीएससी में सफल सरिया के ब्यवसायी सुभाष मोदी के पुत्र गगन को सम्मानित करने शनिवार को बरकठ्ठा बिधायक अमित यादव व कुशवाहा समाज के लोग पहुँचे । इन्होंने बुके देकर व शॉल ओढाकर उन्हें सम्मानित किया । इस दौरान बरकठ्ठा बिधायक अमित यादव ने कहा कि यूपीएससी में 556 वां स्थान प्राप्त कर गगन ने सरिया के साथ साथ गिरिडीह जिला और अपने पैतृक निवास अलगडीहा बरकठ्ठा सहित झारखण्ड प्रदेश का नाम रोशन किया है । इसके पूर्व

कुशवाहा समाज द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया जिसमें सांसद प्रतिनिधि मनोज महतो, झारखण्ड कुशवाहा महासभा के महासचिव सत्यदेव प्रसाद, कुशवाहा संघ के सरिया प्रखंड अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा भगीरथ कुशवाहा आदि ने शॉल, माला और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और बधाई दिया ! इन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में सफल होने से युवाओं में सकारात्मक सन्देश का संचार होगा और आनेवाली पीढी भी कड़ी मेहनत कर इस क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे ।

प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश ने मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप का किया उद्घाटन

➲न्यायालय का मुख्य कार्य विवादों का निपटारा : राजेन्द्र बहादुर पाल
➲कानून का लाभ के लिए जानकारी जरूरी : आर0 रामकुमार
➲लीगल कैंप का लाभ उठाएं : अरविंद कुमार लाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि न्यायालय का मुख्य कार्य विवादों का निपटारा है। विवादों के निपटारे के लिए डालसा पूरी तरह प्रयासरत है। जिनको किन्हीं प्रकार की विधिक सहायता चाहिए वे डालसा कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। किसी भी मुकदमा से पूर्व और मुकदमा के बाद भी विधिक सहायता डालसा की ओर से दी जाती है। श्री पाल आज शनिवार को जिला प्रशासन और डालसा, लोहरदगा की ओर से नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि निःशुल्क विधिक सहायता एक लक्षित वर्ग समूह को दी जाती है जिसमें महिला, बच्चे, अनुसूचित जनजाति वर्ग, सैनिक, बाढ़ से ग्रसित व्यक्ति, तीन लाख रुपये से कम आय वाले व्यक्ति शामिल है। विधिक सहायता के लिए लीगल एंड डिफेंस काउंसिल का भी गठन किया गया है। श्री पाल ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 29 मई से 14 जून, 2023 तक किया जाएगा। इसमें जागरूकता कार्यक्रम होंगे, परामर्श सेवाएं दी जाएंगी, दृश्य-श्रव्य माध्यम से मध्यस्ता की जाएगी/लोक अदालत पर सफल कहानियाँ दिखायी जाएंगी। मध्यस्थता की विशेषता यह रहेगी कि सभी बातें गोपनीय रहेंगी, समय, धन तथा व्यक्तिगत संबंध की रक्षा होगी। इस पखवाड़ा में परामर्श हेतु मध्यस्थ से पुलिस अधिकारी से और सचिव डालसा से प्रातः सात बजे से दोपहर 12 बजे तक मिला जा सकता है। अपने मामलों के निपटारा के लिए कोई भी संपर्क कर सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश,कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष ने कहा कि परिवार के झगड़े या घरेलू मामले मध्यस्थता के जरिये आसानी से सुलझाए जा सकते हैं। एक बार न्यायालय में मामला आने के बाद हम अंतिम निर्णय से पूर्व कोशिश करते हैं कि घरेलू मामला का अंत सुखद हो और संबंध/विवाह विच्छेद ना हो। अगर आप स्वयं चाहेंगे तो मामला कोर्ट में नहीं उलझेगा। पुलिस अधीक्षक आर0 रामकुमार ने कहा कि डालसा की ओर से यह प्रयास सराहनीय है। जब लोगों को कानून की जानकारी होगी तो वे आसानी से कानून संबंधी लाभ ले सकेंगे। आप जानकारी लें और लोगों के बीच भी इस जानकारी को प्रचारित करें। आज क्राइम करने का तरीका बहुत ही एडवांस है इसलिए आप अपडेट रहें। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि आप सभी इस लीगल कैम्प का फायदा उठाएं। डालसा की ओर से समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम डालसा कार्यालय, लोहरदगा में 29 मई से 14 जून 2023 तक आयोजित किया जाएगा। आप की जो भी समस्या है जो मध्यस्थता के जरिये सुलझाई जा सकती है, आप इस पखवाड़ा के दौरान डालसा कार्यालय पहुंचें और लाभ लें। आज के शिविर में अलग-अलग विभागों की ओर से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसमें सदर प्रखंड की ओर से 05 लाभुकों के बीच मनरेगा जॉब कार्ड, 05 लाभुकों के बीच बिरसा संवर्धन कूप और बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम बागवानी,कृषि विभाग की ओर से 05 लाभुकों के बीच 20-20 किग्रा मूंगफली बीज,05 लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना,भूमि संरक्षण विभाग की ओर से 04 लाभुकों के बीच पम्पसेट, पशुपालन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत मेडिकल किट, बैंक ऑफ इंडिया की ओर से मुद्रा ऋ ण अंतर्गत जेएसएलपीएस की 34 सखी दीदियों के बीच 26.50 लाख रुपये का ऋ ण और क्रेडिट लिंकेज अंतर्गत जेएसएलपीएस की 21 सखी मंडल के बीच 52.50 लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज किया गया। आज के जिला स्तरीय कार्यक्रम में डालसा सचिव, संबंधित विभागों के पदाधिकारी व लाभुक उपस्थित थे।

वज्रपात से एक महिला की हुई मौत

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): कैरो थाना क्षेत्र में अचानक आये आंधी तूफान बारिस एंव वज्रपात से गुड़ी फुदकीटोली निवासी तेम्बा उराँव उर्फ विजय उराँव की 32 वर्षीय पत्नि सुमंती उराँव का निधन हो गया। जानकारी के अनुसार सुमंती उराँव घर के बगल में रखे पुआल गांज से पुआल लाने गई थी वह पुआल खींचना सुरु हि की थी कि अचानक हुए वज्रपात ने सुमंति को अपने चपेट में ले लिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सुमंती उरांव अपने पीछे एक बेटा जिसका उम्र 12 वर्ष और एक बेटी का उम्र 15 वर्ष को छोड़ गई। घटना की सूचना मिलने पर कैरो थाना पुलिस एसआई ऋषि कांत शर्मा ने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचकर आवश्यक कार्यवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमास्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड परिसर स्थित सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर का शुभारंभ सब जज अर्चना कुमारी, वकील लाल धर्मेन्द्र नाथ शाहदेव, भूपेन्द्र देव, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ विजय कुमार ने दीप प्रवजल्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर सब जज अर्चना कुमारी ने मौजूद सैकडों ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता ग्रामीण को न्याय प्रणाली पर भरोसा करना चाहिए न्यायालय में गरीब अमीर सभी के लिये न्याय बरार है। बस सभी को कानून की जानकारी रखनी चाहिये जिसे रूढ़िवादी, अंधविशास, डायन कुप्रथा, बाल विवाह कुप्रथा, नशा जैसे बुराईयों से बचाव हो सकती है। समाज में रूढ़िवादी और अंधविश्वास फैलाने वाले लोगो के खिलाफ कानूनन सजा का प्रवधान है। प्रखंड क्षेत्र के लोग किसी के बहकावे में न आयें सभी लोग आपसी भाईचारा के साथ मिलजुल कर रहने का प्रयास करें और इंसानियत व मानवता के नाते दुःख,तकलीफ,परेशानी में एक दूसरे का सहयोग करें कोई भी व्यक्ति कानून को हाथ मे कभी न लें सभी को कानून से जुड़े रहने की जरूरत है। विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम सेसमय समय पर जेल में बन्द व्यक्तियों को निशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही कहा कि परिवारिक लड़ाई झगड़ा या उत्पीड़न न करें। और बच्चो को उचित शिक्षा दें जिसे नशापान, डायन कुप्रथा, बाल विवाह जैसा कुरीति दूर होगा। गाँव में या किसी भी जगह में किसी को डायन कह कर प्रताड़ित करना अपराध है। जिसे अर्थदण्ड के साथ जेल की सजा हो सकती है।

25 लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण

बीडीओ ने कहा आजीविका संवर्धन के लिए बतख पालन सबसे बेहतर

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : प्रखण्ड मुख्यालय में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित बतख चूजा वितरण योजना के अंतर्गत कुल 25 लाभुकों के बीच प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बरला की उपस्थिति में प्रति लाभुक 15 - 15 बत्तख चूजा का वितरण किया गया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि क्षेत्र में बत्तख की काफी ज्यादा मांग होती है एवं सेहत के लिए बत्तख एवं उसके अंडे दोनों काफी लाभदायक होता है ऐसे में बत्तख पालन कर लाभुक अच्छी आय प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। वहीं पशुपालन पदाधिकारी डॉ जोनसन भेंगरा ने बत्तख पालन की आवश्यक जानकारी एवं सावधानियों से लाभुकों को अवगत कराया साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो, लम्बोई मुखिया शिशिर डांग, जानकी देवी सहित अन्य कर्मचारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति थी।

ट्रांसफार्मर बदलना या मरम्मती कराना हमारी सरकार ने आसान कर दिया है, जागरूक और सजग हो कर इसका लाभ लें : बिक्सल कोंगाड़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : कुछ बिजली समस्या से ग्रस्त बिजली उपभोक्ताओं के शिकायत मिल रहा है कि कुछ दलाल किस्म के लोग ट्रांफरमर मरम्मत करा कर दिलाने के नाम पर बिजली से ग्रस्त उपभोक्ताओं के गांव के लोगो से कुछ रुपया वसूलने का काम कर रहे है आज विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने खुद ट्रांफरमर मरम्मती केन्द्र जा कर लोगो को सावधान एव सजग रहने की बात कही और लोगो को बताया कि हमरी सरकार ने अब सिमड़ेगा में ही ञ्रऋ्ह्व केंद्र में 25 केवी 63 केवी 100 केवी या 200 केवी का ट्रांसफार्मर तीन चार दिन में ही मरम्मत हो जा रहा है अतः खराब ट्रांसफार्मर को गांव वाले मिस्त्री के सहयोग से खोलवाएं और उसे ट्रांसफार्मर मरममति केन्द्र ञ्रऋ्ह्व में जमा करे और रिसीविंग लेते जाए और जब नया ट्रांसफार्मर लग जायेगा तो उसे गांव स्तर के नेताओ जैसे वार्ड मेंबर, पंचायत समिति, मुखिया, पार्टी के पंचायत अध्यक्ष से फीता काट कर उदघाटन कराए।

आदित्य साहू ने मुख्यमंत्री के नाम तीन सूत्री मांग को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के निर्देशानुसार राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन लोहरदगा के युवा जिलाध्यक्ष आदित्य साहू के द्वारा मुख्यमंत्री जी के नाम लोहरदगा उपायुक्त को एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि झारखंड के तेली समाज सहित सम्पूर्ण पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की उपेक्षा केंद्र और राज्य सरकारें करतीं आ रहीं है। विगत दिनों राज्य सरकार द्वारा आरक्षण रोस्टर प्रकाशित की गई थी,जिसमे पिछड़ा जाति और अति पिछड़ा जाति को सात जिला में शून्य एवं शेष जिला में न्यूनतम कर दी गई है। इस कृत से झारखण्ड के सभी पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज उपेक्षित एवं मर्माहत है। जबकि पहले से ही एक गहरी साजिश के तहत कृमिलेयर के माध्यम से पिछड़ा और अति पिछड़ा जाति के आरक्षण को छीन लेने का प्रयास किया गया है। इतना ही नहीं जब सदियों से समाज में जात आधारित व्यवस्था बनी हुई है तो फिर जात आधारित जनगणना क्यों नहीं। माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी से मांग की गई जिसमें मुख्य रुप से पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिश के आधार पर हम पिछड़ा और अति पिछड़ा जाति को अविलम्ब आरक्षण दिया जाए।

सात पडहा उमरी में पडहा का वर्षगांठ पर जन जागरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : कुडू प्रखंड के उमरी गांव राजी पडहा लोहरदगा बेल विजय उरांव के नेतृत्व में पडहा का वर्षगांठ एवम स्वशशन जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार सह आदिवासी समाजसेवी बरखा लकड़ा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलीप निनावा, अध्यक्ष भारतीय आदिवासी अधिकार मंच गुजरात उपस्थित हुवे। मुख्य रूप से पडहा व्यवस्था को मजबूत करने एवं आदिवासी क्षेत्र में 5 वीं अनुसूची के माध्यम से आदिवासी के अधिकारों को लागू करने पर चर्चा हुई। बरखा लकडा ने कहा कि आज आदिवासी है तो जल, जंगल और जमीन है हमें अपनी भाषा संस्कृति को बचाने की आवश्यकता है?। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत ने कहा की आज समाज को शिक्षित होने की आवश्यकता है क्योंकि हम पढ़ेंगे नहीं तब तक संविधान में मिले अपने अधिकारों को जानेंगे नहीं।

न्यायालय से जारी अजमानत वारंट पर दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : कंप्लेन केश के आलोक में न्यायालय द्वारा जारी अजमानत वारंट के आधार पर दो आरोपी को सेन्हा पुलिस सेरेंगहातू एवं कैरो से गिरफ्तार कर भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू एवं कैरो से दो वारंटी को गिरफ्तार कर सेन्हा थाना पुलिस मेडिकल जाँच के उपरांत भेजा जेल। स0आ0नि0 जमशेद खान ने जानकारी देते हुए कहा कि कंप्लेन केस के आलोक में न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में सेरेंगहातू निवासी स्वर्गीय बादो मिंया के 55 वर्षीय पुत्र सलीम अंसारी तथा स्वर्गीय नूर मोहम्मद के 60 वर्षीय पुत्र बिगन अंसारी को सेन्हा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर शनिवार को दोनो आरोपीयों को जेल भेजा गया। साथ ही बताया गया कि बिगन अंसारी फरार चल रहा था। जिसकी सूचना कैरो में छिप कर रहने का प्राप्त हुआ था। जिसपर सेन्हा पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए कैरो से गिरफ्तार किया गया। जबकि सलीम अंसारी को सेरेंगहातू से गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि दोनो के विरुद्ध धारा 467, 468, 420 एवं 120 बी के उलंघन के आरोप पर न्यायालय से अजमानत वारंट जारी किया गया था। न्यायालय से वारंट जारी के पश्चात पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद के आदेशनुसार दोनो वारंटी को अलग अलग क्षेत्र से पुलिस गिरफ्तार कर नियम संगत कारवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

मेगा विधिक सशक्तिकरण में एक लाख से ज्यादा लाभुकों को मिला 08 करोड़ रुपए के परिसंपत्ति का लाभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा एवं जिला प्रशासन के विभिन्न इकाइयों के संयुक्त प्रयत्न से आज दिनांक 27. 05 .2023 को लोहरदगा जिले के सभी सातों प्रखंडों में मेगा विधिक सशक्तिकरण-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लोहरदगा के विभिन्न प्रखंडों में इस निमित्त न्यायिक पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। भंडरा प्रखंड में तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री अरविंद कुमार,कुडू प्रखंड में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री चंदन, सेन्हा प्रखंड में वरीय सिविल न्यायाधीश अर्चना कुमारी,कैरो प्रखंड में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह निबंधक श्री राज कल्याण, एवं किसको प्रखंड में पूजा कुमारी लाल,प्रधान मजिस्ट्रेट जुविनाईल जस्टिस बोर्ड की प्रतिनियुक्ति की गई थी इसके साथ ही एलएडीसी अधिवक्ता मेडियेटर अधिवक्ता का भी सहयोग भी लिया गया था जबकि मेगा विधिक सशक्तिकरण का मुख्य कार्यक्रम टाउन हॉल में आयोजित किया गया। टाउन हॉल में कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डालसा श्री राजेंद्र बहादुर पाल,प्रधान न्यायाधीश,कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष,जिले के आरक्षी अधीक्षक-सह- सदस्य डालसा श्री आर रामकुमार,डालसा सचिव श्री राजेश कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी श्री अरविंद कुमार लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत व कार्यक्रम का संचालन डालसा सचिव श्री राजेश कुमार एवं पीएलवी दिलीप कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डालसा अध्यक्ष ने कहा की सरकार एवं न्यायपालिका का हमेशा से यह प्रयत्न रहा है कि कानूनों एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ देश के प्रत्येक नागरिकों को मिले। इसी उद्देश्य से लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार समय-समय पर विद्यालयों में,हाट बाजार में एवं गांव गांव जाकर ना सिर्फ उनके समस्याओं को सुनती है। अपितु उन्हें जागरूक करते हुए समस्या समाधान करने का प्रयास भी करती है। वहीं डालसा सदस्य सह पुलिस अधीक्षक श्री आर रामकुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों को सीधा लाभ मिलता है। लोग रोजगार उन्मुख होते हैं। जिससे समाज में कानून व्यवस्था अच्छी बनी रहती है।

JHARKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION, RANCHI

EXPRESSION OF INTEREST [EOI]
SELECTION OF INTERESTED VENDOR FOR PRE AND POST EXAMINATION PROCESSING WORK

Jharkhand Public Service Commission invites **"Expression of Interest"** from experienced Bidders /Agencies/ Companies/Firms/Societies /LLP/PSU for Pre and Post Examination Processing Work.

Date of publishing of EOI on JPSC website (www.jpsc.gov.in) and Jharkhand State Tender website (www.jharkhandtenders.gov.in)	**26-05-2023**
Start Date of Downloading EOI Documents	**27-05-2023**
Last date of submitting EOI proposal in the Jharkhand State Tender website	**06-06-2023 at 5:00 PM**
Contact Telephone No. and Email-id	**+919431301419,+919431301636 helpdesk@jpsc.gov.in**

Details of **Scope of Work** and **Pre-qualifications** are available in the EOI document. Expression of Interest received after mentioned due date or time or incomplete format or with conditional offer will not be entertained /accepted. The meeting of Selection Committee will be held only after short listing of the applications. The Selection Committee will decide the eligible firms to be called for the Presentation. **The Date/Time/Venue for the presentation will be intimated later.**

Undersigned has full right to withdraw or cancel or amend part or whole of the EOI.JPSC may at any time, by a written order given to the bidder, make changes to the scope of the contract under consideration. Any type of dispute arising out of this shall be subject to jurisdiction of the court of Ranchi.

PR 298446 Jharkhand Public Service Commission (23-24)_D

Sd/-
Controller of Examination,
Jharkhand Public Service Commission, Ranchi

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमण्डल, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 25.04.2023 को पेयजल एंव स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमण्डल, राँची अन्तर्गत बूटी जलागार, खेलगाँव जलमीनार, जिला स्कूल जलमीनार, लालपुर जलमीनार से किये जा रहे जलापूर्ति का जल नमूना लेकर राज्य स्तरीय जल जाँच प्रयोगशाला(NABL) में जाँच कराया गया। जिसमें जल नमूना पेयजल के मानक के अनुरूप पाया गया हैं। जो निम्नवत् है :–

Khelgaon Sump:- Sample Code :- 230425-SW-A-001

Sl. No.	Test Parameter	Unit	Results	Method	Specification as per BIS - 10500:2012 (Second Revision) Amendment - Acceptable Limit	Permissible Limit (In Absence of Alternate source
1	PH	-	7.01	AOGA 23RD Ed2017-4500-H B(Electrometric method)	6.5-8-5	No relaxation
2	Total Dissolved Solids at 180⁰ C	Mg/L max	156	APHA 23RD Ed.2017-2540C (Total Dissolved Solids Dried at 180⁰ C)	500	2000
3	Turbidity	NTU max	1.3	APHA23rd Ed.2017-2130 B, (Nephelometric method)	1	5
4	Colour	Hazan Unit	5	APHA 23rd Ed.2017-2120 B, (Visual Comparison method)	5	15
5	Taste	-	Agreeable	IS 302(Part-7) Taste threshold	Agreeable	Agreeable

Zila School Sump:- Sample Code :- 230425-SW-A-003

Sl. No.	Test Parameter	Unit	Results	Method	Specification as per BIS - 10500:2012 (Second Revision) Amendment - Acceptable Limit	Permissible Limit (In Absence of Alternate source
1	PH	-	7.02	AOGA 23RD Ed2017-4500-H B(Electrometric method)	6.5-8-5	No relaxation
2	Total Dissolved Solids at 180⁰ C	Mg/L max	176	APHA 23RD Ed.2017-2540C (Total Dissolved Solids Dried at 180⁰ C)	500	2000
3	Turbidity	NTU max	1.3	APHA23rd Ed.2017-2130 B, (Nephelometric method)	1	5
4	Colour	Hazan Unit	5	APHA 23rd Ed.2017-2120 B, (Visual Comparison method)	5	15
5	Taste	-	Agreeable	IS 302(Part-7) Taste threshold	Agreeable	Agreeable

Lalpur Sump :- Sample Code :- 230425-SW-A-005

Sl. No.	Test Parameter	Unit	Results	Method	Specification as per BIS - 10500:2012 (Second Revision) Amendment - Acceptable Limit	Permissible Limit (In Absence of Alternate source
1	PH	-	7.29	AOGA 23RD Ed2017-4500-H B(Electrometric method)	6.5-8-5	No relaxation
2	Total Dissolved Solids at 180⁰ C	Mg/L max	168	APHA 23RD Ed.2017-2540C (Total Dissolved Solids Dried at 180⁰ C)	500	2000
3	Turbidity	NTU max	1.3	APHA23rd Ed.2017-2130 B, (Nephelometric method)	1	5
4	Colour	Hazan Unit	5	APHA 23rd Ed.2017-2120 B, (Visual Comparison method)	5	15
5	Taste	-	Agreeable	IS 302(Part-7) Taste threshold	Agreeable	Agreeable

Booty Water Reservoir :- Sample Code :- 230425-SW-A-008

Sl. No.	Test Parameter	Unit	Results	Method	Specification as per BIS - 10500:2012 (Second Revision) Amendment - Acceptable Limit	Permissible Limit (In Absence of Alternate source
1	PH	-	6.94	AOGA 23RD Ed2017-4500-H B(Electrometric method)	6.5-8-5	No relaxation
2	Total Dissolved Solids at 180⁰ C	Mg/L max	166	APHA 23RD Ed.2017-2540C (Total Dissolved Solids Dried at 180⁰ C)	500	2000
3	Turbidity	NTU max	1.4	APHA23rd Ed.2017-2130 B, (Nephelometric method)	1	5
4	Colour	Hazan Unit	5	APHA 23rd Ed.2017-2120 B, (Visual Comparison method)	5	15
5	Taste	-	Agreeable	IS 302(Part-7) Taste threshold	Agreeable	Agreeable

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची

PR 298488 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

चलते चलते एक नजर

नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथ से होना चाहिए : देवेंद्र प्रसाद

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि नई संसद भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति को आमंत्रित नहीं किए जाना भारत के संविधान के मूल भावनाओं पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद -79 के अनुसार संसद , भारत के राष्ट्रपति और संसद के दोनों सदन लोक सभा और राज्य सभा से मिलकर बनती है। राष्ट्रपति ही सदनों के सत्र को आहूत,स्थगित और समापन करते हैं। संवैधानिक भावना के अनुसार राष्ट्रपति ही भारतीय सदन की जीवंत प्रतीक है। राष्ट्र का प्रथम नागरिक, संवैधानिक प्रधान और संसद का भौतिक प्रतीक है। राष्ट्रपति को नई संसद भवन के उद्घाटन पर आमंत्रित नहीं किया जाना यह संविधान के मूल भावनाओं पर कुठाराघात जैसा प्रतीत हो रहा है। आज 28 मई भारत के लोकतंत्र के लिए काला दिन जैसा है। हम भारत के संविधान को मानने वाले हैं। इसीलिए हम इसका प्रतिकार करते हैं और इस प्रतिकार को अलीजामा बनाने के लिए समान विचारधारा वाले साथियों से अनुरोध है कि रविवार 28 मई 2023 को संसद भवन के उद्घाटन समारोह का प्रतिकार करें।

पलामू के हर घर तक तेजी से पहुंच रहा है जेएमएम : राजेंद्र सिन्हा

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): झामुमो पलामू के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झामुमो पलामू के हुए पिछले एकदिवसीय बैठक में हुसैनाबाद, हरिहरगंज, छतरपुर और मोहम्मदगंज प्रखंड कमिटी को भंग किया गया था। वहां झामुमो की मजबूती के लिए नई प्रखंड और पंचायत कमिटी बनाई जाएगी। झामुमो का सदस्यता अभियान भी चल रहा है। झामुमो हर घर तक पहुंच कर लगातार अपनी मजबूती पलामू में बढ़ा रही है। सभी भंग किए गए प्रखंड कमिटी के प्रभारियों की सूची इस प्रकार है।हुसैनाबाद - केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल सिन्हा, वशिष्ठ सिंह, प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, डॉ. एजाज अहमद और नेहाल असगर।हरिहरगंज - केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, केन्द्रीय समिति सदस्य चंदन सिन्हा, उपाध्यक्ष असफर रब्बानी और सुशील सिंह।छत्तरपुर - केंद्रीय समिति सदस्य चंदन सिन्हा, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, अविनाश देव और ललन चौधरी।मोहमदगंज - सचिव सन्नू सिद्धिकी, उपाध्यक्ष कमाल खान, विवाकानंद सिंह, रानी देवी और छोटू त्रिपाठी। प्रखंड अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया केंद्रीय समिति सदस्य और जिलाध्यक्ष की निगरानी में होंगे। सभी प्रभारी उपरोक्त प्रखंड के नेतागण से संपर्क स्थापित कर दिनांक 27 - 5- 23 से एक महीना के अंदर भंग कमिटी की प्रखंड कमिटी एवं पंचायत कमिटी बना कर जिलाध्यक्ष के पास सौंपेंगे।

बुनकरों की समस्या को संसद में सबसे पहले इमरान प्रतापगढ़ी ने उठाया : अनवार अहमद अंसारी

सांसद इमरान प्रतापगढ़ी इरबा में कल करेंगे बुनकर जोड़ो संवाद की शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बुनकर समाज के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक हालात पर कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष और उर्दू के मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी काफी गंभीर हैं। यह गंभीरता राज्यसभा सदन उस दिन दिखा जब राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने प्रमुखता के साथ इनकी समस्याओं को सदन में उठा रहे थे। संभवतः देश में बुनकर समाज की आवाज पहली बार इमरान प्रतापगढ़ी ने राज्यसभा के सदन में उठाया है। इस आवाज को जन जन तक पहुंचाने के लिए बुनकर जोड़ों संवाद कार्यक्रम का आगाज किया जा रहा है। यह संवाद देश के विभिन्न हिस्सों में होगी। इसकी शुरुआत 29 मई को रांची के ऐतिहासिक बुनकर समाज के द छोटा नागपुर हैंडलूम वीकर्स को आपरेटिव लि. की नींव रखनेवाले शख्सियत संयुक्त बिहार में रेशम और पर्यटन विभाग में कांग्रेस के मंत्री रहे दिवंगत मंत्री अब्दुर्रज्जाक अंसारी के जन्मस्थली इरबा से उनके वंशज अनवार अंसारी के नेतृत्व में होने जा रहा है। आयोजनकर्ता अनवार अंसारी स्वयं झारखंड द हैंडलूम छोटा नागपुर एंड खादी वीकर्स को ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड ईरबा रांची के अध्यक्ष सह झारखंड कांग्रेस प्रदेश के अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष हैं।

पहली बार हो रहा बुनकर संवाद

अनवार अहमद अंसारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार है, जब बुनकर समाज के आर्थिक, सामाजिक और उनके हालात पर राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने सांसद पर आवाज उठाया हो, जबकि पहले भी कई मुसलमान सांसद, राज्यसभा सदस्य बने। लेकिन बुनकर समाज को लेकर किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। इसलिए मेरा दायित्व बनता है कि मैं इमरान प्रतापगढ़ी के साथ रहें और उनके साथ चले।

वर्तमान सरकार में बुनकरों के हालात खराब

अनवार ने बताया कि बुनकर समाज के हालात आज से नहीं बल्कि जब से केंद्र में मोदी की सरकार बनी है, तब से खराब है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी, मनमोहन सिंह तक की कांग्रेस की सरकार थी। तो बुनकर समाज के हैंडलूम में 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती थी। जो योजनाएं चल रही थी,अनुदान मिल रहा था, वह सब मोदी सरकार बनने के बाद खत्म होते चली गई।

साढ़े तीन साल गुजर गया लेकिन कुछ नहीं मिला

अनवार ने बताया कि मेरी शिकायत केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों से है। केंद्र सरकार रेशम और पर्यटन सहित हैंडलूम पर काम करने वाली छोटी उद्योगों पर ध्यान नहीं दे रही है और ना ही सब्सिडी दे रही है। वहीं झारखंड सरकार की बात है तो झारखंड सरकार में वर्तमान में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राज्य के महागठबंधन की सरकार हैं और इस सरकार बनाने के लिए मुसलमानों ने अपना सौ प्रतिशत वोट दिया।लेकिन इन साढ़े तीन सालों में न तो हमारे बुनकर समाज को और न ही मुस्लिम अल्पसंख्यकों के प्रति कोई सकारात्मक कोई परिणाम दिख रहा है।अब समय भी नहीं है, 2024 में चुनाव है।

बुनकरों द्वारा बनाए जा रहे समान को सरकारी विभागों में खरीदा जाए

बुनकर समाज द्वारा बनाए जा रहे बेड सीट, चादर, तावल, साड़ी, गमछा आदि इसे स्वास्थ के क्षेत्र सहित अन्य सरकारी विभागों में खरीदा जाए, इसकी व्यवस्था कराई जाए, ताकि सरकार के राजस्व में बचत हो और बुनकर समाज के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर में कुछ सुधार हो सके। निगम बोर्ड में जगह दिया जाए, तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हाजी हुसैन की सरकार में रिक्त पड़े 4401उर्दू शिक्षकों में करीब 637 उर्दू शिक्षकों की बाहली हुई थी। शेष पर अब तक कुछ नहीं हुआ। मदरसा बोर्ड गठन नहीं हुआ है,भव्य हज हाउस तो है, लेकिन शक्ति विहिन है, हमेशा हज यात्रियों को समस्याएं उठानी पड़ती है। इस बार भी यही हाल है। मॉब लिंचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कानून बनाए, मॉब लिंचिंग के शिकार हुए मुस्लिम परिवारों को न नौकरी मिली न इंसाफ, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, छात्रवृत्ति योजना इन सभी पर मुस्लिम अल्पसंख्यकों के लिए न सिर्फ ध्यान देने की जरूरत है बल्कि उन तक पहुंचाने के लिए उचित कदम उठाने की जरूरत है।

बुनकरों को सारी सुविधाएं दी जाए

प्राथमिक सहकारी कर्मियों को अनुदान दिया जाए, बुनकर समाज को शिक्षा से जोड़ने का पहल किया जाए, बुनकरों का जो स्कीम 2012 तक चल रहा था उसे फिर से शुरू की जाए, 50 हजार से ढाई लाख रुपए तक अनुदान मिलता था उसे शुरु किया जाए।

दो साल में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था होगा भारत : वैष्णव

प्रभात मंत्र संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी, संचार एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार की सही नीतियों और उठाए गए ठोस कदमों की वजह से भारत आने वाले दो साल में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है।अश्विनी वैष्णव ने मोदी सरकार के नौ साल पूर्ण होने पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद 2014 से देश में तेजी से सामाजिक और आर्थिक बदलाव आया है। भारत को विश्व स्तर पर एक आकर्षक स्थान के रूप में देखा जा रहा है। दुनिया भारत में अपना भरोसा जता रही है।वैष्णव ने कहा कि 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद भारत 10वें से 5वें स्थान पर आ गया है। दो साल के भीतर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। छह साल के भीतर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2047 तक भारत एक विकसित देश बन जाएगा।

इंदौर में बनेगा देश का दूसरा सबसे बड़ा रिंग रोड

एजेंसी

इंदौर। देश की व्यावसायिक राजधानी और तेजी से महानगर की ओर बढ़ते इंदौर में ट्रैफिक की समस्या दूर करने के लिए अब देश का दूसरा सबसे बड़ा रिंग रोड तैयार किया जाएगा. करीब 6000 करोड़ की लागत से नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा तैयार किया जाने वाला यह रिंग रोड 5 नेशनल हाईवे को भी जोड़ेगा.

फिलहाल इसे तैयार करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय के बाद प्रोजेक्ट को मंजूर कराने की तैयारी हो गई है.

दरअसल, इंदौर की ग्रोथ रेट अन्य शहरों की तुलना में 40 सीसी ज्यादा है. यहां बाईपास पर एक क्षेत्र में ही रिंग रोड है जबकि अन्य तीन हिस्सों में रिंग रोड नहीं है. यही वजह है कि शहर की आंतरिक और बाहरी सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या लगातार बनी हुई है. ऐसी स्थिति में यदि शहर के आउटर हिस्से में रिंग रोड तैयार किया जाता है तो इससे शहर की ओर आने वाले वाहनों का सड़कों पर ओवरलोड कम हो सकेगा. इसके अलावा शहर के चारों ओर जाने के लिए भीड़भाड़ भरे रास्तों के अलावा लोग रिंग रोड से ही गुजर सकेंगे.

इंदौर सांसद शंकर लालवानी के मुताबिक, इंदौर के मध्य क्षेत्र से 16 किलोमीटर, 18 किलोमीटर और 22 से 24 किलोमीटर की परिधि में तैयार कराए गए तीन प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे जा रहे हैं. जो दिल्ली में बोर्ड की तीन बैठकों के बाद तय होंगे.

क्योंकि भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी इस प्रोजेक्ट को सैद्धांतिक स्वीकृति पहले दे चुके हैं. इसलिए राज्य शासन के स्तर पर यह प्रोजेक्ट दिल्ली भेजा जाएगा. जिसमें राज्य शासन के हिस्से की निर्धारित राशि केंद्र को भेजे जाने के बाद करीब 6000 करोड़ का यह प्रोजेक्ट आगामी 1 महीने में स्वीकृत हो सकता है, इसे लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं.

हैदराबाद में है देश का सबसे बड़ा रिंग रोड

देश का सबसे बड़ा रिंग रोड हैदराबाद में स्थित हैं. जिसकी लंबाई करीब 156 किमी है. हैदराबाद में यह रिंग रोड 2012 में एनएचएआई ने बनाया है. हैदराबाद में 8 लेन रिंग रोड एक्सप्रेसवे है.

लगभग 124 किमी ओआरआर का बड़ा हिस्सा हाई-टेक सिटी, नानकरामगुडा फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, इंटरनेशनल एयरपोर्ट, आईकेपी नॉलेज पार्क, हार्डवेयर पार्क, तेलंगाना राज्य पुलिस अकादमी, सिंगापुर फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट और गेम विलेज जैसे शहरी क्षेत्रों को कवर करता है.

लाइफ केयर हॉस्पिटल के निदेशक व खुशी क्लास के संस्थापक ने खुशी रथ को किया रवाना

खुशी रथ का संदेश : तनाव से रहें दूर और जीवन जिएं भरपूर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : लाइफ केयर हॉस्पिटल के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खुशी क्लास के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. रजनीश कुमार, रामजी प्रसाद, खुशी क्लास के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान सहित उपस्थित गणमान्य लोगों ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। यह रथ झारखंड के सभी जिलों में घूम-घूम कर खुशियों का संदेश देगा। इसके साथ ही गांव घर में खुशी क्लास का आयोजन होगा। इसके तहत तनाव, हाइपरटेंशन व आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने का प्रयास होगा। रथ रवानगी के पूर्व आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संजय कुमार सिंह ने की। धन्यवाद ज्ञापन विजय मेवाड़ के द्वारा किया गया। मोके पर वक्ताओं ने कहा कि ईश्वर का अनमोल उपहार हंसी - खुशी है । प्रकृति प्रदत्त इस अमूल्य जीवन में दिल खोलकर हंसने और खुश रहने से हर चेहरा को निखरता है, वहीं दूसरी ओर यह जीवन में उत्पन्न तनाव की अचूक दवा है। आज भौतिकवादी युग और भाग दौड़ की जिंदगी में तनाव मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। हर इंसान भौतिक संपदा, सुख - समृद्धि के लिए अपनी क्षमता का अधिक से अधिक उपयोग कर रहा है। फलस्वरूप मन मस्तिष्क, मांसपेशियों और त्वचा में दबाव पैदा करता है। इस प्रकार के अनावश्यक दबाव और तनाव से थकान व अवसाद का जन्म होता है,जो धीरे - धीरे जटिल बीमारियों का रूप धारण कर लेते हैं। समय की पुकार - तनाव से रहें दूर और जीवन जिएं भरपूर जैसे अवधारणा को साकार करने के लिए एक रचनात्मक गतिविधियों की आगाज खुशी क्लास और खुशी रथ मिशन को झारखंड में गति देने की योजना है। इस खुशी मिशन अभियान के निमित्त राज्य के कोने - कोने गाँव - शहर, स्कूल-कॉलेजों में आयोजित खुशी चौपाल के माध्यम से लोगों को तनाव से दूर कर सकते हैं। साथ ही एक हंसता - मुस्कराता खुशी जीवन जीने का संदेश दिया जाएगा।

रिलीव टेंसन, सेलिब्रेट हैप्पीनेस जैसे अवधारणा को सार्थक करना खुशी रथ का मुख्य प्रयोजन है। बढ़ती आत्महत्या की प्रवृति में एक प्रतिशत भी कमी ला पाएं तो यह अभियान सफल मानी जाएगी। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ रजनीश कुमार, रामजी प्रशाद, डॉ रजनीश बरियार, डॉ प्रियंका चंचल सहित बिरसा का गांडीव के संपादक अमरकांत, पत्रकार मनोज सिंह, राजकुमार राजू, सरोजकांत झा, उत्तम सिन्हा, राकेश सिंह, नीरज कुमार, संजय गुप्ता, बिनय सिंह, धनज्जय पुटुस, सरोज सिंह, नीरज सिन्हा, प्रशांत पांडे, गुडिया पांडे, विशाल दिनकर, संजय तिवारी, तनीषा सिंह, रूबी सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने सम्बोधित किया।

ट्रैफिक पुलिस के जवान ने सड़क पर गिरे 20 हजार रुपये को थाने में जमा कराया

रांची : राजधानी रांची के ट्रैफिक पुलिस के जवान ने ईमानदारी की मिसाल पेश कर पुलिस का मान बढ़ाया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को हरमू रोड स्थित शनि मंदिर के पास ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात मकबूल अली को सड़क पर 20 हजार रुपये गिरे मिले। उन्होंने इसकी सूचना ट्रेट्रा (वायरलेस एसएसपी) को दी। इसके बाद 20 हजार रुपये को सुखदेवनगर थाने में जमा कर दिया। सभी नोट दो-दो हजार रुपये के थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पर्याप्त साक्ष्य के बाद रुपये जिसके भी होंगे उन्हें दे दिया जायेगा।

सांसद वीडी राम की अनुशंसा पर पलामू में होगा तीन सड़कों का निर्माण

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर: पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में विभिन्न सड़कों के निर्माण हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय,भारत सरकार को सांसद वीडी राम ने अनुशंसा किया था। उक्त अनुशंसा के आलोक में पलामू जिला के दो महत्वपूर्ण सड़क एवं एक आरओबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने स्वीकृति प्रदान किया था तथा दिनांक 23 मार्च 2023 को रांची में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा शिलान्यास किया गया था।

1. भजनिया से मोहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार रोड़) वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अधौरी एवं रानीदेवा तक (लागत 62 करोड़ रुपए) 17.372 किलोमीटर।

2. कुट्टी मोड़ (चैनपुर) से हुटार वाया रामगढ़ ब्लॉक के हेड क्वार्टर तक (लागत 81 करोड़ रुपए) 24.103 किलोमीटर।

3. सेतु बंधन योजना के तहत सिंगरा-चेड़ाबार कोयल नदी पर बने पुल को सिंगरा एन0एच0 75 से जोड़ने हेतु रेलवे लाइन पर 83.54 करोड़ रूपए की लागत से आरओबी का निर्माण।

उपरोक्त परियोजनाओं का निविदा प्रकाशित हो चुकी है और बहुत जल्द निविदा का निस्तारण कर कार्य को प्रारंभ किया जाएगा।

उक्त सड़कों एवं आरओबी के निर्माण से चैनपुर-रामगढ एवं हुसैनाबाद अनुमंडल के लोगों का आवगमन सुगम होगी तथा सिंगरा-चेड़ाबार कोयल नदी पर बने पुल को सिंगरा एनएच-75 से जोड़ने हेतु उक्त आरओबी के निर्माण होने से जनता को आवागमन में सुविधा होगी और मेदिनीनगर में लगने वाली जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी।

इसके लिए पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नितिन गडकरी के प्रति सांसद ने आभार प्रकट किया है।

विपक्षी दलों को करना चाहिए पुनर्विचार: बाबा रामदेव



एजेंसी

नई दिल्ली: नए संसद भवन का उद्घाटन रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस उद्घाटन समारोह का कई विपक्षी दलों ने बहिष्कार करने का फैसला किया है। नए संसद भवन के उद्घाटन पर शनिवार को योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भवन का उद्घाटन करेंगे जो कि ऐतिहासिक पल होगा।

उन्होंने कहा कि जो लोग कल यानि रविवार को संसद का घेराव करने वाले हैं, उन्हें इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्हें विश्वास है कि हमारे पहलवान इस बात को समझेंगे और कल संसद की ओर नहीं बढेंगे।

बाबा रामदेव ने कहा कि जिन विपक्षी दलों ने उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने का फैसला लिया है उन्हें भी अपने फैसले पर विचार करना चाहिए।दरअसल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत देश के 21 विपक्षी दलों ने संसद के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने का फैसला किया है। विपक्षी दलों का कहना है कि इस समारोह का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए और उन्हें ही इस समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया है। वहीं दूसरी तरफ पिछले एक महीने से भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली में धरने पर बैठीं पहलवानों ने भी रविवार को संसद का घेराव करने की घोषणा की है।